मूल्य : 2 रुपए | पृष्ठ : 12 | वर्ष : 28 | अंक : 78

जयपुर

मिशन पत्रकारिता का प्रहरी

# महानगर टाइम्स

facebook YouTube twitter

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।

www.mahanagartimes.com

जयपुर, शुक्रवार, 7 फरवरी, 2025

जयपुर, कोटा, दौसा, अलवर, उदयपुर एवं जोधपुर से एक साथ प्रकाशित



12

## महाकुंभ जा रहे 8 दोस्तों की भीषण सड़क हादसे में मौत

### टायर फटने से बेकाबू बस ने कार को मारी टक्कर, 6 लोग घायल

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर के दूदू में जयपुर-अजमेर हाईवे स्थित मौखमपुरा में गुरुवार अपराह्न करीब 3:45 बजे टायर फटने से बेकाबू हुई रोडवेज बस ने कार को टक्कर मार दी। इस भीषण सड़क हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 6 लोग घायल हो गए। एसपी आनंद कुमार शर्मा के अनुसार जोधपुर डिपो की रोडवेज बस जयपुर से अजमेर जा रही थी। ईको कार अजमेर से जयपुर की ओर आ रही थी। इसी दौरान अचानक बस का टायर फट गया। इससे बस बेकाबू हो गई। बस डिवाइडर कूदकर दूसरी तरफ से आ रही कार से टकरा गई। हादसे में ईको कार बुरी तरह पिचक गई। उसमें बैठे सभी आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। कार सवार भीलवाड़ा जिले के कोटड़ी इलाके निवासी ये सभी लोग महाकुंभ जा रहे थे।

### सुबह घर से निकले थे, 3 दिन बाद लौटने वाले थे

**बड़लियास** गांव के पूर्व सरपंच प्रकाश रैगर के अनुसार सभी युवक दोस्त थे। गुरुवार सुबह 10:30 बजे बड़लियास (भीलवाड़ा) से निकले थे। सभी तीन दिन बाद गांव लौटने वाले थे। बबलू मेवाड़ा मांडलगढ़ रेलवे दूरसंचार विभाग में पोस्टेड था। उसके तीन बेटियां हैं। शुक्रवार दोपहर तक सभी के शव गांव पहुंचेंगे।

### ये हुए हादसे के शिकार

**हादसे** में मृतकों की पहचान दिनेश कुमार पुत्र मदनलाल रैगर, सुरेश रैगर पुत्र मदनलाल रैगर, बबलू मेवाड़ा पुत्र मदनलाल मेवाड़ा, किशनलाल पुत्र जानकीलाल, रविकांत पुत्र मदनलाल, मुकेश उर्फ बाबू रैगर पुत्र मदनलाल, नारायण लाल बैरवा निवासी बड़लियास (भीलवाड़ा) और प्रमोद सुथार पुत्र मूलचंद निवासी मुकुंदपुरिया (भीलवाड़ा) के रूप में हुई।



रविकांत दिनेश मुकेश सुरेश


नारायणलाल किशनलाल प्रमोद

### मुख्यमंत्री सहित मंत्री-विधायकों ने जताया शोक

## उद्योग मंत्री राठौड़ को पितृशोक







महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश के उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ के पिता कर्नल लक्ष्मण सिंह राठौड़ का 84 वर्ष की आयु में गुरुवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को पांच्यावाला, जयपुर में किया जाएगा।

कर्नल लक्ष्मण सिंह कुछ समय से अस्वस्थ थे और गुरुवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। वे लंबे समय तक भारतीय सेना में रहे और देश की रक्षा में अपना जीवन समर्पित किया। उनके निधन पर कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि उनकी शिक्षा, आदर्श, मार्गदर्शन और आशीर्वाद सदैव मुझे कर्तव्यपथ पर राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने भारतीय सेना में अपने दीर्घकालिक सेवा काल में अनुकरणीय योगदान दिया और देश की रक्षा व सेवा में अपना जीवन समर्पित किया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उद्योग मंत्री राठौड़ के निजी आवास पर पहुंचकर उनके पिता कर्नल लक्ष्मण सिंह राठौड़ की पार्थिव देह पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। शर्मा ने कर्नल लक्ष्मण सिंह राठौड़ के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी। इस दौरान उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, वन राज्य मंत्री संजय शर्मा, सैनिक कल्याण राज्य मंत्री विजय सिंह, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उपमुख्यमंत्री दीयाकुमारी ने भी गहरा दुख व्यक्त किया है। सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने कर्नल लक्ष्मण सिंह राठौड़ के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया और उनके निवास पर उनके अंतिम दर्शन किए और शोक संतप्त परिवारजनों को सांत्वना दी।

### आज होगी अंत्येष्टि

**कर्नल** लक्ष्मण सिंह राठौड़ की पार्थिव देह राम विहार, पांच्यावाला, जयपुर में शुक्रवार सुबह 11 बजे से अंतिम दर्शनों के लिए रखी जाएगी। उनकी अंतिम यात्रा दोपहर 12:30 बजे जनक विहार, वॉर्ड नं. 48 के लिए आरंभ होगी।

### राज्यसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब

## कांग्रेस के मॉडल में फैमिली फर्स्ट रहा सर्वोपरि : मोदी

**पीएम ने कहा- सबका विकास-सबका साथ पर इनसे अपेक्षा करना सबसे बड़ी गलती हो जाएगी**

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब दिया। उनकी 92 मिनट की स्पीच सरकार के सबका साथ-सबका विकास पर फोकस रही। इसके जरिए कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने विस्तार से चर्चा की है, देश को आगे की दिशा भी दिखाई है। राष्ट्रपति का अभिभाषण प्रेरक भी था, प्रभावी भी था और हम सबके लिए भविष्य के काम पर मार्गदर्शक भी था। इसे जिसने जैसा समझा, वैसे समझाया।

पीएम मोदी ने कहा कि देश दूसरी बार तीसरी बार हमें सेवा करने का मौका देता है। इसका कारण है कि देश की जनता ने हमारे विकास के मॉडल को समझा है और समर्थन दिया है। 70 से भी ज्यादा सांसदों ने अपने विचारों से इस प्रस्ताव को समृद्ध किया है। पक्ष-प्रतिपक्ष से चर्चा हुई। हर किसी ने अपने अपने तरीके से अभिभाषण को समझाया। यहां पर सबका साथ सबका विकास इस पर बहुत कुछ कहा गया। मैं समझ नहीं पाता हूं कि इसमें कठिनाई क्या है। सबका साथ सबका विकास हम सबका दायित्व है। इसीलिए देश ने हम सबको यहां बैठने का अवसर दिया है।



### 'कांग्रेस का मूलमंत्र दूसरे की लकीर छोटी करना'

**मोदी** ने कहा कि हमारी तरह ही कांग्रेस की राजनीति में भी मूलमंत्र रहा है। हमारा मूलमंत्र 'सबका साथ सबका विकास' है। वहीं कांग्रेस का मूलमंत्र 'दूसरे की लकीर छोटी करना है।' हमारी गवर्नेंस का आधार सबका साथ सबका विकास है। हम इसे जीते हैं। बीते दशक में हमने हर स्तर पर सबका साथ सबका विकास की योजना को जमीन पर उतारा है। जहां तक कांग्रेस का सवाल है, उनसे सबका साथ सबका विकास की उम्मीद करना गलती हो जाएगी। यह उनकी सोच और समझ के बाहर है।

### प्रधानमंत्री के भाषण की बड़ी बातें

**परिवारवाद :** पीएम ने कहा कि इतना बड़ा दल एक परिवार के लिए समर्पित हो गया है। कांग्रेस के मॉडल में फैमिली फर्स्ट सर्वोपरि रहा है। देश की जनता ने हमें तीसरी बार लगातार सेवा का मौका दिया। ये बताता है कि देश की जनता ने हमारे विकास के मॉडल को परखा है, समझा है और समर्थन दिया है। हमारा मॉडल- नेशन फर्स्ट है। इसी भावना के साथ हम देश की नीतियों पर काम करते हैं।

**इमरजेंसी :** मोदी ने कहा कि देश ने इमरजेंसी का दौर भी देखा है। संविधान को किस प्रकार से कुचला गया। संविधान की स्प्रिट को रौंदा गया। ये सब सत्ता सुख के लिए किया गया। इमरजेंसी में प्रसिद्ध कलाकार देवानंद जी से कहा गया कि वे इमरजेंसी का समर्थन करें। देवानंद ने मना कर दिया था। इसलिए दूरदर्शन पर देवानंद जी की फिल्में बैन कर दी गईं। किशोर कुमार जी ने कांग्रेस के लिए गाना गाने से मना कर दिया था। इस पर कांग्रेस ने आकाशवाणी पर किशोर के गाने प्रतिबंधित कर दिए। जो लोकतंत्र की बातें करते हैं। आपातकाल में देश की कई बड़ी हस्तियों को जंजीरों से बांध दिया। इनके मुंह में संविधान शब्द शोभा नहीं देता।

**बाबा साहेब अंबेडकर :** पीएम ने कहा कि इतिहास की ओर थोड़ी नजर डालें तो बाबा साहेब अंबेडकर के साथ कांग्रेस को कितनी नफरत रही थी, उनके प्रति कितना गुस्सा था, इसके सारे दस्तावेज मौजूद हैं। इस गुस्से को बाबा साहेब को दो-दो बार चुनाव में पराजित करने के लिए क्या-क्या नहीं किया गया। इस देश के लोगों ने बाबा साहेब की भावना का आदर किया। तब आज मजबूरन कांग्रेस को जय भीम बोलना पड़ रहा है, उनका मुंह सूख जाता है।

**मेक इन इंडिया :** पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के पंजे से मुक्त होकर आज देश चैन की सांस ले रहा है और ऊंची उड़ान भर रहा है। कांग्रेस के लाइसेंस राज और कुनीतियों से बाहर निकलकर हम 'मेक इन इंडिया' को महत्व दे रहे हैं। आज भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल बनाने वाला देश बन गया है। हमारा देश दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा स्टील उत्पादक देश है। खादी और ग्राम उद्योग का टर्नओवर डेढ़ लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो गया है।

भावपूर्ण श्रद्धांजलि

पाकिस्तान के खिलाफ अपूर्व शौर्य प्रदर्शन करने वाले
भारत माता के वीर सपूत
हमारे आदर्श, अभिभावक, प्रेरणास्रोत



कर्नल श्री लक्ष्मण सिंह राठौड़

के चरणों में सादर श्रद्धासुमन

राष्ट्र को समर्पित आपका जीवन हमारे लिए पथ प्रदर्शक है।

श्रद्धावनत

गोपाल शर्मा

विधायक-सिविल लाइंस

समस्त सिविल लाइंस विधानसभा एवं महानगर टाइम्स परिवार

### राजस्थान सूर्य नमस्कार में फिर बना सिरमौर



**जयपुर (मसं.)।** राजस्थान ने सूर्य नमस्कार में एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाया है। 3 फरवरी को राज्यस्तरीय कार्यक्रम में हुए सूर्य नमस्कार में 1.53 करोड़ से अधिक लोगों ने सूर्य नमस्कार कर पूर्व के 1.33 करोड़ प्रतिभागियों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। गुरुवार को विधानसभा परिसर में वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के प्रतिनिधि प्रथम भल्ला ने इस उपलब्धि का प्रोविजनल प्रमाण पत्र शिक्षामंत्री मदन दिलावर को सौंपा।

### कोटा ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट से 2027 में उड़ान भरेंगे विमान



**कोटा (मसं.)।** शहरवासियों का एयरपोर्ट का लंबा इंतजार खत्म होने वाला है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट निर्माण को लेकर टेंडर जारी कर दिए हैं। केंद्रीय उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात कर एयरपोर्ट को लेकर चल रही प्रक्रियाओं की जानकारी दी। इस दौरान बिरला के ओएसडी राजीव दत्ता व एयरपोर्ट अथॉरिटी के शरद कुमार भी मौजूद रहे। नायडू ने बताया कि 3 माह में टेंडर संबंधी प्रक्रियाएं पूरी कर निर्माण शुरू हो जाएगा। दिसंबर 2027 तक निर्माण पूरा कर विमान सेवा शुरू हो कर दी जाएगी। इसका पूरे हाड़ौती और पश्चिमी राजस्थान के कई जिलों को लाभ मिलेगा।

### वैल में आए विपक्ष के सदस्य, स्थगित करनी पड़ी कार्यवाही

## जिले खत्म करने पर विपक्ष का हंगामा, सरकार ने कहा- यह हमारा अधिकार



विधानसभा संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश में बनाए गए नए जिलों को निरस्त किए जाने के मुद्दे पर गुरुवार को शून्यकाल के दौरान विधानसभा में हंगामा हुआ। हालांकि सरकार ने साफ कर दिया कि प्रदेश के जिलों, क्षेत्रों, डिवीजन आदि के निर्माण, समाप्ति अथवा परिवर्तन करने की शक्ति राज्य सरकार के पास है। सरकार प्रदेश में नए जिले, उपखंड, तहसील, उप तहसील और गांवों का गठन, पुनर्गठन कर सकती है। जिले निरस्त करने के मामले में बुधवार को स्पीकर वासुदेव देवनानी ने गुरुवार को चर्चा कराने की व्यवस्था दी थी। इसी के तहत कांग्रेस विधायक सुरेश मोदी और रामकेश मीणा ने यह मामला उठाया। सरकार की ओर से संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल का जवाब भी आ गया, लेकिन विपक्ष जवाब से संतुष्ट नहीं हुआ। पटेल के जवाब पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सवाल उठाए। कांग्रेस विधायकों ने वैल में आकर हंगामा कर दिया। स्थिति यह भी बनी कि कांग्रेस विधायक इंदिरा मीणा सत्ता पक्ष की ओर बढ़ती दिखीं। हंगामा बढ़ता देख विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने कार्यवाही दो बजे तक स्थगित कर दी। दो बजे कार्यवाही फिर शुरू होने के बाद नेता प्रतिपक्ष जूली ने स्पीकर से जिलों के मामले में सरकार से तथ्यों के साथ जवाब दिलाने की मांग की। स्पीकर के मना करने पर कांग्रेस विधायकों ने सदन से वॉकआउट कर दिया। बाद में सदन की कार्यवाही सुचारु ढंग से चली।

### विपक्ष के विधायकों ने यह कहा

सुरेश मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार ने नीमकाथाना की जनता से अन्याय किया है। जिले निरस्त करने का फैसला राजनीतिक रूप से किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि ललित पंवार कमेटी ने सभी जिलों का दौरा किया, पर नीमकाथाना का दौरा नहीं किया। वे पूर्वाग्रह से ग्रसित थे। वहीं रामकेश मीणा ने कहा कि जिलों को निरस्त करने को लेकर मापदंडों को अनदेखा किया गया। कमेटी को पहले ही मालूम था कि जिलों को खत्म करना है। जनता के साथ कुठाराघात किया गया। समय आने पर जनता जवाब देगी। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि हमारे दोनों विधायकों ने तथ्यों के साथ बात रखी। सरकार ने एक भी रिकॉर्ड नहीं बताया कि किस जिले को किस आधार पर रखा और किस जिले को क्यों खत्म किया?

### हमने मापदंड के अनुसार काम कर जिले किए निरस्त : पटेल

संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 के सेक्शन 15 और 16 के अनुसार जिले बनाने या समाप्त करने का सरकार को पूर्ण अधिकार है। कांग्रेस सरकार में राजनीतिक लाभ के लिए जिले बनाए गए थे। हमने मापदंड के अनुसार काम कर उन्हें निरस्त किया है। नए जिले बनाकर जनता पर आर्थिक बोझ डाला गया, इसीलिए जनता ने कांग्रेस के शासन को नकार दिया। उन्होने कहा कि जाते-जाते जादूगर ने ऐसा चुनावी खेल खेला कि सब उल्टा पड़ गया। इससे पूर्व कांग्रेस ने कभी जिले नहीं बनाए। केवल एक जिला बनाया, जबकि सारे नए जिले भाजपा राज में बने थे। हम एक तहसील-हॉस्पिटल खोलते हैं तो भी पूरी व्यवस्था देखते हैं। एक जिले पर हजार करोड़ रुपए खर्च होते हैं। इसकी व्यवस्था नहीं की गई। हमारी सरकार ने निष्पक्षता से तथ्यों को ध्यान में रख पुनर्गठन किया है। उन्होंने कहा कि पूर्व में बनी परमेश चंद्र कमेटी के आधार पर व इसके अनुरूप ही वर्तमान कमेटी का निर्धारण किया गया है। वर्तमान में जिलों को समाप्त करने का निर्णय गहन अध्ययन के बाद किया है। इसमें भौगोलिक स्थिति, जनसंख्या, प्रशासनिक व्यवस्था, पिछड़ापन तथा बुनियादी सुविधाओं जैसे आधारभूत मापदंडों के आधार पर ही नवीन जिलों में से 9 जिलों को समाप्त किया है।

# जयपुर एयरपोर्ट पर पोर्च एरिया में नहीं रहेगी भीड़, नए प्रवेश और निकास द्वार शुरू

**सुविधाओं में विस्तार : यात्रियों की आवाजाही अब नए चार लेन मार्ग से होगी, वाहनों की पार्किंग क्षमता भी बढ़ाई**





महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर यात्री सुविधाओं में बढ़ोत्तरी करते हुए अब आवाजाही के लिए नए प्रवेश और निकास द्वारों को खोला गया है। इसके साथ ही टर्मिनल-2 पर यात्रियों और वाहनों की सुचारु आवाजाही के लिए पर चार लेन की सड़क का भी उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में सरकार और एयरपोर्ट के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

जानकारी के अनुसार जयपुर एयरपोर्ट पर यात्री और वाहन नए प्रवेश द्वार से आएंगे और नई बनी सड़क का उपयोग करते हुए सीधे निकास द्वार से बाहर निकल जाएंगे। इस नए परिवर्तन से पोर्च एरिया में भीड़भाड़ में कमी आएगी और एयरपोर्ट से आने-जाने वाले यातायात के प्रवाह को सुचारु बनाने में मदद मिलेगी। वाहनों की अधिक संख्या को संभालने के लिए नई डिजाइन की सड़क मुख्य रूप से यात्रियों की जरूरतों को पूरा करेगी। इसके साथ ही यहां 475 चौपहिया और 600 दोपहिया वाहनों को समायोजित करने के लिए अतिरिक्त पार्किंग बनाई गई है।

### वीआईपी आवागमन के लिए आरक्षित

एयरपोर्ट पोर्च एरिया में मौजूदा तीन लेन को विशेष रूप से वीआईपी आवागमन के लिए आरक्षित किया गया है। प्रबंधन के अनुसार अब यह समर्पित लेन आवंटन वीआईपी यात्रियों के लिए सहज व त्वरित यात्रा अनुभव प्रदान करेगा और उनकी सुरक्षा व्यस्था को सुदृढ़ करेगा। प्रवेश बिंदु के पास लगभग 20 वीआईपी वाहनों के लिए एक अलग पार्किंग क्षेत्र बनाया गया है। अधिकारियों का कहना है कि एयरपोर्ट पर विकास कार्यों से हवाई अड्डा संचालन की समग्र दक्षता पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। यात्रियों को यात्रा के समय में कमी और सड़क के किनारे भीड़भाड़ कम होने का लाभ मिलेगा, जबकि वीआईपी यात्रियों को समर्पित लेन की सुविधा प्राप्त होगी।

**सहूलियत : राजस्थान रोडवेज ने 362 रूट पर 365 ग्रामीण बसें चलाने के निकाले टेंडर**

# अब गांव-ढाणियों में फर्राटा भरेगी 'मोटर'

- **दूरदराज के गांव-ढाणी में लोगों को मिलेगी सार्वजनिक परिवहन की सुविधा**

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश के कई गांव-ढाणियों में अब ग्रामीणों के लिए मोटर 'बस' की सुविधा शुरू होने वाली है। इसके बाद ग्रामीण इलाकों में लोगों को लंबी दूरी तय कर मुख्य बस स्टैंड तक नहीं आना पड़ेगा। रोडवेज ने दूरदराज के गांव-ढाणी तक ग्रामीण बस सेवा की ओर कदम बढ़ा दिया है।

रोडवेज ने प्रदेश के गांवों-ढाणियों तक बस सेवा संचालित करने के लिए निविदा निकाल दी है। बजट घोषणा के तहत इन बसों को रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल पर चलाया जाएगा। इसके तहत ग्रामीण परिवहन सेवा में चलने वाली बसें निजी बस संचालकों की होंगी। इन बसों को रोडवेज बस स्टैंड से ही संचालित किया जाएगा, ताकि इन पर रोडवेज प्रबंधन का नियंत्रण रखा जा सके। बताया जा रहा है कि बस में डीजल से लेकर चालक-परिचालक निजी कंपनियों के होंगे। बसें ग्राम पंचायतों को ब्लॉक और जिला मुख्यालयों से जोड़ेंगी। महिलाओं और बुजुर्गों को रोडवेज बस की तरह ही किराए में छूट मिलेगी। इसके पेटे रोडवेज की ओर से निजी संचालक को रियायती यात्रा टिकटों की वास्तविक राशि या 90 प्रतिशत यात्रीभार पर होने वाले राजस्व का 15 प्रतिशत (जो भी कम हो) का भुगतान करेगा। बसों का किराया 1.50 रुपए प्रति किमी की दर से लिया जा सकेगा। ये सभी बसें 22 सीटर पुशबैक वाली होंगी। जानकारी के अनुसार 21 फरवरी से 3 मार्च तक निजी बस संचालक बिड प्रक्रिया में हिस्सा ले सकते हैं।




### ये भी रहेगा खास

रोडवेज प्रशासन की ओर से नई बस होने की अनिवार्यता की शर्त नहीं रखी है। हालांकि संबंधित बस 5-6 साल से अधिक पुरानी नहीं होनी चाहिए। रोडवेज बसों की तरह ही इन बसों का भी उड़नदस्ते निरीक्षण कर सकेंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में चलने वाली ये बसें एक तरफ से 125 किमी दूरी तय करेंगी। प्रत्येक रूट पर परमिट औसतन 250 किमी दूरी का दिया जाएगा। यहां सबसे खास बात यह है कि रोडवेज द्वारा जो रूट निर्धारित किए गए हैं, उन पर निजी बस संचालक का एकाधिकार होगा। इस संबंध में परिवहन विभाग को पत्र भी लिखा गया है। इसमें कहा गया है कि इन सभी रूटों पर किसी अन्य निजी बस संचालकों को परमिट नहीं दिए जाएं। इसका फायदा यह होगा कि संबंधित रूट पर अनुबंधित बस संचालक का एकाधिकार रहने से बसों में यात्रियों की संख्या अच्छी रहने की उम्मीद रहती है।

### दो हजार से ज्यादा पंचायतें जुड़ेंगी

प्रदेश के 362 रूटों पर चलने वाली इन बसों की संख्या 365 रहेगी। सभी रूटों पर 1-1 बस चलाई जाएगी। केवल दो रूट चित्तौड़गढ़-गंगरार-भीलवाड़ा और चित्तौड़गढ़-भोपालसागर पर दो-दो बसें चलेंगी। इन बसों के जरिये दो हजार से ज्यादा ग्राम पंचायतों को सार्वजनिक परिवहन के साधन से जोड़ा जा सकेगा। कुल मिलाकर ये कहा जा सकता है कि ग्रामीण बस सेवा चलने से लोगों को एक जगह से दूसरी जगह आवागमन में आसानी रहेगी और कई नई राहें सफर के लिए मिलेंगी।

### जयपुर के आसपास इन गांवों से सीधे होगी कनेक्टिविटी

**शाहपुरा आगार**

- विराटनगर से शाहपुरा वाया पालड़ी मार्ग पर बिदारा, शाहपुरा, निठारा, लेटकाबास, कांट, देवन, बड़ोदिया, आमलोदा, पालड़ी, भामोद, नवरंगपुरा, मैड़, तेवड़ी और बिलवाड़ी।
- शाहपुरा से धानोता मार्ग पर बिदारा, खोरी, बिशनगढ़, राडावास, धानोता।
- शाहपुरा से खेजरोली वाया अजीतगढ़ मार्ग पर चिमनपुरा, नाथावाला, साईवाड़, देवीपुरा, अमरसर, हनुतपुरा, करीरी, बिलान्दरपुर।
- शाहपुरा से चौमूं वाया गोनाकासर मार्ग पर बिदारा, घासीपुरा, मनोहरपुर, नवलपुरा, नयाबास, धवली, म्हार खुर्द, सामोद।

**विद्याधर नगर आगार**

- जयपुर-मुंडिया वाया चौमूं मार्ग पर बीलपुर, बिहारीपुरा, अनोप्पुरा, खपरिया मंडिया।
- जयपुर-रेनवाल वाया चौमूं मार्ग पर कालाडेरा, कानरपुरा, मंडा-भिंडा डूंगरी मुंडियागढ़।
- जयपुर-रेनवाल वाया नांगल मार्ग पर महेशवास कलां, नांगल बिचपड़ी, पुनाना, करणसर हरसौली।
- जयपुर-जाटावाली मार्ग पर राजावास, नांगल पुरोहितान, चेतावाला, खोराश्यामदास, चौंप, बिलौंची, जाटावाली।
- जयपुर-चीथवाड़ी मार्ग पर रामपुरा डाबडी, भूरथल, रिसानी, मौरीजा, चीथवाड़ी।
- जयपुर-दादिया मार्ग पर खौरा चतरपुरा, आसोजाई, जालसू दादिया।

**वैशाली आगार**

- सांगानेर-राताखेड़ा- किशनपुरा मार्ग पर मुहाना, कलवाड़ा, अजयराजपुरा, उटी, जयसिंहपुरा खुर्द, झाग।
- जयपुर- लक्ष्मीनारायणपुरा- चकवाड़ा-फागीमार्ग पर महापुरा, कलवाड़ा, अजयराजपुरा, अनोपुरा, रोटवाड़ा, मंडोर, चकवाड़ा-फागी।
- सांगानेर-गाडोता-रसीली मार्ग पर नासरोदा, मौजमाबाद मीरापुरा, गाडोता मौजमाबाद रेटा, रसीली।
- सांगानेर-कादेड़ा-तामड़िया मार्ग पर बीलवा, चाकसू, थली, करेड़ा, कादेड़ा, तामड़िया।
- सांगानेर-लदाना-टूमली का बास मार्ग पर बीलवा-चाकसू जयसिंहपुरा, बड़ली, खेड़ा, लदाना, टूमली का बास।

**टोंक आगार**

- बीसलपुर-देवली-नगरफोर्ट-टोंक मार्ग पर बीसलपुर, राजमहल, देवली, सिरोही, संथली, बंथली, सरोली मोड़, दूनी, चांदसिंहपुरा, ज्योतीपुरा, चंदवार, सतवाड़ा, बल्लुंदा, बालागढ़, नगरफोर्ट-फूलेता, ककोड़।
- उनियारा-बिंजारी-टोंक मार्ग पर भीमगंज, मोहम्मदगढ़, खटोला, रानीपुरा, विजयगढ़, बिंजारी, उम, सोनवा।
- देशमा-मालपुरा-टोरड़ी-हमीरपुर-टोंक मार्ग पर देशमा, सदरपुरा, मालपुरा, अंबापुरा, टोरड़ी, भवलपुर, तीलांजू, अलीयारी, हमीरपुर, कुहाराखुर्द, इंदोकिया, चूली।
- पचेवर-डिग्गी-कठमाना-टोंक मार्ग पर पचेवर, मलीकपुर, कुरथल, डिग्गी, जयसिंहपुरा, सोडा, बंबोरी, अजमेरी, अरनिया कांकड़, कठमाना, बनवाड़ा, पीपलू, ढूंडिया, गलोद।
- टोडारायसिंह-गनेता-टोंक मार्ग पर बंसेरा, गनेता, जैकमाबाद, बरवास, चूली।
- निवाई-शिवाड़-टोंक मार्ग पर चिरोंज, देवली, भांची, मंडवार, ईसरदा, शिवाड़, महापुरा, बहड़, जामडोली।
- टोंक-बनेठा-उनियारा-सौप मार्ग पर बंबोर, बनेठा, सूतड़ा, ढिकांलिया, उनियारा, खातोली, झुंडवा, देओली और माहुवा।

# महापौर कुसुम यादव ने देखी सफाई व्यवस्था, अधिकारियों को दिए निर्देश

**नवजीवन कॉम्प्लेक्स पर गंदगी पाए जाने पर एसआई को किया एपीओ**



**जयपुर (मसं)।** स्वच्छता सर्वेक्षण-2024 को लेकर हेरिटेज निगम प्रशासन लगातार फील्ड निरीक्षण कर रहा है। गुरुवार को हेरिटेज निगम महापौर कुसुम यादव ने निगम के विभिन्न क्षेत्रों में औचक निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान सिंधी कैंप, पोलो विक्ट्री क्षेत्र में सड़क पर गंदगी देख नाराज हुईं। महापौर के निर्देश पर वार्ड 63 के एसआई राजेश आनौरिया को एपीओ कर दिया गया। साथ ही सड़क पर अस्थाई अतिक्रमण करने वाले थड़ी-ठेले वालों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान महापौर ने बताया कि सिंधी कैंप पर सड़क पर अस्थाई अतिक्रमण की वजह से जाम रहता है। ऐसे में मौके पर ही दुकानदारों को फुटपाथ पर अतिक्रमण नहीं करने के लिए समझाइश भी की, साथ ही सड़क पर बेतरतीब ढंग से खड़े थड़ी-ठेलो को हटवाने के सतर्कता शाखा को निर्देश दिए। इस दौरान सड़क पर गंदगी करने और कचरा फैलाने वालों के खिलाफ चालान बनाने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा नाहरगढ़ रोड, बाबा हरिश्चंद्र मार्ग, किशनपोल बाजार, शोखियों के रास्ते, झालानियों के रास्ते में व्यापारियों से दुकानों के बाहर डस्टबिन रखने और गंदगी नहीं करने के लिए समझाइश की। महापौर ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण-2024 जल्द शुरू होने वाला है। जयपुर को सफाई में नंबर वन बनाने के लिए आमजन को भी निगम के साथ सहयोग करना चाहिए।

# परिवहन विभाग में सब हड़ताल पर हैं...!

**आज देंगे धरना : धौलपुर में परिवहन निरीक्षकों को अवैध पुलिस हिरासत में रखने का मामला**

- **अधिकारी और मंत्रालयिक कर्मचारियों सहित निजी बस संचालकों का आंदोलन को समर्थन**

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** परिहवन विभाग में लाइसेंस और वाहन संबंधी कार्य करवाने के लिए आने वाले लोगों की मुसीबतें अब बढ़ने वाली हैं। इसका कारण है कि धौलपुर में परिवहन निरीक्षकों को अवैध रूप से पुलिस हिरासत में रखने और दुर्व्यवहार के विरोध में अब परिवहन निरीक्षक सहित अधिकारी भी समर्थन में आ गए हैं। शुक्रवार को संघ की ओर से शहीद स्मारक पर धरना दिया जाएगा।

दरअसल धौलपुर में परिवहन निरीक्षकों को अवैध रूप से पुलिस हिरासत में रखने को लेकर राजस्थान परिवहन निरीक्षक संघ की ओर से लगातार विरोध जताया जा रहा है। परिवहन निरीक्षकों के कार्य बहिष्कार और सामूहिक अवकाश के बाद विभाग के मंत्रालयिक कर्मचारी संघ ने भी आंदोलन को समर्थन दिया है। वहीं राजस्थान परिवहन सेवा परिषद ने शुक्रवार से पेन डाउन हड़ताल की घोषणा की है। संघ के महासचिव ज्ञानदेव विश्वकर्मा ने इसकी जानकारी दी। उधर राजस्थान परिवहन निरीक्षक संघ की ओर से 7 फरवरी को शहीद स्मारक पर एक दिवसीय धरना दिया जाएगा। धरने में परिवहन विभाग में कार्यरत सुरक्षा गार्ड और वाहन चालक भी शामिल होंगे।



### ये हैं संघ की मुख्य मांगें

संघ की प्रमुख मांगों में धौलपुर एसपी के खिलाफ तत्काल उचित कानूनी कार्रवाई करना शामिल है। इसके साथ ही भविष्य में परिवहन निरीक्षकों के साथ इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने की भी सरकार से मांग है। संघ की ओर से उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा को भी ज्ञापन देकर मामले से अवगत कराया गया है।



**हड़ताल का यह पड़ रहा असर**

परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग राजस्थान का वार्षिक राजस्व लक्ष्य करीब 8 हजार करोड़ है, जिसमें पिछले वर्ष की उपलब्धि 7 हजार करोड़ रही। परिवहन विभाग में पेन डाउन हड़ताल और परिवहन निरीक्षकों के सामूहिक अवकाश के कारण आम जनता से जुड़े कई कार्य प्रभावित रहेंगे। इनमें मुख्य रूप से चालान एवं प्रवर्तन शुल्क संबंधी कार्य, वाहन पंजीकरण शुल्क एकत्रीकरण, ड्राइविंग लाइसेंस जारी करना, लाइसेंस नवीनीकरण संबंधी कार्य, ट्रायल, नए वाहनों का फिटनेस टेस्ट व परमिट फीस, रोड टैक्स का संकलन संबंधी कई कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इसका सीधा असर विभाग के राजस्व संकलन पर भी पड़ेगा। पिछले तीन दिन से वाहनों की ट्रायल नहीं होने से ट्रायल ट्रैक भी सूने रहे।

### इनका कहना है...

राजस्थान परिवहन सेवा परिषद द्वारा विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन भेजकर नियमानुसार कार्यवाही की मांग की गई है। परिवहन निरीक्षकों के कार्य बहिष्कार को परिषद ने भी समर्थन दिया है। आंदोलन को समर्थन देते हुए शुक्रवार से पेन डाउन हड़ताल की घोषणा की है।

**सतीश चौधरी,** अध्यक्ष, राजस्थान परिवहन सेवा परिषद

राजस्थान परिवहन विभाग के समस्त मंत्रालयिक कर्मचारियों द्वारा पुलिस अधीक्षक के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही नहीं किए जाने तक पेन डाउन हड़ताल का निर्णय लिया गया है। इस दौरान समस्त प्रकार के राजकार्य का बहिष्कार किया जाएगा। परिवहन निरीक्षकों को वर्दी में ड्यूटी के दौरान अवैध रूप से हिरासत में लिया जाना निंदनीय है।

**राजसिंह चौधरी,** संरक्षक, राजस्थान परिवहन विभागीय समिति

पुलिस अधीक्षक द्वारा बिना किसी अभियोग के निरीक्षकों को पुलिस थाने में बिना प्रकरण दर्ज कराए हिरासत में रखना नियम विरुद्ध था। हम इसकी निंदा करते हुए परिवहन निरीक्षक संघ का समर्थन करते हैं।

**कैलाश चंद्र शर्मा,** उपाध्यक्ष, बस ऑपरेटर सोसाइटी राजस्थान

राजस्थान परिवहन निरीक्षक संघ यह स्पष्ट कर देना चाहता है कि कानून की धज्जियां उड़ाने वाले अधिकारियों के खिलाफ यह संघर्ष अंतिम निर्णायक संघर्ष होगा। यदि दोषी अधिकारियों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो यह आंदोलन जारी रहेगा। संघ मामले में सरकार से ठोस निर्णय की अपेक्षा रखता है।

**राजेश कुमार चौधरी,** अध्यक्ष, राजस्थान परिवहन निरीक्षक संघ

# एसएमएस हॉस्पिटल में डॉक्टरों ने निकाली महिला के पेट से 15 किलो की गांठ




महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सवाई मानसिंह अस्पताल में विगत 9 जनवरी को एक महिला के पेट का ऑपरेशन कर 15 किलो की गांठ निकाली गई। महिला को 23 जनवरी को छुट्टी दे दी गई थी।

दो बार उसकी हेल्थ का रिव्यू लेने के बाद डॉक्टर्स की टीम ने गुरुवार को इस केस की जानकारी सार्वजनिक की। जानकारी के अनुसार 4 घंटे चले ऑपरेशन में गांठ को 6-7 टुकड़े कर निकाला गया। गांठ इतनी बड़ी थी कि इससे पेट की आंत और बाईं तरफ की किडनी दोनों दब रहे थे।

ऑपरेशन में इन दोनों को डैमेज किए बिना गांठ निकालना चुनौती था। जिसे सफलतापूर्वक निकाला गया। उत्तर प्रदेश निवासी कलादेवी (51) 6 दिसंबर 2024 को ओपीडी में दिखाने आई थीं। उनका पेट बहुत बड़ा दिख रहा था। इसके बाद उन्हें एसएमएस हॉस्पिटल में एडमिट किया गया था।

# जेडीए दस्ते ने सरकारी भूमि से हटाया अतिक्रमण



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जेडीए ने जोन-6 सीकर रोड लोहा मंडी में पीडब्ल्यूडी को आवंटित करीब 1 बीघा सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया। जोन-12 में बैनाड़ रोड नीलकंठ कॉलोनी में हाईटेंशन लाइन के नीचे किए गए अवैध निर्माण के संबंध में पिछले कई दिनों से शिकायत आ रही थी। जेडीए के पुलिस महानिरीक्षक कैलाश चंद्र विश्नोई ने बताया कि जोन-6 के राजस्व व तकनीकी स्टाफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते ने जेसीबी मशीन की सहायता से सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाया। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के निर्देशन में की गई। उल्लेखनीय है कि जेडीए की ओर से वर्ष 2024 में 817 बीघा व वर्ष 2025 में 307 बीघा यानी कुल 1124 बीघा सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया जा चुका है।

**खेमराज चौधरी कमेटी की प्रति जलाकर किया विरोध प्रदर्शन**

# कर्मचारी हित में जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो करेंगे आंदोलन

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** वेतन विसंगति सहित अन्य मांगों पर गठित खेमराज कमेटी की रिपोर्ट का राज्य कर्मचारी लगातार विरोध कर रहे हैं। कमेटी की रिपोर्ट को छलावा बताकर कर्मचारियों ने गुरुवार को गवर्नमेंट हॉस्टल के सामने रिपोर्ट की प्रति की होली जलाई। पहले यह कार्यक्रम विधानसभा के सामने वित्त भवन पर प्रस्तावित था, जो धारा 144 के कारण गवर्नमेंट प्रेस शिफ्ट किया गया। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) के नेतृत्व में इस तरह के विरोध प्रदर्शन अन्य जिला मुख्यालयों पर भी आयोजित किए गए।

इस मामले में महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ ने आरोप लगाया कि खेमराज चौधरी की अध्यक्षता वाली वेतन विसंगति परीक्षण समिति ने सरकार के इशारे पर कर्मचारियों के साथ धोखा किया है। उन्होंने बताया कि सरकार ने पहले नवंबर, 2017 में डीसी सामंत की अध्यक्षता में समिति बनाई थी, जिसकी रिपोर्ट कभी सार्वजनिक नहीं की गई। फिर अगस्त 2021 में खेमराज चौधरी की अध्यक्षता में नई समिति बनाई, जिसकी रिपोर्ट 23 जनवरी को जारी की गई। कर्मचारी वर्ग का मानना है कि नई रिपोर्ट में ना केवल कर्मचारियों की वाजिब वेतन विसंगतियों की उपेक्षा की गई है, बल्कि भाजपा सरकार की ओर से पहले लिए गए 8, 16, 24 व 32 वर्ष पर एसीपी देने के निर्णय को भी लागू नहीं किया गया है। महासंघ ने 7 और 8 फरवरी को विभागीय संपर्क सभाओं का आयोजन करने की घोषणा की है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मांग की गई है कि बजट-2025 में कर्मचारियों की वेतन विसंगतियों के समाधान के लिए एक उच्चस्तरीय मंत्रिमंडलीय समिति का गठन किया जाए। राठौड़ ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते मांगों का समाधान नहीं किया गया तो प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा। एकीकृत महासंघ के साथ राज्य कर्मचारी संघ एवं अन्य कर्मचारी संगठन भी प्रदर्शन में शामिल हुए।



### आगे की रणनीति

महासंघ की रणनीति के अनुसार अब महासंघ प्रदेश में विभिन्न विभागों में रोजाना संपर्क कर खेमराज कमेटी के बारे में अपने साथियों की राय जानेगा और रोजाना विभागवार आंदोलन के बारे में जागरूक भी करेगा। इसके साथ ही सरकार के रुख के बाद आंदोलन की भूमिका तैयार की जाएगी।

# हेरिटेज निगम की कार्रवाई, खुले में मीट बेचने पर 12 दुकानें सीज



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** हेरिटेज निगम की पशु प्रबंधन शाखा ने खुले में मीट बेचने और बिना लाइसेंस दुकान चलाने पर 12 दुकानों को सीज किया है। हेरिटेज निगम के पशु चिकित्सा अधिकारी योगश शर्मा के अनुसार गुरुवार को मीट की दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इसमें भट्टा बस्ती, नाहरी का नाका, शास्त्री नगर में 12 दुकानों पर लाइसेंस नहीं पाया गया। इन दुकानों पर खुले में मीट बेचा जा रहा था। ऐसे में टीम ने 12 दुकानों को सीज कर करीब 100 किलो मीट नष्ट कराया और 44 हजार रुपए का जुर्माना भी वसूल किया।

### 33 गोवंश पहुंचाए हिंगोनिया गोशाला

पशु प्रबंधन शाखा ने कटेवा नगर स्थित अवैध डेयरी पर बंधी गायों को मुक्त कराकर हिंगोनिया गोशाला में पहुंचाया। उपायुक्त पशु प्रबंधन सीमा शर्मा ने बताया कि कटेवा नगर में अवैध पशु डेयरी की शिकायत मिल रही थी, इस पर निगम टीम ने औचक कार्रवाई कर वहां बंधे 19 गोवंश को छुड़ाया। वहीं किशनपोल बाजार, रामगंज और छोटी चौपड़ पर सड़क पर विचरण कर रहे 14 गोवंश को हिंगोनिया गोपुनर्वास केंद्र पहुंचाया।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।


## विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान विधायकों ने पूछे जनता से सीधे जुड़े सवाल

# एसीबी में 1592 में से 1189 पर कार्रवाई, 403 केस पेंडिंग

विधानसभा संवाददाता

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के पास 403 भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई पेंडिंग हैं जबकि 1189 अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है। विधानसभा में सरकार की ओर से कहा गया कि सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टोलरेंस की नीति पर चल रही है। विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान भाजपा सदस्य कालीचरण सराफ ने एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा पिछले 3 साल में पकड़े गए भ्रष्ट अधिकारी का डेटा सरकार से मांगा था, साथ ही पूछा कि 31 दिसंबर तक कितने केस में एसीबी ने अभियोजन स्वीकृति के लिए सरकार से अनुरोध किया है। मंत्री ने विभागवार कार्रवाई के बारे में बताया।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने पूर्व मंत्री को दिए गए लिखित जवाब को सदन में बताया कि 1 जनवरी 2022 से 31 दिसंबर 2024 तक राजस्थान एंटी करप्शन ब्यूरो ने कुल 1592 भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ अभियोजन की स्वीकृति मांगी है। इनमें से 1189 अधिकारियों के खिलाफ केस चलाने की अनुमति दी जा चुकी है। वहीं, 403 भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की स्वीकृति अब भी लंबित है। सदस्य कालीचरण सर्राफ ने कहा कि विजिलेंस कमिश्नर ने सभी विभागों के एचओडी को पत्र लिखकर अधिकतम 3 महीनों में अभियोजन स्वीकृति देने के आदेश दिए हुए हैं, तो देरी कहां हुई। मंत्री खींवसर ने कहा, कि अभियोजन की स्वीकृति से पहले डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन में समय लगता है। कई बार कोर्ट से भी स्टे आ जाते हैं जबकि कई कर्मचारी कॉन्ट्रेक्ट पर भी होते हैं। कई लोगों की डेथ भी हो जाती है। सीएम और चीफ सेक्रेट्री की रिव्यू भी लगातार चलती है। इन कारणों से देरी संभव है। मंत्री ने बताया कि कुल 1592 में से 403 केस में अप्रूवल हेड ऑफ डिपार्टमेंट से पेंडिंग हैं। क्योंकि जितने भी गजेटेड ऑफिसर होते हैं, उनकी खिलाफ अभियोजन की स्वीकृति कार्मिक विभाग की तरफ से दी जाती है, और नॉन गजेटेड ऑफिसर के केस में अप्रूवल एचओडी की तरफ से दिया जाता है।

### मेडिकल कॉलेजों में बढ़ाई जा रही सीटें : गजेंद्र सिंह

भाजपा सदस्य दीप्ती माहेश्वरी के सवाल पर स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने सदन को बताया कि सरकार की ओर से जैसलमेर और टोंक जिले में 100-100 सीटों वाली एमबीबीएस के नवीन कॉलेज खोले जाने के लिए एनएमसी को आवेदन किया गया है। अनुमति के साथ ही कॉलेज शुरू हो जाएंगे। इसके साथ ही पीजी पाठ्यक्रम में 527 और सीट्स को क्रमशः एनएमसी की अनुमति से बढ़ाया जा रहा है। माहेश्वरी के सवाल पर कि गरीबों के लिए वित्तीय क्या सुविधाएं राज्य सरकार दे रही है। ऐसे में स्वास्थ्य मंत्री खींवसर ने राज्य सरकार और केन्द्र सरकार की ओर से दी जाने वाली छात्रवृत्तियों का विवरण व मानदंड की सूची माहेश्वरी को दी।

### बहरोड़ मिड-वे जल्द शुरू होगा : दीयाकुमारी

बहरोड़ से आने वाले सदस्य जसवंत सिंह यादव ने बहरोड मिड वे को दोबारा शुरू करने का प्रश्न किया। पर्यटन मंत्री दीया कुमारी ने सदन को आश्वस्त किया कि बहरोड़ मिड वे हर दृष्टि से पर्यटकों की सुविधा के लिए अनुकूल है। इस कारण सरकार इस जल्द ही शुरू करने की इच्छा रखती है।



### लंबित कोर्ट केसेज का लोक अदालत में हो रहा निपटारा : राठौड़

**जयपुर।** इस वर्ष राष्ट्रीय लोक अदालतें 8 मार्च, 10 मई, 13 सितंबर और 13 दिसंबर को आयोजित होंगी जिससे लंबित लाखों मामलों में नागरिकों को राहत मिल सकेगी। यह जानकारी केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री राज्यमंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने राज्यसभा सांसद व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के सवाल के लिखित जवाब में दी। मंत्री ने बताया कि देश में लोक अदालतों के माध्यम से न्यायालयों में चल रहे मामलों का निस्तारण किया जा रहा है। इसमें उन मामलों को रखा जा रहा है जो मुकदमेबाजी के पहले चरण में ही निस्तारित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि लोक अदालतें संबंधित न्यायालयों के भेजे मामलों का ही निस्तारण करती है। मदन राठौड़ ने बताया कि मंत्री अर्जुन मेघवाल के अनुसार देश में लोक अदालत के माध्यम से न्यायालयों का बोझ कम किया जा रहा है। इसके चलते गत वर्ष ही देशभर में 10 करोड़ 45 लाख 26 हजार मामले निस्तारित किए गए हैं। वहीं राज्य लोक अदालत में निस्तारित होने वाले मामलों की संख्या 10.88 लाख रही है। राठौड़ ने बताया कि केन्द्रीय कानून मंत्री ने जानकारी दी है कि लोक अदालतों का आयोजन विधिक सेवा संस्थानों द्वारा ऐसे अंतरालों पर किया जाता है, जैसा वे उचित समझते हैं। लोक अदालतें न्यायालयों पर बोझ कम करने के लिए वैकल्पिक विवाद समाधान (एडीआर) तंत्र के प्रभावी तरीकों में से एक हैं, जिन्हें जनता से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है।

# भाजपा सरकार में प्रदेश विकास की राह पर : जीनगर

विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण प्रस्ताव पर बहस



**जयपुर।** विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर बहस के दौरान सत्तापक्ष की ओर से भाजपा विधायक अर्जुन लाल जीनगर कहा कि पिछली सरकार ने जहां प्रदेश को गर्त में ला दिया था उसे भजनलाल सरकार ने उबार कर विकास की राह पर ला दिया है। पहले सड़क पर डामर कम गड्ढे ज्यादा मिलते थे। अब चारों ओर सड़कों जाल बिछ रहा है। भजनलाल सरकार की कार्य की पारदर्शिता इतनी है कि एक मंत्री पर भ्रष्टाचार पर एक पैसे का इल्जाम नहीं हैं।

**पूर्व सरकार में सीएम पद की लड़ाई से प्रदेश की हालत खराब हुई :** सत्ता पक्ष की ओर से हवामहल से विधायक बालमुकुंदचार्य ने कहा कि विपक्ष के पास सरकार के खिलाफ बोलने को कुछ भी नहीं हैं। वो तो केवल मम्मी, बेटा, दीदी और जीजाजी की मेहमाननवाजी में लगा हुआ है। पिछली सरकार के समय प्रदेश के इनकी पार्टी के नेता परेशान रहते थे कि किस की ओर जाए। जब आपदाएं आई तब सरकार तो होटलों में थी। संविधान को लेकर जनता को भ्रमित किया गया जबकी असलियत में तो इन्होंने ही बाबा साहेब को आगे बढ़ने से रोका था। जबकि हमारी सरकार ने बाबा साहेब से संबंधित स्थलों को पंचतीर्थ बनाया। भजनलाल सरकार प्रदेश को उन्नति की राह पर ला रही है।

### भाजपा को सींचने वाले ही आज खिलाफ हैं : भाकर

राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान कांग्रेस विधायक मुकेश भाकर ने कहा कि प्रदेश में भाजपा को सींचने वाले लोगों में किोड़ी लाल मीणा, वसुंधरा राजे, देवी सिंह भाटी जैसे लोग हैं। मगर, ये ही खिलाफ क्यों हैं। इसका जवाब तो दीजिए। उन्होंने कहा कि जब सरकार बनी तब पेपर लीक, ईआरसीपी को लेकर कई वादे किए गए। इन्होंने कहा हम पेपर लीक में मगरमच्छ पकड़कर युवाओं को न्याय देंगे। जो लोग मगरमच्छ पकड़ने की बात कर रहे थे, उन्होंने छोटी मछलियां पकड़ी, वो भी जाल से बाहर निकल गईं। उन्होंने कहा कि शेखावाटी और नागौर में जातिगत आधार पर ट्रांसफर कर प्रताड़ित किया जा रहा है। इस पर सदन में हंगामा हो गया। जिसके कारण से सत्ता पक्ष ने कड़ा ऐतराज जताया। मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि जातिगत आधार पर लोगों को बांटने की कांग्रेस की फितरत रही है। इस पर जमकर नोक-झोंक हुई।

### विकास के नाम पर संसाधनों का विनाश न हो : भाटी

शिव विधायक रविन्द्र भाटी ने बजट भाषण में कहा कि जब राइजिंग राजस्थान का आयोजन हुआ तो कहा गया कि इससे सरहदी इलाका चमन हो जाएगा जैसा की रिफाइनरी के समय बोला गया था। लेकिन वहां की जनता को कुछ भी नहीं मिला। इस बार सरहदी इलाकों में सौर ऊर्जा के प्लांट लगाए जा रहे हैं। उसके लिए ओरण गौचर और जोहड़ को खत्म किया जा रहा है। ऐसा नहीं होना जाहिए। जहां एक ओर पीएम मोदी अभियान चलाते हैं कि एक पेड मां के नाम और प्रदेश में हजारों पेड़ विकास के नाम पर काटे जा रहे हैं। लंपी में यही एक आसरा था पशुधन के लिए।

## सदन में जवाब पढ़े जाने को लेकर फिर बनी अजीब स्थिति

**जयपुर।** प्रश्नकाल के दौरान मंत्रियों द्वारा लिखित जवाब पढ़ा जाए या नहीं इसे लेकर गुरुवार को भी सदन में अजीब स्थिति बनती दिखी। इसे लेकर सरकार के मंत्री सुमित गोदारा स्पीकर वासुदेव देवनानी से बहस में उलझते नजर आए। स्पीकर ने दो दिन पहले यह व्यवस्था दी थी कि सदन में पूछे जाने वाले लिखित प्रश्नों के उत्तर पढ़े हुए माने जाएंगे और विधायक सीधे पूरक प्रश्न पूछेंगे, लेकिन बुधवार को संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने इस व्यवस्था पर आपत्ति की और गुरुवार को कैबिनेट मंत्री सुमित गोदारा भी व्यवस्था पर आपत्ति करते हुए यह कहते सुनाई दिए कि ऐसे तो सब लिखा हुआ ही है फिर पढ़ने की क्या जरूरत है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने गोदारा को बीच में टोकते हुए कहा कि आप स्पीकर की व्यवस्था पर सवाल नहीं उठा सकते। इस पर गोदारा तैश में आ गए और बोले कि क्या हम सदन का हिस्सा नहीं हैं, क्या हमको भी बोलने का अधिकार नहीं है। इसके बाद सत्ता पक्ष और प्रतिपक्ष दोनों तरफ से हंगामा होने लगा।

### स्पीकर ने दी यह व्यवस्था

वहीं स्पीकर ने व्यवस्था देते हुए कहा कि प्रश्नकाल में विधायकों के प्रश्न और राज्य सरकार से प्राप्त जवाब जब सदन के पटल पर आने के बाद उन्हें सभी के संज्ञान में आना माना जाता है। ऐसी स्थिति में प्रश्नों और उनके जवाबों को पढ़ने की आवश्यकता नहीं है। देवनानी ने कहा कि विधायक उस प्रश्न से संबंधित पूरक प्रश्न पूछ सकते हैं, जिस पर संबंधित मंत्री जवाब देंगे। देवनानी ने कहा कि उन्होंने राज्यसभा, लोकसभा सदस्य व सचिवालय और अन्य राज्यों के विधानसभा सचिवालयों से इस संबंध में जानकारी ले ली है। वहां भी पटल पर रखे जाने वाले प्रश्न और उनके जवाबों को बोला नहीं जाता है। देवनानी ने कहा कि विधानसभा में भी अब यहीं व्यवस्था रहेगी। उन्होंने कहा कि इससे सदन के महत्वपूर्ण समय का अधिक सदुपयोग होगा और प्रश्नकाल के निर्धारित समय में अधिक से अधिक प्रश्नों पर चर्चा हो सकेगी।

## आमजन तक योजनाओं को पहुंचाना हमारी प्राथमिकता : भजनलाल शर्मा

### भाजपा विधायक दल की बैठक आयोजित




महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में गुरुवार को विधानसभा में बीजेपी विधायक दल की बैठक आयोजित हुई। बैठक में शर्मा ने कहा कि सदन की स्वस्थ परम्पराओं को कायम रखते हुए सभी सदस्य सदन की कार्यवाही में पूरी तैयारी के साथ भाग लें। उन्होंने कहा कि नए विधायकों को पूरा मौका मिले तथा सीनियर विधायकों के अनुभव का उपयोग भी हो। उन्होंने कहा कि आमजन को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है तथा सदन में इस विजन को मजबूती से रखें। उन्होंने मंत्रिगणों एवं विधायकों को नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए कहा। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा सहित मंत्रिपरिषद् के सदस्य एवं सभी विधायक उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 फरवरी को करेंगे परीक्षा पर चर्चा

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बहुप्रतीक्षित परीक्षा पे चर्चा 2025 (पीपीसी 2025) का आयोजन 10 फरवरी को सुबह 11 बजे होगा।



पीएम मोदी छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों से बातचीत करेंगे और परीक्षा की तैयारी, तनाव प्रबंधन एवं व्यक्तिगत विकास पर मार्गदर्शन देंगे। गौरतलब है कि इस वर्ष प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश से 36 छात्रों का चयन किया गया है, जो राज्य, केंद्र शासित प्रदेश बोर्ड सरकारी स्कूलों, केंद्रीय विद्यालय, सैनिक स्कूल, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, सीबीएसई और नवोदय विद्यालय से हैं। इनमें से कुछ छात्र प्रेरणा स्कूल कार्यक्रम के पूर्व छात्र हैं, कला उत्सव और वीर गाथा के विजेता हैं।

एक नया आयाम जोड़ते हुए पीपीसी 2025 आठ एपिसोड में एक नए रोमांचक प्रारूप में सामने आएगा। प्रधानमंत्री के साथ पहली बातचीत सीधे दूरदर्शन, स्वयं, स्वयंप्रभा, पीएमओ यूट्यूब चैनल, शिक्षा मंत्रालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सोशल मीडिया चैनलों पर प्रसारित की जाएगी, जिससे देशभर के दर्शक इसे देख पाएंगे। 2018 में अपनी स्थापना के बाद से परीक्षा पे चर्चा एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन के रूप में विकसित हुआ है और इस वर्ष के संस्करण ने 5 करोड़ से अधिक भागीदारी के साथ पिछले रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। इस बार विभिन्न क्षेत्रों की प्रसिद्ध हस्तियां भी शामिल होंगी, जो पीपीसी के 7 आगामी एपिसोड में छात्रों को जीवन और सीखने के प्रमुख पहलुओं पर मार्गदर्शन करते हुए अपने अनुभव और ज्ञान साझा करेंगी।

### ये हस्तियां जुड़ेंगी

**खेल और अनुशासनः** खेल जगत से एमसी मैरीकॉम, अवनी लेखरा और सुहास यतिराज। मानसिक स्वास्थ्य : अभिनेत्री दीपिका पादुकोण। पोषण : शोनाली सबरवाल और रुजुता दिवेकर तथा फूड फार्मर के नाम से मशहूर रेवंत हिमात्सिंगका।

**प्रौद्योगिकी एवं वित्तः** टेक गुरु गौरव चौधरी और राधिका गुप्ता। रचनात्मकता और सकारात्मकता : अभिनेता विक्रांत मैसी और अभिनेत्री भूमि पेडनेकर। जाग्रत और मानसिक शांति : सद्गुरु।

**सफलता की कहानियां:** यूपीएससी, आईआईटी-जेईई, सीएलएटी, सीबीएसई, एनडीए, आईसीएसई सहित विभिन्न परीक्षाओं के टॉपर्स।

## एमपी-एमएलए से जुड़े आपराधिक मामलों की जल्द सुनवाई करें ट्रायल कोर्ट : हाईकोर्ट

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने सांसद और विधायकों से जुड़े आपराधिक प्रकरणों की सुनवाई जल्दी पूरी करने को कहा है। अदालत ने संबंधित सत्र न्यायालयों को इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। वहीं अदालत ने राज्य सरकार को कहा है कि वह इन प्रकरणों में जारी समन और वारंट आदि की तामील सुनिश्चित कराए, ताकि प्रकरणों के निस्तारण में देरी ना हो। इसके अलावा अदालत ने सरकारी वकीलों की ओर से इन मामलों में अनावश्यक तारीख नहीं लेने को कहा है।

अदालत ने कहा कि यदि मुकदमे की सुनवाई के लिए किसी तरह की तकनीकी सहयोग की जरुरत हो तो राज्य सरकार उस पर भी विचार करे। सीजे एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस इन्द्रजीत सिंह की विशेष खंडपीठ ने यह आदेश प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट की आदेश की पालना में लिए स्वप्रेरित प्रसंज्ञान पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद को कहा है कि वह वे इन आपराधिक मामलों के जल्दी निस्तारण को लेकर दो माह में अपने सुझाव पेश करें। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट प्रशासन की ओर से रिपोर्ट पेश कर कहा गया कि प्रदेश में एमपी-एमएलए से जुड़े तीन दर्जन से अधिक प्रकरण लंबित हैं। रिपोर्ट में इन मुकदमों से जुड़ी अदालतों और लंबित अवधि की जानकारी भी दी गई।

गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने नवंबर 2023 में एमपी-एमएलए से जुड़े आपराधिक मामलों को लेकर हाईकोर्ट को निर्देश दिए थे। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस को कहा था कि वे इन केसों के संबंध में स्वप्रेरित प्रसंज्ञान लेकर विशेष पीठ के जरिए सुनवाई करें और लंबित प्रकरणों की सुनवाई जल्दी पूरी करने के संबंध में दिशा-निर्देश जारी करें। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट को संबंधित अदालतों से इन प्रकरणों की प्रगति रिपोर्ट भी मांगने को कहा था। वहीं एक वेबसाइट भी बनाने को कहा था, जिसमें यह ब्यौरा हो कि किस जिले में एमपी-एमएलए के खिलाफ कितने केस पेंडिंग हैं और उनकी स्थिति क्या है।

## महाकुंभ में हो रहा 100 कुंडीय द्वादश पुरुषचरनात्मक होमात्मक महायज्ञ



### 451 वैदिक ब्राह्मण दे रहे आहुतियां

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** अखिल भारत वर्षीय धर्म संघ, स्वामी करपात्री फाउंडेशन और वैदिक कायाकल्प संस्थान की ओर से तीर्थराज प्रयागराज में महाकुंभ पर विशेष महायज्ञ किया जा रहा है। वैदिक कायाकल्प संस्थान के सचिव सुमित गुप्ता ने बताया कि महाकुंभ में प्रथम बार 100 कुंडीय द्वादश पुरुषचरनात्मक होमात्मक गायत्री स्मारत महायज्ञ, राजराजेश्वरी महायज्ञ कोटी अर्चन, अष्टादस पुराण पारायण महायज्ञ, चतुर्वेद पारायण महायज्ञ 13 जनवरी से चालू है, जो 12 फरवरी तक चलेगा। इस अवसर पर तीर्थराज प्रयागराज में भगवान कोटेश्वर महादेव के सान्निध्य में 3 करोड़ आहुति का एक मात्र महायज्ञ चल रहा है, जहां पर 451 वैदिक ब्राह्मण वेद माता गायत्री के होमात्मक महायज्ञ द्वारा आहुतियां दे रहे हैं। प्रयागराज से धर्मगुरु ब्रह्मानंद सरस्वती महाराज ने इस कल्पवास में आकर दर्शन करने का आह्वान करते हुए कहा कि मौनी अमावस्या के दिन ज्ञात अज्ञात जनहानि से जान गंवाने वाली आत्माओं की शांति के लिए एक जलांजलि अवश्य दें।

**दिवंगत आत्माओं शांति के लिए लगाएं यज्ञशाला की परिक्रमा:** डॉ. रामविलास दास वेदांती ने आह्वान किया कि यज्ञशाला की एक परिक्रमा उन दिवंगत आत्माओं के नाम से लगाए, जिससे उनकी मोक्ष प्राप्त हो सके, क्योंकि यज्ञ कर्म सनातन धर्म में सबसे बड़ा कर्म है। यज्ञ पीठाधीश्वर डॉ. गुण प्रकाश चैतन्य महाराज ने कहा कि 16 संस्कारों में यज्ञ का बहुत महत्व है।

## प्रदेश में शीतलहर को लेकर अलर्ट, शेखावाटी में गिरेगा पारा, बढ़ेगी सर्दी

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश में बरसात के बाद से जैसे ही मौसम साफ हुआ सर्दी और बढ़ गई है। साथ ही दिन के तापमान में भी अंतर आया है। वहीं, रात के पारे में एकदम से गिरावट देखी गई है। प्रदेश के प्रमुख चालीस शहरों में से केवल चार शहरों का ही न्यूनतम तापमान दो अंकों में था बाकी शहरों का तापमान एक अंक में आ गया। बारिश के बाद चल रही उत्तरी हवाओं से सर्दी बढ़ गई है। सीकर, चित्तौड़गढ़, जयपुर, उदयपुर समेत कई शहरों में रात का न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस के करीब गिर गया हैं। सबसे ज्यादा सर्दी सीकर के पास फतेहपुर शेखावाटी में रही, जहां पारा 2.8 डिग्री दर्ज किया गया। सीकर में 3.8 दर्ज किया गया है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अगले 24 से 48 घंटे के दौरान सर्दी और बढ़ने की संभावना है। यानी पारा जमाव बिंदु की ओर जाएगा। इसके साथ ही सीकर, चूरू, झुंझुनूं और नागौर के एरिया में गुरुवार से लेकर आगामी दो दिनों तक शीतलहर का भी येलो अलर्ट जारी किया है। आगामी दो दिनों तक प्रदेश का मौसम एकदम साफ रहेगा। साथ ही दो सप्ताह तक फिलहाल किसी भी प्रकार के विक्षोभ की संभावना नहीं बताई जा रही है।

**पाला पड़ने की संभावनाः** मौसम विभाग ने शेखावाटी के साथ ही जयपुर संभाग में भी शीतलहर की संभावना जाहिर की है। साथ ही फसलों पर पाला गिरने की भी संभावना है। इससे रबी की फसलों पर खासा असर पड़ सकता है। इस समय रबी की सभी फसलों में दाना पड़ना शुरू हो गया है। सरसों में फलियां पकने लग गई हैं। ऐसे में पाला पड़ने से उत्पादन में खासा असर देखने को मिलेगा।

**जयपुर के पारे में भी गिरावटः** राजधानी में भी पारे में खासी गिरावट देखी गई। जयपुर में इन पिछले दो दिनों के भीतर न्यूनतम तामपान छह डिग्री गिर गया है। साथ अधिकतम तापमान में भी गिरावट देखी गई है। बरसात के समय जो गर्मी देखी गई थी] उसके कारण लोगों ने अधिक गर्म कपड़ों को अंदर रख दिया था, उन्हें वापस निकाला जा रहा है।

## मिश्रा की अतिरिक्त महाधिवक्ता के पद पर नियुक्ति वैध

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट में पैरवी के लिए पदमेश मिश्रा को अतिरिक्त महाधिवक्ता के तौर पर नियुक्त करने को कानूनी तौर पर वैध माना है। अदालत ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से एएजी पद पर की गई नियुक्ति विधिसम्मत है और लॉ ऑफिसर की नियुक्ति करना राज्य सरकार का प्रशासनिक व वैधानिक अधिकार है। इसके साथ ही अदालत ने इस संबंध में दायर याचिका को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता की ओर से जिस तरह पैरवी की गई है, वह प्रशंसनीय है, लेकिन वह किसी भी तरह की राहत प्राप्त करने का अधिकारी नहीं है। जस्टिस सुदेश बंसल ने यह आदेश अधिवक्ता सुनील समदडिया की याचिका पर दिए। याचिका में कहा गया था कि राज्य सरकार की वाद नीति, 2018 के अनुसार, 10 साल का वकालत अनुभव रखने वाले अधिवक्ता को ही एएजी नियुक्त कर सकते हैं। इसके जवाब में राज्य के एएजी भरत व्यास ने कहा कि कानून में राज्य सरकार को विधिक व प्रशासनिक शक्तियां दी गई है, जिसके तहत राज्य सरकार को यह अधिकार है कि वह अपने लॉ ऑफिसर्स को कहीं पर भी नियुक्त कर सकती है। वहीं राज्य सरकार प्रशासनिक गाइडलाइन को भी संशोधित कर सकती है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने याचिका को खारिज कर दिया।

## बेरोजगारी को लेकर यूथ कांग्रेस का प्रदर्शन

**जयपुर।** राजधानी में गुरुवार को राजस्थान युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित बेरोजगार को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया, जो मात्र औपचारिक ही साबित हुआ। इसका कारण युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष अभिमन्यु पूनिया और कार्यकारी अध्यक्ष यशवीर सूरा सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों की अनुपस्थिति रही। पूनिया इस समय विधानसभा में व्यस्त हैं। यह प्रदर्शन प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय से शुरू हुआ और नारेबाजी करके ही शांत हो गया। पहले भाजपा प्रदेश कार्यालय का घेराव करने की योजना थी, लेकिन प्रदर्शनकारी संसारचंद्र रोड तक भी नहीं पहुंच पाए। प्रशासन ने संभावित हंगामे को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात कर रखा था। प्रदर्शन को देखते हुए पीसीसी के बाहर भारी पुलिस जाप्ता तैनात रहा। यह प्रदर्शन राहुल गांधी के लोकसभा में दिए भाषण के समर्थन में आयोजित किया गया था। इसी को आधार मानकर प्रदेश यूथ कांग्रेस ने तुरत-फुरत में प्रदर्शन करने की योजना बनाई जो की समयाभाव के कारण सफल नहीं हो पाई।

# पाक से महाकुंभ में पहुंचा 68 हिंदुओं का जत्था



महानगर संवाददाता

**प्रयागराज।** सनातन आस्था के महापर्व महाकुंभ में दुनिया के कोने-कोने से श्रद्धालु पवित्र संगम में आस्था का स्नान करने प्रयागराज आ रहे हैं। पाकिस्तान के सिंध प्रांत से 68 हिंदू श्रद्धालुओं का जत्था प्रयागराज पहुंचा। सभी श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम में स्नान कर अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति की प्रार्थना की।

ये सभी श्रद्धालु पाकिस्तान के सिंध और पंजाब प्रांत के रहने वाले हैं। पाकिस्तान के श्रद्धालु अपने पूर्वजों की अस्थियों का विसर्जन करने विशेष वीजा लेकर प्रयागराज आए। श्रद्धालुओं के साथ आये महंत रामनाथ ने बताया कि पहले वे सभी हरिद्वार गए थे। वहां लगभग 480 पूर्वजों की अस्थियों का विसर्जन और पूजन किया। इसके बाद प्रयागराज आकर महाकुंभ में संगम स्नान किया और पूर्वजों की आत्मा की शांति की प्रार्थना की। उनका कहना है कि सनातन आस्था की डोर और महाकुंभ की पुकार उन्हें यहां खींच लाई है। भारत सरकार और उप्र की योगी सरकार की वजह से उन लोगों को सनातन आस्था के ऐसे दिव्य-भव्य आयोजन में शामिल होने का सौभाग्य मिला।

### मॉडल और अभिनेत्री ईशा गुप्ता ने किया पवित्र स्नान

भारतीय अभिनेत्री और मॉडल ईशा गुप्ता ने पवित्र स्नान कर महाकुंभ में की गई व्यवस्थाओं को लेकर योगी सरकर की तारीफ की। उन्होंने कहा कि मैं यहां एक सनातनी के रूप में आई हूं। बॉलीवुड एक्टर्स का काम एक्टिंग करना है, लेकिन भारतीय होने के नाते यहां आना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

### विदेश भेजी गई महाकुंभ की अमिट निशानियां

संगम की रेती पर महाकुंभ को यादगार बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल की गई है। रूस, जर्मनी, फ्रांस, इजराइल और इटली तक महाकुंभ की 10 हजार से अधिक अमिट निशानियां भेजी गई हैं। इनमें प्रयागराज के प्रसिद्ध अमरूद के साथ बेल और केले के पौधे भी शामिल हैं। महाकुंभनगरी में देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं को बड़े हनुमान मंदिर और बाघंबरी मठ की ओर से महाप्रसाद के रूप में फलदार पौधों के साथ नीम और तुलसी के पौधे वितरित किए गए। बड़े हनुमान मंदिर, संगम तट प्रयागराज के महंत एवं श्रीमठ बाघंबरी पीठाधीश्वर बलवीर गिरि महराज के संयोजन में श्रीमठ बाघंबरी गद्दी में अचला सप्तमी महोत्सव मनाया गया। इसमें महाप्रसाद के रूप में साधु-संतों और श्रद्धालुओं को पौधों के साथ एक थैला और एक थाली भी प्रदान की गई।

### मणिपुर और हरियाणा के सीएम भी पहुंचे




इस बीच विभिन्न राज्यों के नेता भी महाकुंभ पहुंचे। गुरुवार को मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह महाकुंभ नगरी पहुंचे। वहीं हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को सपरिवार पुण्य स्नान कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और कल्याण की प्रार्थना की।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।


# श्रीकृष्ण गौशाला की जिला स्तरीय 9वीं और ब्लॉक स्तरीय प्रथम रैंक

## पशुपालन व गोपालन विभाग की मासिक प्रगति रिपोर्ट में मिले 72 अंक

महानगर संवाददाता



**श्रीमाधोपुर।** पशुपालन व गोपालन विभाग की ओर से मासिक प्रगति रिपोर्ट के तहत जनवरी माह की रैंकिंग व ग्रेडिंग सूची जारी की गई है, जिसमें श्रीकृष्ण गौशाला अजीतगढ़ ने 100 अंकों में से 72 अंक अर्जित कर जिलेभर में 9वीं और अजीतगढ़ ब्लॉक में प्रथम स्थान अर्जित किया।

पशुपालन विभाग सीकर के संयुक्त निदेशक के मुताबिक पशुपालन, गोपालन व मत्स्य विभाग शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने दिसम्बर 2024 से अनुदानित गौशालाओं में गौवंश को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए मुख्य निष्पादन संकेतकों के आधार पर मासिक प्रगति रिपोर्ट तैयार करने निर्देश दिए थे। इसके तहत जनवरी 2025 की रिपोर्ट तैयार करवाई गई थी।

इसके बाद सीकर जिले की 92 अनुदानित गौशालाओं की सूची का विभाग ने रिपोर्ट कार्ड जारी किया, जिसमें श्रीकृष्ण गौशाला अजीतगढ़ को 100 में से 72 अंक मिलने पर जिला सूची में 9वां स्थान और बी ग्रेड दिया गया। यह गौशाला अजीतगढ़ ब्लॉक स्तर पर प्रथम स्थान पर है, जबकि उपखंड स्तर पर 75 अंक अर्जित करने वाली श्रीरामकृष्ण गौशाला फुटाला प्रथम व अजीतगढ़ दूसरे स्थान पर है। पशुपालन विभाग अजीतगढ़ के ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेंद्र कृष्ण काला ने बताया कि दिसम्बर 2024 में विभाग ने गौशालाओं में गौवंश के लिए आधारभूत संरचना, चिकित्सा सुविधाओं, स्वच्छता प्रबंधन व पंचगव्य उत्पादों के मूल्य संवर्धन, दुधारू गौवंश की सुव्यवस्था और गौशाला आवास में पेयजल, बिजली सुविधा आदि को सर्वोत्तम व समुचित प्रोत्साहित करने के साथ ही गौशाला में उपलब्ध संसाधनों का प्रभावी उपयोग करने के लिए 100 मुख्य संकेतकों के आधार पर मासिक प्रगति रिपोर्ट तैयार कर गौशालाओं की रैंकिंग व ग्रेडिंग के निर्देश उच्च अधिकारियों से जारी हुए थे।

इससे गौशाला प्रबंधन द्वारा कार्यों में निखार के अलावा विभाग, ब्लॉक, जिला आदि स्तर पर गौशालाओं की ग्रेडिंग प्रतिमाह तैयार किया जाएगा। श्रीकृष्ण गौशाला अजीतगढ़ प्रबंधन कार्यकारिणी अध्यक्ष चैतन्य मीणा ने बताया कि विभाग द्वारा प्रतिमाह गौशालाओं के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं, सुविधाओं, कार्यों के आधार पर ग्रेडिंग, रैंकिंग जारी करने की योजना बनाई है। जनवरी माह की रैंकिंग में श्रीकृष्ण गौशाला अजीतगढ़ को जिलेभर में 9वें स्थान व बी ग्रेड हासिल हुआ है।

वहीं अजीतगढ़ ब्लॉक स्तर पर प्रथम व श्रीमाधोपुर उपखंड स्तर पर द्वितीय स्थान हासिल हुआ है। इसके लिए सभी भामाशाहों, गौभक्तों, प्रबंधन कार्यकारिणी, सदस्यों का निरंतर सेवा की भावना से किए गए कार्य के लिए धन्यवाद व आभार व्यक्त किया गया।

## महाकुंभ में अमृत स्नान के लिए 32 जोड़े रवाना



महानगर संवाददाता

**रामगढ़ पचवारा।** लालसोट विधायक रामविलास मीणा के गांव डूंगरपुर से 32 जोड़े गुरुवार को महाकुंभ में अमृत स्नान के लिए रवाना हुए। लालसोट विधानसभा क्षेत्र के गांव डूंगरपुर से 32 महिला व पुरुषों के जोड़े भोले बाबा मंदिर पहुंचे और मत्था टेक आशीर्वाद लिया। इसके बाद महाकुंभ के चौथे अमृत स्नान के लिए बस से रवाना हुए। इस अवसर पर महाकुंभ में पहुंचने वाले परिजनों के रिश्तेदारों ने फूल माला पहनाकर बस को रवाना किया।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों से दी कक्षा 12 के विद्यार्थियों को विदाई



महानगर संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** कस्बे के महात्मा गांधी इंटरनेशनल सीबीएसई स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। को-ऑर्डिनेटर अक्षय सैनी ने बताया कि जूनियर विद्यार्थियों की ओर से बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को विदाई दी गई। कार्यक्रम संयोजक विष्णु जोशी ने बताया कि संस्था निदेशक मोहर सिंह खर्रा, प्राचार्य अरुण शंकर चटर्जी, सचिव गीता खर्रा, उप प्राचार्य आंनद बबेरवाल, कॉलेज प्राचार्य डॉ. वीके सैनी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मिस फेयरवेल निहारिका व मिस्टर फेयरवेल आयुष को चुना गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में बच्चों ने अनेक मनमोहक प्रस्तुतियां दी। मंच का संचालन विद्यालय के विद्यार्थी फरहीन-तनुस्का, छवि-चहक, मीना- आरव ने किया। कार्यक्रम में विदाई लेने वाले बच्चों को प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया। इस दौरान राकेश मिश्रा, अमित माथुर, पवन सैनी, अंकित जांगिड़, सुनील मीणा, मोइन खान, लखविंदर सिंह आदि उपस्थित रहे।

## ओपी सैनी को मिली पीएचडी की उपाधि

महानगर संवाददाता

**भीलवाड़ा।** महात्मा ज्योतिबा फूले शिक्षण संस्था के सचिव ओपी सैनी को संगम विश्वविद्यालय भीलवाड़ा ने गणित विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की है।



उन्होंने 'नए समाकलन रूपांतरणों एवं अवकलन समीकरण और उनके अनुप्रयोगों का अध्ययन' पर शोध कार्य किया है। सैनी ने अपना शोध कार्य संगम विश्वविद्यालय भीलवाड़ा के गणित विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉक्टर दीपक कुमार काबरा के निर्देशन में पूरा किया है।

## कबड्डी संघ के अमरदीन अध्यक्ष और भाटी सचिव निर्वाचित

महानगर संवाददाता

**जैसलमेर।** जिला कबड्डी संघ जैसलमेर के चुनाव गुरुवार को निर्वाचन अधिकारी डॉ. अशोक तंवर की देखरेख में जिला खेल अधिकारी राकेश विश्नोई, ओलम्पिक संघ पर्यवेक्षक लाल सिंह सांखला व राजस्थान राज्य कबड्डी संघ पर्यवेक्षक जीतेन्द्र सिंह की उपस्थिति में आयोजित हुए। चुनाव अधिकारी डॉ. अशोक तंवर ने बताया कि जिला कबड्डी संघ के चुनावों में विभिन्न पदों पर एकल आवेदन आने से चुनाव निर्वाचन निर्विरोध किया गया। उन्होंने बताया कि अमरदीन फकीर अध्यक्ष, चन्दन सिंह भाटी सचिव, नवाबुद्दीन भाटी वरिष्ठ उपाध्यक्ष और राजेंद्र सिंह चौहान, हनुमान राम विश्नोई, ऋषि तेजवानी व गणपत सिंह सोलंकी उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। वहीं योगेश गज्जा कोषाध्यक्ष, मुकद्दर मैहर, योगेश सांवल, शैतान सिंह भाटी व राजेंद्र सुथार संयुक्त सचिव, निम्ब सिंह कोटड़ी आयोजन सचिव, आनंद सिंह देवड़ा, मेघराज परिहार, अनिल शर्मा व खट्टन खान कार्यकारिणी सदस्य चुने गए। वहीं स्पोर्ट्स पर्शन जालम सिंह फुलिया, दशरथ सिंह फुलिया, सुजानाराम और पीराराम एथेलेटिक्स कमीशन अनिल सिंह भाटी चुने गए।

# आमजन की समस्याएं सुन दिए समाधान के निर्देश

### जिला कलेक्टर ने ग्राम पंचायत फतेहगढ़ में की जनसुनवाई

महानगर संवाददाता

**जैसलमेर।** आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई और उनके शीघ्र समाधान के लिए जिले की सभी ग्राम पंचायतों में गुरुवार को ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई। जैसलमेर की ग्राम पंचायत फतेहगढ़ में जिला कलेक्टर प्रताप सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला कलेक्टर सिंह ने जनसुनवाई में आए परिवादियों की समस्याएं सुनी और उनके शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। साथ ही कई मामलों में कार्रवाई करते हुए उन्होंने मौके पर ही पीड़ितों को राहत भी दिलाई। जिला कलेक्टर सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अधिकारी राज्य सरकार की मंशानुसार आमजन की परिवेदनाओं को संवेदनशीलता के साथ नियमित रूप से सुनें और मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए उनका शीघ्र निस्तारण कर परिवादियों को राहत दिलाएं। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों से आए सभी फरियादियों को विश्वास दिलाया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा। जनसुनवाई में लोगों ने पानी, बिजली, सड़क सहित अन्य आमजन से जुड़ी समस्याएं रखी।



### उपखण्ड व तहसील कार्यालय का किया निरीक्षण

जिला कलेक्टर प्रताप सिंह ने उपखण्ड व तहसील कार्यालय फतेहगढ़ पहुंच कर वहां की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखों के रखरखाव और भवन की स्थिति के साथ ही कार्यालय की साफ-सफाई की बारीकी से जांच पड़ताल की और संबधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अभिलेखों को पूरी तरह अपडेट रखने के साथ ही लंबित वाद और जन शिकायतों के निस्तारण में तेजी लाने पर भी विशेष जोर दिया।

### फार्मर रजिस्ट्री शिविर का किया अवलोकन

इस दौरान जिला कलेक्टर प्रताप सिंह ने फतेहगढ़ में आयोजित फार्मर रजिस्ट्री शिविर का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला कलेक्टर ने शिविर में उपस्थित किसानों से बातचीत कर डिजिटल पंजीकरण प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी किसान को योजना का लाभ लेने में कोई कठिनाई न हो। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेशभर में फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में किसानों को 11 अंकों का यूनिक आईडी कार्ड जारी किया जा रहा है, जिससे वह फसल बीमा, सब्सिडी और अन्य सरकारी योजनाओं का फायदा ले सकेंगे।

## रघुनाथ मंदिर में महिलाओं ने गाए मंगल गीत



महानगर संवाददाता

**सीकर।** श्रीराम महिला मंडल सीकर की ओर से गुरुवार को दोपहर 3 बजे से बावड़ी गेट स्थित रघुनाथ मंदिर में महिला मंगल गीत कार्यक्रम आयोजित किया गया। राघवेंद्र सेवा समिति के मंत्री जानकी प्रसाद इंदौरिया ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत श्रीराम महिला मंडल की अध्यक्ष रितु पारीक व नरेश सैन ने गणेश वंदना व भजनों से की। कार्यक्रम में सुगनचंद पंवार, संतोष जांगिड़, कांता शर्मा, बबिता जांगिड़, सरोज शर्मा, शकुन्तला केजरीवाल, कमलेश सोनी, राजू देवी, संतोष देवी सहित अनेक महिलाओं ने शानदार भजनों की प्रस्तुत दी। इस दौरान सानिध्य मंदिर के महंत अजय महाराज, राघवेंद्र सेवा समिति के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राठौड़ मौजूद रहे।

मंगल गीत के बाद रघुनाथ महाराज की आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया।

## स्वर कोकिला लता मंगेशकर को दी श्रद्धांजलि




महानगर संवाददाता

**नवलगढ़।** कस्बे के जांगिड़ अस्पताल परिसर में सामाजिक साहित्यिक संस्था संजीवनी व स्काउट गाइड के सौजन्य से स्वर कोकिला लता मंगेशकर को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान संजीवनी के अध्यक्ष डॉ. दयाशंकर जांगिड़ ने बताया कि लता मंगेशकर को 2001 में भारत रत्न मिला। इससे पहले उन्हें पदम विभूषण, फाल्के पुरस्कार व लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं। भारत में महिलाओ में इनका कोई सानी नहीं है। उन्होने अपने जीवन में सभी भाषाओं में करीब पचास हजार गाने गाए। इनको स्वर की दुनिया में हमेशा याद किया जाएगा। इस मौके पर मुरली मनोहर चोबदार, ओमप्रकाश सेन, रामावतार सबलानिया व पंकज शाह ने लता मंगेशकर के गानों का गायन कर कार्यक्रम को संगीतमय बना दिया। इस अवसर पर संजीवनी के उपाध्यक्ष मेजर डीपी शर्मा, डॉ. मनीष, डॉ. मीनाक्षी, शिखरचंद जैन, स्काउट गाइड अध्यक्ष मुरली मनोहर चोबदार, डॉ. संजय सैनी, पंकज शाह, रामावतार सबलानिया सहित जांगिड़ अस्पताल के कर्मचारियों ने भाग लिया।

## नवो बाड़मेर के तहत सब्जी मंडी से विशेष सफाई अभियान शुरू

### जिला कलेक्टर ने मॉनिटरिंग के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

महानगर संवाददाता



**बाड़मेर।** नवो बाड़मेर कार्यक्रम के तहत बाड़मेर शहर में विभिन्न स्थानों पर 14 फरवरी तक विशेष सफाई अभियान चलेगा। विशेष सफाई अभियान की शुरुआत गुरुवार को कृषि उपज मंडी परिसर स्थित सब्जी मंडी से हुई।

बाड़मेर जिला मुख्यालय पर कृषि उपज मंडी स्थित सब्जी मंडी में मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि कुमार के पर्यवेक्षण में नगर परिषद की ओर से विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान ट्रेनी आरएएस झंवरलाल मित्तल, प्रियंका कड़ेला, मुख्य आयोजना अधिकारी नखताराम समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कृषि मंडी के बाहर यूआईटी सचिव व आयुक्त श्रवणसिंह राजावत के निर्देशन में अतिक्रमण हटवाए गए। इधर, जिला कलेक्टर टीना डाबी ने नगर परिषद के माध्यम से विशेष सफाई अभियान कार्यक्रम निर्धारित करते हुए पर्यवेक्षण के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। विशेष सफाई अभियान का समय दोपहर 3 से सांय 6 बजे तक रहेगा। इसके तहत शुक्रवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजेन्द्रसिंह चांदावत के निर्देशन में रेलवे स्टेशन रोड, वीआईपी केफे, गायत्री माता मंदिर के पास, 8 फरवरी को उपखंड अधिकारी वीरमाराम कृषि उपज मंडी, 9 फरवरी को मुख्य आयोजना अधिकारी नखताराम बाड़मेर शहर के वार्ड 45 व 47 और 10 फरवरी को कोषाधिकारी जसराज चौहान वार्ड 39 सिणधरी चौराहा इलाके में विशेष सफाई अभियान की मॉनिटरिंग करेंगे। इसी तरह 11 फरवरी को अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी आंबाराम तिलक बस स्टैंड, 12 फरवरी को संयुक्त निदेशक डॉ. आरबी सिंह वार्ड संख्या 25, 13 फरवरी को उप निदेशक जसवंत गौड़ वार्ड 15 और 14 फरवरी को बाड़मेर तहसीलदार हुकमीचंद सर्किट हाउस व जसदेर धाम इलाके में प्रभावी मॉनिटरिंग करते हुए विशेष सफाई अभियान की क्रियान्विति सुनिश्चित करवाएंगे।

## शिविरों में ग्रामीणों को मिल रहा विभागीय योजनाओं का लाभ

महानगर संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** जिले में गुरुवार को किसान रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन हुआ। जिला कलेक्टर शुभम चौधरी के निर्देश पर किसान रजिस्ट्री शिविरों में लाभार्थियों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए गए। एग्रीस्टैक योजनांतर्गत जिले में किसान रजिस्ट्री अभियान का आयोजन ग्राम स्तर पर 29 मार्च 2025 तक प्रातः 9:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक किया जा रहा है। इसके तहत ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित शिविरों में किसानों की 11 अंकों की विशिष्ट किसान आईडी बनाई जा रही है। वहीं किसानों की फसलों का डिजिटल क्रॉप सर्वे, भू-संदर्भित नक्शों का डेटा संग्रह व फार्मर रजिस्ट्री के कार्य किए जा रहे हैं। जिले में आयोजित किए जा रहे शिविरों में अब तक 648 किसानों का पंजीकरण कर 387 किसानों को यूनिक आईडी कार्ड सौंपे गए हैं। जिला कलेक्टर ने किसानों से सभी आवश्यक दस्तावेज लेकर किसान रजिस्ट्री शिविरों में पंजीकरण कराने की अपील की है। शिविरों में किसानों को किसान आईडी तैयार करने के साथ-साथ प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, मुख्यमंत्री आरोग्य आयुष्मान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, मंगला पशु बीमा योजना, पशु टीकाकरण, पशु चिकित्सा व उपचार, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग सहित अन्य विभागों की योजनाओं से भी लाभांवित किया जा रहा है। साथ ही शिविरों में जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, खाद्य सुरक्षा योजना, पेंशन, छात्रवृत्ति और पशुपालन योजनाओं की सेवाएं भी प्रदान की जा रही हैं।



## एसएन स्कूल में इंटर हाउस खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

महानगर संवाददाता

**नवलगढ़।** विद्यालय कमेटी कोलकाता की ओर से संचालित स्थानीय एसएन विद्यालय में इंटर हाउस खेलकूद प्रतियोगिता का समापन व पुरस्कार वितरण समारोह पशु पालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. राजेश यादव के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुए कार्यक्रम में चारों हाउसेज ने अतिथियों को गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने खेलकूद की महता पर प्रकाश डालते हुए परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित करने और समय प्रबंधन के बारे में विस्तार से बताया। इसके बाद रस्सा कसी प्रतियोगिता में ऋग्वेद हाउस व अथर्ववेद हाउस के मध्य रोचक मुकाबले में ऋग्वेद हाउस विजेता रहा। मुख्य अतिथि ने प्रोत्साहन स्वरूप विजेता टीम को 1100 रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया। वहीं छात्राओं व महिला अध्यापिकाओं के मध्य हुए रस्सा कसी मुकाबले में महिला अध्यापिकाएं विजेता रहीं। इससे पूर्व प्रधानाचार्य नवीन कुमार शर्मा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय के इतिहास व परम्पराओं का परिचय दिया। उप प्रधानाचार्या सुलोचना सैनी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन व्याख्याता रणजीत सिंह व सुमन राठौड़ ने किया।



## शिवालय में दुर्गा माता का हुआ नव चंडीय महायज्ञ

महानगर संवाददाता

**नवलगढ़।** कस्बे के मुकुंदगढ़ शहर में स्थित धुवाले वाले शिवालय मंदिर परिसर में गुरुवार को आचार्य ललित त्रिवेदी मुंबई के सानिध्य में दुर्गा माता का नव चंडीय महायज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें मंदिर के मुख्य ट्रस्टी कुसुम-राजेंद्र व राखी-गौरव धुवाले वाला ने आहुतियां दी। इसके बाद कन्या पूजन करके कन्या भोजन करवाकर दक्षिणा भेंट की गई। मंदिर पुजारी मनोज सुरोलिया ने बताया कि शुक्रवार को मंदिर का नवा वार्षिक उत्सव मनाया जाएगा। वार्षिक उत्सव पर दुर्गा माता व पंचमुखी बालाजी का फूलों से विशेष श्रृंगार कर भोग लगाकर महाआरती कर भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर पंडित नवीन शर्मा, पंडित जयप्रकाश, घनश्याम सूरोलिया, पवन डीडवानिया, बाबूलाल नूआ वाले, रमाकांत धोडेला, राजपाल सिंह, मूलचंद चेजारा सहित अनेक भक्तगण तैयारियों में जुटे हुए हैं।



## जिला परिषद के सीईओ धारा सिंह को दी भावभीनी विदाई

महानगर संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** जिला परिषद सवाई माधोपुर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) धारा सिंह मीणा का स्थानान्तरण शासन उप सचिव ग्रामीण विकास विभाग जयपुर के पद पर होने पर गुरुवार को जिला परिषद सभागार में विदाई व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान निवर्तमान जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी धारासिंह मीणा को कार्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों ने साफा बांधकर, माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर भावभीनी विदाई दी। इस दौरान उप जिला प्रमुख बाबूलाल मीणा ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी धारा सिंह मीणा को नवीन पदस्थापन की बधाई देते हुए उनके द्वारा कम समय में जिले के विकास के लिए किए गए कार्यों की प्रशंसा की। जिला प्रमुख प्रतिनिधि डिग्गी मीणा ने भी कार्यक्रम में मुख्य कार्यकारी अधिकारी की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए मीणा के उज्जवल भविष्य व दीर्घायु की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, मलारना डूंगर प्रधान देवपाल मीणा, एक्सईएन अशोक मीणा, विकास अधिकारी डॉ. सरोज बैरवा, एओ ओमप्रकाश मीणा, निजी सचिव मनोज पाराशर सहित कार्यालय के समस्त अधिकारी व कार्मिक उपस्थित रहे।

# सीमा सुरक्षा बल सामाजिक सरोकार के लिए तत्पर : बसट्टा

## चांदे का पार में कंप्यूटर लैब की शुरुआत, चिकित्सा शिविर में ग्रामीणों का उपचार

महानगर संवाददाता

**बाड़मेर।** सीमा सुरक्षा बल सरहद की हिफाजत के साथ सामाजिक सरोकार के लिए तत्पर है, इसके लिए सिविक एक्शन के तहत विभिन्न प्रकार की गतिविधियां व चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जाता है। यह बात सीमा सुरक्षा बल बाड़मेर सेक्टर के उप महानिरीक्षक राज कुमार बसट्टा ने चांदे का पार में सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत कंप्यूटर लैब व चिकित्सा शिविर के शुभारंभ के अवसर पर कही। उप महानिरीक्षक बसट्टा ने कहा कि इस सिविक एक्शन कार्यक्रम का उद्देश्य सीमा क्षेत्र की ग्रामीण महिलाओं व स्कूली छात्रों को आधुनिक व तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ वर्तमान समय में होने वाले साइबर अपराधों के बारे में जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि वीर छिहत्तर बटालियन की ओर से इससे पूर्व में भी सरहदी इलाकों के ग्रामीणों के उत्थान एवं प्रोत्साहन के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया है। इसके तहत हथियारों का प्रदर्शन कर अर्धसैनिक बलों की कार्य प्रणाली और भर्ती प्रक्रिया के बारे में जागरूक करने के साथ सीमा पर रहने वाले युवाओं के लिए प्री-रिकुटमेंट प्रशिक्षण और समय-समय पर मेडिकल कैम्पों का आयोजन किया जाता रहा है। इस दौरान उप महानिरीक्षक राज बसट्टा ने महात्मा गांधी सीनियर सैकंडरी स्कूल चांदे का पार में कंप्यूटर लैब का उद्घाटन किया। इस दौरान वीर छिहत्तर बटालियन के कमांडेंट सतीश मिश्रा व अन्य उच्च स्तरीय अधिकारीगण मौजूद रहे। सिविक एक्शन कार्यक्रम के दौरान सीमा सुरक्षा बल सेक्टर मुख्यालय क्षेत्रीय बावा की अध्यक्षा प्रीती बसट्टा भी मौजूद रहीं। क्षेत्रीय बावा अध्यक्षा ने सीमावर्ती महिलाओं से परस्पर संवाद करते हुए सामाजिक जीवन के उत्थान के बारे में उनको जागरूक किया।



# आचार्य श्री के ग्रंथों का स्वाध्याय करना सच्ची विनयांजलि




महानगर संवाददाता

**जयपुर।** महारानी फार्म के गायत्री नगर स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर में आचार्य विद्यासागर का प्रथम समाधि दिवस गुरुवार को श्री जी के अभिषेक, शान्तिधारा कर विनयांजलि व पूजा का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस अवसर पर आचार्य की तस्वीर के सामने मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष कैलाश छाबड़ा, उपाध्यक्ष अरुण शाह व मंत्री राजेश वोहरा ने दीप प्रज्वलन किया। मंगलाचरण सुनंदा अजमेरा ने किया। इस दौरान पं. अजित शास्त्री ने आचार्य श्री के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला।


अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन ने आचार्य श्री के प्रति विनायांजलि प्रस्तुत करते हुए कहा कि लोक में आचार्य श्री ने अनेक उपकार किए हैं। उन्होंने गौशाला, हथकरघा, को बढ़ावा दिया, भारत को भारत कहने के लिए भारत सरकार व प्रशासन को विशेष जोर दिया। आचार्य श्री के रचित अनेक ग्रंथ हैं उनका स्वाध्याय करना सच्ची विनयांजलि होगी।

सभा में सारस मल झांझरी द्वारा प्रस्तुत आचार्य श्री के संबंध में संस्मरण लिखित रूप में प्रस्तुत किए जिनका वाचन उपाध्यक्ष अरुण शाह द्वारा किया गया। इसके बाद सुंदर सजे हुए थालों में अष्टद्रव्य से आचार्य श्री की सामूहिक पूजा की गई।

# सूर्य-मंगल की युति से बनेगा षडाष्टक योग

## तीन राशियों का चमकेगी किस्मत

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** सात फरवरी को सूर्य और मंगल की युति से षडाष्टक योग का निर्माण होगा। शुक्रवार को मंगल और सूर्य एक-दूसरे से आठवें और छठे स्थान पर स्थित होंगे। ऐसे में इस योग के बनने से इन तीन राशियों को नौकरी, व्यापार और शिक्षा क्षेत्र में मनचाहे परिणाम मिल सकते हैं, साथ ही इन्हें किसी शुभ सूचना की प्राप्ति भी हो सकती है। ज्योतिष शास्त्र में सूर्य को आत्मा का कारक माना जाता है और उन्हें नवग्रहों में राजा का दर्जा प्राप्त है। कुंडली में उनकी स्थिति मजबूत होने पर जातक को हर क्षेत्र में मान-सम्मान की प्राप्ति होती है, साथ करियर में भी अच्छे परिणाम मिलते हैं। माना जाता है कि जब भी सूर्य अपने स्थान में परिवर्तन या किसी ग्रह के साथ युति निर्माण करते हैं, तो सभी राशियों पर इसका प्रभाव पड़ता है।

### इन राशियों को होगा लाभ

- **मेष राशिः** ज्योतिष गणना के अनुसार षडाष्टक योग आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। यदि कोई मामला कोर्ट में चल रहा है तो उसमें आपको राहत प्राप्त हो सकती है। दोस्त से आपका संबंध मजबूत बना रहेगा। रोजगार को लेकर इधर-उधर भटक रहे लोगों को किसी नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है। ग्रहों के शुभ प्रभाव से आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी। निवेश के लिए समय शुभ है।
- **सिंह राशिः** सिंह राशि के लिए षडाष्टक योग कल्याणकारी रहने वाला है। योग के प्रभाव से कार्यक्षेत्र की स्थितियां आपके पक्ष में रहेंगी। धन लाभ के अच्छे संकेत मिलेंगे और बाधाएं दूर होंगी। संपत्ति से संबंधित कोई बड़ा लाभ मिल सकता है। सिंगल लोगों के लिए यह समय खास हो सकता है, क्योंकि किसी के साथ की प्राप्ति हो सकती है। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। इस दौरान स्वास्थ्य में भी सुधार होगा। दोस्तों के सहयोग से सभी जरूरी काम पूरे हो जाएंगे। विवाह में यदि कोई समस्या आ रही थी, तो वह भी दूर होगी। घर में किसी नई वस्तु के आगमन से माहौल में खुशियां बनी रहेगी।
- **धनु राशिः** षडाष्टक योग के शुभ प्रभाव से आपको करियर में अच्छी सफलता प्राप्त होने की संभावना है। दांपत्य जीवन में की समस्याएं समाप्त होती हुई नजर आएगी। सरकारी कामकाज से लाभ मिलने की संभावना है। नौकरी की तालाश कर रहे लोगों को नए अवसरों की प्राप्ति होगी। इस समय आपकी सोची हुई योजनाएं भी सफल होती हुई नजर आएगी। सेहत में सुधार होगा। किसी काम को पूरा करने के लिए दोस्तों की मदद आपको मिलेगी। यात्रा के योग भी बन रहा है।

# तीन ग्रहों की युति में मनेगी महाशिवरात्रि साठ साल बाद बन रहा यह विशेष योग

## सूर्य, बुध और शनि के कुंभ राशि में गोचर करने से बना खास संयोग

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** आदिदेव महादेव की आराधना का महापर्व महाशिवरात्रि 26 फरवरी को मनाया जाएगा। फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की महाशिवरात्रि 26 फरवरी को धनिष्ठा नक्षत्र, परिघ योग, शकुनी करण और मकर राशि के चंद्रमा की उपस्थिति में आ रही है। ग्रह योग की बात करें तो यह विशिष्ट स्थिति इससे पहले साल 1965 में बनी थी। अब 60 साल बाद फिर महाशिवरात्रि पर्व पर तीन ग्रहों की युति बनी है।

ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा ने बताया कि ग्रह गोचर की गणना के अनुसार सन् 1965 में जब महाशिवरात्रि का पर्व आया था तब सूर्य, बुध और शनि कुंभ राशि में गोचर कर रहे थे। महाशिवरात्रि 26 फरवरी को भी मकर राशि के चंद्रमा की



उपस्थिति में यही तीन ग्रह युति बनाएंगे। सूर्य और शनि पिता-पुत्र हैं और सूर्य शनि की राशि कुंभ में रहेंगे। यह एक विशिष्ट संयोग है, जो लगभग एक शताब्दी में एक बार बनता है, जब अन्य ग्रह और नक्षत्र इस प्रकार के योग में विद्यमान होते हैं।

### चार प्रहर की पूजा यश-समृद्धि

डॉ. मिश्रा ने बताया कि इस प्रबल योग में की गई साधना आध्यात्मिक और धार्मिक उन्नति प्रदान करती है। पराक्रम और प्रतिष्ठा को बढ़ाने के लिए सूर्य-बुध के केन्द्र त्रिकोण योग का बड़ा लाभ मिलता है। इस योग में विशेष प्रकार से साधना और उपासना की जानी चाहिए। महाशिवरात्रि के पर्व काल में धर्म शास्त्रीय मान्यता के अनुसार चार प्रहर की साधना का विशेष महत्व है। चार प्रहर की साधना से धन, यश, प्रतिष्ठा और समृद्धि प्राप्त होती है। जिनके जीवन में संतान संबंधी बाधा हो रही हो, उन्हें भी यह साधना अवश्य करनी चाहिए। जिन लोगों को आर्थिक उन्नति करनी है वे भगवान शिव का गन्ने के रस से अभिषेक करें। व्रत, जप, तप और स्वाध्याय करते हुए शिवरात्रि महापर्व पर साधना करने से भगवान शिव की कृपा प्राप्त होती है।

### इन मंदिरों में होंगे आयोजन

चौड़ा रास्ता स्थित ताड़केश्वर महादेव मंदिर, वैशालीनगर के झारखंड महादेव मंदिर, झोटवाड़ा रोड स्थित चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर, आमेर के ग्यारह रूद्र महादेव मंदिर, बनीपार्क के जंगलेश्वर महादेव, छोटी चौपड़ स्थित रोजगारेश्वर महादेव, कूकस स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंगेश्वर सहित अन्य शिव मंदिरों में महाशिवरात्रि पर चार प्रहर की पूजा होगी।

# हेल्थ अवेयरनेस सेशन आयोजित

**जयपुर (मसं)।** जयपुर कैंसर रिलीफ सोसायटी की ओर से विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में वैशालीनगर स्थित होटल सरोवर पार्टी में हेल्थ अवेयरनेस सेशन आयोजित किया गया।

शेल्बी हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने कैंसर के प्रति जागरूक किया। दिगंबर जैन महासमिति के सदस्य भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# नंदपुरी में हनुमंत चरित्र कथा आज से

**जयपुर (मसं)।** डीडी ग्रुप की ओर से आयोजित 108 श्री हनुमंत चरित्र कथाओं की श्रृंखला में 18वीं हनुमंत चरित्र कथा 7 से 9 फरवरी तक हवा सड़क नंदपुरी के शिव दुर्गा मंदिर में होगी। व्यासपीठ से अकिंचन महाराज दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक कथा श्रवण कराएंगे। हरिनाम संकीर्तन परिवार के प्रवक्ता कृष्ण स्वरूप बूब ने बताया कि आयोजक ओमप्रकाश शर्मा और सरिता दाधीच पूजा-अर्चना कर कथा का शुभारंभ करेंगे।

# विहिप की त्रिदिवसीय प्रन्यासी मंडल बैठक आज से प्रयाग में

## देश-विदेश के पदाधिकारियों के बीच होगा हिंदुत्व से जुड़े अहम मुद्दों पर मंथन

**जयपुर (मसं)।** विश्व हिंदू परिषद के प्रन्यासी मंडल एवं केंद्रीय प्रबंध समिति की त्रि-दिवसीय बैठक 7 फरवरी से झूसी स्थित महाकुंभ मेला क्षेत्र में बने विहिप के महाशिविर में होने जा रही है। विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय महामंत्री बजरंग लाल बागड़ा ने बताया कि इसमें भारत तथा विदेश से आमंत्रित विहिप के पदाधिकारी भाग लेंगे। बैठक में हिंदू मंदिरों की सरकारी नियंत्रण से मुक्ति, जनसंख्या असंतुलन, वक्फ बोर्ड के निरकुंश एवं असीमित अधिकार, बांग्लादेश में हिंदू उत्पीड़न की पराकाष्ठा तथा अयोध्या के बाद काशी और मथुरा जैसे पवित्र धार्मिक स्थलों की मुक्ति के लिए भी चर्चा होने की संभावित है। संगठनात्मक विस्तार एवं विभिन्न राज्यों में हिंदू समाज से जुड़े कुछ विशेष मुद्दों के विषय में भी विचार विमर्श हो सकता है। बागड़ा ने कहा कि हिंदू समाज अनेक वर्षों से सामाजिक कुप्रथाओं से जूझ रहा है। छुआछूत की मुक्ति के लिए और सामाजिक समरसता को बढ़ाने के लिए हमने अनेक अभियान हाथ में लिए हैं। हिंदू परिवार व्यवस्था को सुदृढ़ करना, पर्यावरण की रक्षा करना तथा हिंदू समाज को स्व का आत्मबोध कराना, आज के समय में एक महती आवश्यकता है।

बैठक में संगठनात्मक दृष्टि से देश भर के 47 प्रांतों के साथ भारत के बाहर से भी अनेक देशों के गणमान्य प्रतिनिधि भाग लेंगे। इनमें विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार, संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे, सह संगठन महामंत्री विनायकराव देशपांडे, बजरंग दल, मातृशक्ति, दुर्गा वाहिनी के साथ संगठन के सभी आयामों के अखिल भारतीय प्रमुख तथा क्षेत्रों तथा प्रांतों के मंत्री एवं संगठन मंत्री सहित अनेक पदाधिकारी भाग लेंगे।

# एक शाम लताजी के नाम सांस्कृतिक संध्या में छलका स्वर साम्राज्ञी से लगाव

महानगर संवाददाता




**जयपुर।** बॉलीवुड की बेहद लोकप्रिय लेजेंडरी प्लेबैक सिंगर स्वर साम्राज्ञी लता मंगेशकर की पुण्यतिथि पर उनकी याद में शास्त्रीनगर स्थित संगीत आश्रम संस्थान में सांस्कृतिक संध्या एक शाम लताजी के नाम संजोई गई। वरिष्ठ गायक एवं संगीत निर्देशक अमित अनुपम ने अपनी सुरीली आवाज में लता मंगेशकर के गाए चुनिंदा गीतों की माला पिरोकर संस्थान परिसर को महका दिया। की-बोर्ड पर वत्सल अनुपम और गिटार पर दिशा शर्मा ने प्रभावी संगत की। अमित अनुपम ने 'वो दिल कहां से लाऊं', 'अगर मुझसे मुहब्बत है', 'दुनिया में ऐसा कहां सबका नसीब है', 'किसी राह में किसी मोड़ पर', 'फिर तेरी कहानी याद आई', 'ये दिल और उनकी निगाहों के साए', 'ओ सजना बरखा बहार आई', 'हमने देखी है उन आंखों की महकती', 'आपकी नजरों ने समझा', 'तेरा मेरा प्यार अमर', 'ये दिल तुम बिन कहीं लगता नहीं', 'लूटे कोई मन का नगर' सरीखें बेहतरीन नगमों को खुशगूलुई आवाज और सुरीले सुरों से सजाया। संचालन वीना अनुपम ने किया।

# महाकुंभ के जल से किया भोलेनाथ का अभिषेक



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** खातीपुरा के करणीनगर स्थित शिव मंदिर में गोवत्स पं. मोहित मुद्गल के सानिध्य में प्रयागराज महाकुंभ से लाए गए जल से महादेव जी का अभिषेक किया गया। अभिषेक के बाद फूलों से श्रृंगार कर महाआरती की। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# प्रयागराज में गोविंद धाम शिविर का समापन

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रयागराज कुंभ में जयपुरवासियों के लिए लगाए गए गोविंद धाम शिविर का गुरुवार को भागवत जी की पोथी यात्रा के साथ समापन हुआ। गोविंददेवजी मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी गोस्वामी ने शिविर का समापन किया।

उन्होंने संगम पर स्नान कर लेटे हनुमान जी के दर्शन किए। इसके बाद गोविन्द धाम में श्रीमद्भगवद् कथा के विश्राम पर व्यास पीठ का पूजन कर संतों का सम्मान किया। व्यास पीठ से डॉ. प्रशांत शर्मा ने सात दिन तक कथा श्रवण कराई। धर्म प्रचारक विजय शंकर पाण्डेय ने बताया गोविंद धाम शिविर में हजारों की संख्या में



श्रद्धालुओं ने लाभ उठाया। यहां ठाकुर श्री राधा गोविंददेवजी को विराजमान कर सातों झांकियां सजाई गई। श्रद्धालुओं को भोजन कराया गया। जयपुर से आए श्रद्धालुओं ने यहां रात्रि विश्राम भी किया। त्रिवेणी पीठाधीश्वर रामरिछपालदास महाराज, महामंडलेश्वर मनोहरदास, आचार्य राजेश्वर सहित अनेक संतों का पदार्पण हुआ।

# रीजनल सिनेमा में धर्मेंद्र उपाध्याय रहे श्रेष्ठ निर्देशक



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जोधपुर में आयोजित पांच दिवसीय राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का समापन समारोह मेहरानगढ़ फोर्ट में आयोजित किया गया। इस अवसर पर देश-विदेश से समारोह में शामिल हुई फिल्मों के साथ राजस्थानी फिल्मों को भी विभिन्न कैटिगरी में अवार्ड दिए गए। राजस्थानी फिल्म म्हारी बींदनी के लिए लेखक-निर्देशक धर्मेंद्र उपाध्याय को श्रेष्ठ निर्देशक का अवॉर्ड दिया गया।

समारोह में राजस्थानी सिनेमा से जुड़े तमाम कलाकार और तकनीशियन के साथ गज सिंह, वरिष्ठ अभिनेता-निर्देशक अनंत महादेवन, अभिनेता करणवीर बौहरा, पद्मश्री अनवर खान, वरिष्ठ फिल्म समीक्षक अजीत राय, अभिनेता अरविंद वाघेला, अभिनेता अंशुमन झा उपस्थित रहे।

# पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव आज से

## इन्द्र-इन्द्रणियों ने रचाई हाथों में मांगलिक मेहंदी

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** अर्हम ध्यान योग प्रणेता मुनि प्रणम्य सागर महाराज के सान्निध्य में सेक्टर 6 हीरापथ के नेमीनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में 6 दिवसीय श्रीमज्जिनेन्द्र आदिनाथ जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव का शुक्रवार को घटयात्रा एवं ध्वजारोहण से भव्य आगाज होगा। यहां बनाई गई अयोध्या नगरी में मांगलिक क्रिया के तहत गुरुवार को भजनों की मधुर स्वर लहरियों के बीच इन्द्र-इन्द्रणियों के हाथों में मांगलिक मेहंदी रचाई गई।



आयोजन में देश भर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। अध्यक्ष धन कुमार कासलीवाल एवं मंत्री सुरेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी नितिन भैया खुरई एवं सह प्रतिष्ठाचार्य शुभम शास्त्री बड़ा मलहरा के निर्देशन में शुक्रवार को प्रातः 7 बजे मंदिर जी से श्री जी को लेकर पंचकल्याणक स्थल तक बैंडबाजों के साथ विशाल घट यात्रा, ध्वज यात्रा निकाली जाएगी। जो विभिन्न मार्गो से होती हुई मानसरोवर अयोध्या नगरी पहुंचेगी। जहां पांडाल उद्घाटन के साथ महामहोत्सव का आगाज होगा।

जैन ने बताया कि 8 फरवरी को गर्भ कल्याणक उत्तर रूप की क्रियाएं होंगी। जिसमें प्रातः नित्याभिषेक, शांतिधारा, याग मंडल विधान पूजा, मुनि श्री के मंगल प्रवचन, दोपहर में शांति हवन, नवग्रह हवन, जल हवन, माता की गोद भराई सायंकाल इन्द्र दरबार, कुबेर द्वारा रत्न वर्षा, सोलह स्वप्नों का फलादेश, माता मरु देवी की आरती, गीत, नृत्य, तत्व चर्चा, 56 कुमारियों द्वारा भेंट समर्पण आदि के कार्यक्रम होंगे।

# राष्ट्रीय सम्मेलन में राजस्थान को मिला सर्वश्रेष्ठ चैप्टर पुरस्कार


**जयपुर (मसं)।** एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स इंडिया राजस्थान चैप्टर को एएचपीआई राष्ट्रीय सम्मेलन-2025 में सर्वश्रेष्ठ चैप्टर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम कोच्चि में आयोजित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान राजस्थान में स्वास्थ्य सेवा उत्कृष्टता, नवाचार और नीति निर्माण में एएचपीआई राजस्थान के उल्लेखनीय योगदान को दर्शाता है। एएचपीआई राजस्थान के अध्यक्ष डॉ. अशोक खंडाका ने कहा कि यह पुरस्कार सिर्फ एक सम्मान नहीं बल्कि हमें राजस्थान के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र को और अधिक सशक्त बनाने की प्रेरणा देगा। हम नवाचार को बढ़ावा देने, स्वास्थ्य सेवा की पहुंच को विस्तारित करने और नीति सुधारों को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिससे गुणवत्तापूर्ण और सस्ती चिकित्सा सेवाएं सभी के लिए उपलब्ध हो सकें। महासचिव डॉ. सर्वेश अग्रवाल ने कहा कि हम इस उपलब्धि पर अत्यंत गर्व महसूस कर रहे हैं। यह हमारे पूरे टीम के समर्पण और अथक प्रयासों का प्रमाण है। इस सम्मान का श्रेय हमारे पदाधिकारियों, जिनमें सचिन झंवर, मयंक सिंघी, पूर्व अध्यक्ष डॉ. विकास स्वर्णकार को है।

# प्रबंधन अध्ययन की प्रयोगशाला बना महाकुंभ अन्य आयोजनों में मिल पाएगी खासी मदद

## हार्वर्ड, स्टैनफोर्ड, क्योटो विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ दे रहे आंकड़ों को अंतिम रूप

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रयागराज में आयोजित हो रहा महाकुंभ प्रबंधन अध्ययन की प्रयोगशाला साबित हो रहा है। यहां प्रतिष्ठित हार्वर्ड, स्टैनफोर्ड, क्योटो विश्वविद्यालय जैसे वैश्विक संस्थानों के साथ आईआईटी, आईआईएम, एम्स जैसे संस्थानों के विशेषज्ञों ने महाआयोजन का बारीकी से अध्ययन कर रहे हैं। मेले का प्रबंधन, अस्थाई नगरी की संरचना, पर्यावरणीय प्रभाव, स्वास्थ्य सेवाएं, यातायात और सामाजिक-सांस्कृतिक परिवर्तनों का अध्ययन किया जा रहा है। विशेष तौर पर प्रमुख स्नान पर्वों पर यातायात प्रबंधन, स्नान प्रबंधन, श्रद्धालुओं की सुरक्षा, शोध का विषय है। महाकुंभ में डटे सैकड़ों



शोधकर्ताओं ने अध्ययन का अधिकांश भाग पूरा कर लिया है और इसको अंतिम रूप दे रहे हैं। इससे साफ है कि महाकुंभ प्रबंधन पर किया गया वैश्विक शोध सुधारों की नींव बनेगा और भविष्य में बड़े आयोजनों की रणनीतियों को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा। महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में बसाई गई अस्थाई नगरी को एक आधुनिक शहरी नियोजन के उत्कृष्ट उदाहरण के रूप में देखा जा रहा है। आईआईटी मद्रास, बीएचयू और एमएनएनआईटी यातायात प्रबंधन, अस्थाई पुलों, पार्किंग सुविधाओं और भीड़ नियंत्रण पर संयुक्त शोध कर रहे हैं। शोधकर्ताओं के अनुसार यह अध्ययन महाकुंभ जैसे बड़े आयोजनों और स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स में भी उपयोगी साबित हो सकते हैं। गंगा और यमुना के जल की शुद्धता को बनाए रखना महाकुंभ के दौरान सबसे बड़ी चुनौती होती है। लाखों श्रद्धालुओं के स्नान और अपशिष्ट प्रबंधन की जटिलताओं को समझने के लिए आईआईटी मद्रास और बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन ने अध्ययन लगभग पूरा कर लिया है और अब निष्कर्षों पर काम हो रहा है।

### बड़े आयोजनों में मिलेगी सहायता

आईआईटी कानपुर द्वारा इंटरनेट मीडिया की भूमिका, डेटा प्रबंधन और साइबर सुरक्षा पर किया गया शोध भविष्य में डिजिटल गवर्नेंस और बड़े आयोजनों की सुरक्षा नीतियों को विकसित करने में सहायक हो सकता है। श्रद्धालुओं की पर्यावरणीय जागरूकता को लेकर शोध कर रहा संस्कृति फाउंडेशन हैदराबाद यह समझने का प्रयास कर रहा है कि क्या तीर्थयात्री प्लास्टिक उपयोग, कचरा प्रबंधन और नदी स्वच्छता के प्रति संवेदनशील हैं। इसके आधार पर जागरूकता अभियानों की रणनीति तैयार की जाएगी।

# केंद्रीय बजट पर संवाद सत्र का आयोजन

**जयपुर (मसं)।** कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय में आईक्यूएसी की ओर से गुरुवार को केंद्रीय बजट पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन



किया गया। इस सत्र में केंद्रीय बजट के विभिन्न आयामों पर संवाद किया गया। महाविद्यालय निदेशक डॉ. रश्मि चतुर्वेदी ने सरकारी नीतियों एवं टैक्स स्कीम पर सार्वजनिक जवाबदेही व उसके कुशल उपयोग पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने बजट 2025-26 के आयकर के बारे में सभी प्राध्यापिकाओं को अवगत कराया। उप-प्राचार्य डॉ. सुनीता माथुर ने भी अपने विचार साझा किए। डॉ. भारती गोधवानी ने टीडीएस कटौती, डिविडेंट, रेंटल इनकम और बीमा कम्पनी निवेश में बढ़ोतरी के बारे में जानकारी दी। डॉ. विजयलक्ष्मी गुप्ता, डॉ. आंचल पुरी, प्राध्यापिका प्राची सोनी ने भी अपने विचार साझा किए। डॉ. विष्णु प्रिया टेमाणी ने जीएसटी, टैक्स रेट स्लैब और रिटर्न के संशोधन के बारे में बताया। डॉ. स्वाति एस सुल्तानिया ने गिग श्रमिकों की उपलब्धियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में महाविद्यालय की सभी प्राध्यापिकाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रियंका खुराना ने किया।

# क्या दिल्ली में बन रही भाजपा सरकार!

## एक्जिट पोल में साफ-साफ दिखाई दे रहे बदलाव के संकेत

**दिल्ली** विधानसभा चुनाव 2025 के लिए 5 फरवरी को वोटिंग संपन्न हो गई। इस बार भी दिल्ली में तीन महत्वपूर्ण पार्टियों के बीच ये पूरी सियासी लड़ाई दिखी, ये पार्टी हैं- सत्ताधारी आम आदमी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस। ऐसे में इन तीनों पार्टियों की तरफ से किए जा रहे दावों के बीच एग्जिट पोल में चौंकानेवाला अनुमान लगाया गया है। अधिकतर एग्जिट पोल के मुताबिक, इस बार दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। मैट्रिज ने दिल्ली की 70 सीटों में से सत्ताधारी आम आदमी पार्टी को 32 से 37 सीटें, भाजपा को 35 से 40 सीटें और कांग्रेस को 1 सीट आने का अनुमान लगाया है। जबकि, चाणक्या ने भी अपने एग्जिट पोल में भाजपा की सरकार का अनुमान लगाया है। चाणक्या के मुताबिक, आम आदमी पार्टी को 25 से 28 सीटें, भाजपा को 39 से 44 सीटें और कांग्रेस को 2 से 3 सीटें आ सकती है। पोल डेयरी ने भी दिल्ली में भाजपा की सरकार की संभावना एग्जिट पोल में जताई है। इसके मुताबिक, आम आदमी पार्टी को 18 से 25, भाजपा को 42 से 50 और कांग्रेस को 2 सीटें मिल सकती है। तो वहीं, जेवीसी के मुताबिक, दिल्ली में आम आदमी पार्टी को 25 से 28, भाजपा को 35 से 40 जबकि कांग्रेस को 2 से 3 सीटें मिल सकती है। तो वहीं 2 एग्जिट पोल ने आम आदमी पार्टी की सरकार बनने का दावा किया है, ये हैं वी प्रसाइड और माइंड ब्रींक। वी प्रसाइड के मुताबिक, दिल्ली में आम आदमी पार्टी को 46 से 52 सीटें, भाजपा को 18 से 23 सीटें जबकि कांग्रेस को 1 सीट मिल सकती है। तो वहीं माइंड ब्रींक ने अपने एग्जिट पोल में आम आदमी पार्टी के पक्ष में 44 से 49 सीटें, भाजपा के पक्ष में 21 से 25 सीटें और कांग्रेस के खाते में 1 सीट का अनुमान लगाया गया है। दरअसल, एग्जिट पोल बताते हैं कि दिल्ली की ज्यादातर सीटों पर मुकाबला त्रिकोणीय रहेगा। इसके अलावा, पूर्वांचल के लोगों का दिल्ली चुनाव में खासा असर है, लेकिन इनका वोटों का इस बार बंटवारा हो रहा है। पूर्वांचली वोट भाजपा के साथ ही कांग्रेस को भी जाएगा, जो इससे पहले केजरीवाल को मिला था। इसके अलावा, कांग्रेस की स्थिति भले ही सर्वे में जीरो दिखा रहा हो, लेकिन वह 5 से 8 सीटें जीत सकती है। ये सीटें मुस्तफाबाद, सीलमपुर जैसी सीटें हैं। ऐसी दिल्ली में कई जगह है, जहां पर कांग्रेस सीट निकाल सकती है। इसके अलावा, पिछले चुनाव में भाजपा को आठ सीटें मिली थीं, ऐसी स्थिति में अगर भाजपा का वोट फीसदी बढ़ता है तो यहां पर कड़ा मुकाबला होगा और हो सकता है कि आम आदमी पार्टी इस चुनाव में सत्ता गंवा दे। जबकि दिल्ली एग्जिट पोल पर दिल्ली यूनिवर्सिटी की पॉलिटिकल साइंस की प्रोफेसर डॉ. रचना प्रसाद का कहना है कि ऐसे कई मुद्दे हैं, जिसने आम आदमी पार्टी के खिलाफ काम किया है। इसमें से एक एंटी इन्कम्बैन्सी और केजरीवाल की तरफ से किए गए वादों का पूरा न होना है। रचना प्रसाद का कहना है कि मुख्य मुद्दे जैसे सड़क और पानी बड़ा मुद्दा रहा। पानी बहुत जगहों पर साफ नहीं आ रहा था तो वहीं सड़कें कई जगहों पर ऐसी हो गई थी, जिस पर लोगों का चलना मुश्किल हो रहा था। ऐसे में भाजपा का चांस ज्यादा पहले से लग रहा था। कांग्रेस लड़ाई में आ गई, इसलिए भी आम आदमी पार्टी को इस चुनाव में नुकसान की संभावना है। रुमान हाशमी आगे बताते हैं कि अगर कांग्रेस पार्टी 7 से 8 सीटें लाने में कामयाब होती है तो हो सकता है कि आम आदमी पार्टी उसके साथ मिलकर सरकार बनाने में कामयाब हो जाए। लेकिन जब वोट पैटर्न की बात करें तो पूर्वी दिल्ली में आम आदमी पार्टी और भाजपा का मुकाबला है। मुस्लिम की हॉट सीट ओखला में मुकाबला त्रिकोणीय हो चुका है। ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम के नेता और ओखला से उम्मीदवार शफीकुर्रहमान पिछले काफी समय से जेल में बंद हैं। ऐसे उन्हें सहानुभूति का वोट मिलता दिख रहा है। यानी एकतरफा किसी एक पार्टी को वोट नहीं जा रहा है। इधर, शाहीन बाग में कांग्रेस को अच्छी संख्या में वोट पड़े हैं। जबकि ओवैसी की पार्टी और केजरीवाल की पार्टी को भी वोट मिला है। वहीं जब जामिया के इलाके से अगर आप बाहर निकलते हैं, जैसे- बदलपुर, जैतपुर, महारानी बाग या फिर तैमूर नगर, जहां पर मुस्लिम आबादी बहुत कम है, तो उन जगहों पर सीधा मुकाबला भाजपा और आप पार्टी के बीच होगा। हो सकता है कि थोड़ा बहुत वोट कांग्रेस को भी मिले। इस तरह की कई सीटों पर मुकाबला त्रिकोणीय होने का फायदा भाजपा को मिला है। एक और फैक्टर इस चुनाव में रहा वो ये कि कांग्रेस और ओवैसी की पार्टी ने आरोप लगाया कि मुस्लिम मतदाताओं के क्षेत्र में केजरीवाल एक बार भी नहीं गए। ऐसे में मुस्लिम का गुस्सा भी आम आदमी पार्टी पर फूटा है। भाजपा से जुड़े कुछ मुस्लिम हैं, वो भाजपा के खाते में भी वोट पड़ता है। इस बार के चुनाव में विधानसभा की 70 पर 699 उम्मीदवार मैदान में थे और इसके लिए 13 हजार 766 पोलिंग बूथ बनाए गए थे। दिल्ली में करीब 1.56 करोड़ मतदाता हैं। दिल्ली में पिछली बार यानी 2020 में कुल 62.59 फीसदी वोटिंग हुई थी। हालांकि, दिल्ली में हुए पिछले दो एग्जिट पोल का अनुमान देखें तो करीब 99 फीसदी सही रहा है। हालांकि, आम आदमी पार्टी पिछले दो चुनावों की तरह ही इस बार भी भारी जीत का दावा करती आ रही थी। जबकि, भाजपा और कांग्रेस को ये उम्मीद रही है कि वे इस बार जरूर बेहतर करेंगे। वैसे अधिकतर एग्जिट पोल गलत साबित हुए हैं। लेकिन जब दिल्ली चुनाव की बात करें तो 2015 और 2020 दोनों ही चुनावों में एग्जिट पोल का अनुमान बिल्कुल सही रहा है। 2015 में आम आदमी पार्टी ने 70 में से 67 सीटें जीती थीं, जबकि भाजपा सिर्फ 3 सीट पर सिमट गई थी तो वहीं कांग्रेस का हाथ खाली रहा था। इसी तरह 2020 के चुनाव के दौरान एग्जिट पोल में आम आदमी पार्टी की जीत का दावा किया गया था। उसमें भी आम आदमी पार्टी ने उम्मीद से ज्यादा प्रदर्शन करते हुए 70 में से 62 सीटें जीती थी। जबकि भाजपा सिर्फ 8 सीट जीत सकी थी। अब जबकि मतगणना में सिर्फ 24 घंटे का समय बाकी है तो सियासी दलों के दावे-प्रतिदावे भी सामने आ जाएंगे। लेकिन मतदाताओं का रुख इस बार बदलाव का साफ संकेत दे रहा है और घड़ी की सुई की टिक-टिक चालू हो गई है।



**दिल्ली चुनाव की बात करें तो 2015 और 2020 दोनों ही चुनावों में एग्जिट पोल का अनुमान बिल्कुल सही रहा है। 2015 में आम आदमी पार्टी ने 70 में से 67 सीटें जीती थी, जबकि बीजेपी सिर्फ 3 सीट पर सिमट गई थी तो वहीं कांग्रेस का हाथ खाली रहा था। इसी तरह 2020 के चुनाव के दौरान एग्जिट पोलम में आम आदमी पार्टी के जीत का दावा किया गया था। उसमें भी आम आदमी पार्टी ने उम्मीद से ज्यादा प्रदर्शन करते हुए 70 में से 62 सीटें जीती थी। जबकि बीजेपी सिर्फ 8 सीट जीत सकी थी।**


# राहुल गांधी की देश-विरोधी बचकानी राजनीति

ललित गर्ग

**एक** बार फिर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को नीचा दिखाने के इरादे से ऐसा बयान दिया है जो न केवल भारत की साख को आघात लगाने वाला है बल्कि देश की एकता एवं अखंडता को ध्वस्त करने वाला है। राहुल गांधी किस तरह गैर जिम्मेदाराना बयान देने में माहिर हो गए हैं,यह इस कथन से फिर सिद्ध हुआ कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर इसलिए बार-बार अमेरिका जा रहे थे, ताकि भारतीय प्रधानमंत्री को डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में बुलाया जाए। राहुल गांधी मोदी-विरोध में कुछ भी बोले, यह राजनीति का हिस्सा हो सकता है, लेकिन वे मोदी विरोध के चलते देश-विरोध में जिस तरह के अनाप-शनाप दावे करते हुए गलत बयान देते हैं, वह उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता एवं बचकानेपन को ही दर्शाता है। आखिर कब राहुल एक जिम्मेदार एवं विवेकवान प्रतिपक्ष के नेता बनेंगे?

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से राजनीति से हटकर भी गहरे व्यक्तिगत आत्मीय मित्रवत संबंध है, इसलिए उनका शपथ ग्रहण समारोह में बुलाने पर किसी तरह का संदेह नहीं हो सकता। लेकिन इस बात को लेकर राहुल के बयान पर हैरानी होना स्वाभाविक है। यही कारण है कि लोकसभा में संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू ने राहुल गांधी की इस विचित्र बात पर आपत्ति जताई, बल्कि विदेश मंत्री जयशंकर ने भी नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि वह ऐसी बात कहकर भारत की छवि खराब करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राहुल गांधी के झूठ का उद्देश्य राजनीतिक हो सकता है, लेकिन ऐसे झूठे, भ्रामक एवं गुमराह करने वाले बयान से भारत की छवि को गहरा नुकसान हुआ है। यह तय है कि विदेशी मंत्री के प्रतिवाद का राहुल गांधी की सेहत पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है। ऐसी मिथ्या बातें करके वे प्रधानमंत्री पर हमला करने का कोई अवसर नहीं चूकते। वह प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी को कोई महत्व नहीं देते। आखिर यह किसी से छिपा नहीं कि वह उनके खिलाफ तू-तड़ाक वाली अशालीन एवं अमर्यादित भाषा का उपयोग करते रहे हैं। विडंबना यह है कि इस आदत का परित्याग वह नेता प्रतिपक्ष का पद हासिल करने के बाद भी नहीं कर पा रहे हैं। समस्या केवल यह नहीं कि वह प्रधानमंत्री पद की गरिमा की परवाह नहीं करते। समस्या यह भी है कि वह प्रायः ऐसी बचकानी बातें कर जाते हैं, जो राष्ट्रीय हितों के प्रतिकूल होती हैं या दूसरे देशों से संबंधों पर बुरा असर डालती हैं।

राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष हैं और उन्होंने अन्य सांसदों की ही तरह देश की अखंडता और एकता की रक्षा करने की शपथ ली थी, लेकिन उनके द्वारा समय-समय पर दिए गए वक्तव्य एवं टिप्पणियां पूरी तरह से राष्ट्र विरोधी है। ऐसा लगता है कि राहुल गांधी भारत विरोधी अलगाववादी समूह के नेता बनने की राह पर अग्रसर हैं और उनका इरादा भारत की एकता, अखंडता और सामाजिक सद्भाव को नष्ट करना और देश को गृहयुद्ध की ओर धकेलना है। इस तरह राहुल गांधी द्वारा देश में विभाजन के बीज बोने के प्रयास निंदनीय ही नहीं, घोर चिंतनीय है। सत्ता के लालच में कांग्रेस एवं उनके नेता देश की अखंडता के साथ समझौता और आम आदमी के भरोसे को तोड़ने से बाज नहीं आ रहे हैं। राहुल के बयानों से ऐसा प्रतीत होता है कि उनकी लड़ाई सिर्फ भाजपा और आरएसएस से नहीं, बल्कि भारत से है। राहुल गांधी अक्सर भारत राष्ट्र अर्थात भारत के संविधान यानी अंबेडकर के संविधान के खिलाफ विषवमन करते दिखाई देते हैं। गांधी परिवार की 'मुंह में राम और बगल में छुरी' वाली कहावत जनता के सामने बार-बार आती रही है। अंबेडकर के अस्तित्व को नकार कर भारत के संविधान को बदलने के बाद गांधी परिवार देश का विभाजन, दुश्मन देश के नेताओं एवं शक्तियों के सपनों का टुकड़ों वाला भारत चाहता है। आखिर



राहुल गांधी और कांग्रेसी किस बात के लिए संविधान की प्रति लेकर चलते हैं? इस तरह एक गैर जिम्मेदार और बचकाने नेता का लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष होना क्या देश का दुर्भाग्य नहीं है? राहुल गांधी को गंभीर आत्मनिरीक्षण करने की जरूरत है।

राहुल गांधी अपने आधे-अधूरे, तथ्यहीन एवं विध्वंसात्मक बयानों को लेकर निरंतर चर्चा में रहते हैं। उनके बयान हास्यास्पद होने के साथ उद्देश्यहीन एवं उच्छृंखल भी होते हैं। राहुल ने पहले भी बातों-बातों में यह कहा था कि चीन ने भारत की जमीन पर कब्जा कर लिया है। वह देश के प्रमुख विपक्षी दल के नेता हैं। सरकार की नीतियों से नाराज होना, सरकार के कदमों पर सवाल उठाना उनके लिए जरूरी है। राजनीतिक रूप से यह उनका कर्तव्य भी है। लेकिन चीन के साथ उनकी सहानुभूति अनेक प्रश्नों को खड़ा करती है। ऐसे ही सवालों में आज तक इस सवाल का जवाब भी नहीं मिला कि आखिर राजीव गांधी फाउंडेशन को चीनी दूतावास से चंदा लेने की जरूरत क्यों पड़ी? वह यह नहीं बताते कि 2008 में अपनी बीजिंग यात्रा के दौरान सोनिया गांधी और उन्होंने कम्युनिस्ट पार्टी से समझौता क्यों किया था? इतना ही नहीं, जब राहुल गांधी राफेल विमान सौदे में कथित दलाली खोज लाए थे, तो यहां तक कह गए थे कि खुद फ्रांस के राष्ट्रपति ने उन्हें बताया था कि दोनों देशों में ऐसा कोई समझौता नहीं, जो राफेल विमान की कीमत बताने से रोकता हो। उनके इस झूठ का खंडन फ्रांस की सरकार को करना पड़ा था। डोकलाम विवाद के समय वह भारतीय विदेश मंत्रालय को सूचित किए बिना किस तरह चीनी राजदूत से मुलाकात करने चले गए थे। जब इस मुलाकात की बात सार्वजनिक हो गई तो उन्होंने यह विचित्र दावा किया कि वह वस्तुस्थिति जानने के लिए चीनी राजदूत से मिले थे। क्या इससे अधिक गैरजिम्मेदाराना हरकत और कोई हो सकती है?

राहुल गांधी के गैरजिम्मेदाराना बयानों से यही पता चलता है कि उन्हें न तो प्रधानमंत्री की बातों पर यकीन है, न रक्षा मंत्री की और न ही विदेश मंत्री की। यह भी स्पष्ट है कि उन्हें शीर्ष सैन्य अधिकारियों पर भी भरोसा नहीं। ध्यान रहे, वह सर्जिकल और एयर स्ट्राइक पर भी बेतूके सवाल खड़े कर चुके हैं। उनकी कार्यशैली एवं बयानबाजी में अभी भी बचकानापन एवं गैरजिम्मेदाराना भाव ही झलकता है। लगता है कांग्रेस के शीर्ष नेता एवं प्रतिपक्ष के नेता होने के कारण वे अहंकार के शिखर पर चढ़ बैठे हैं, निश्चित ही राहुल के विष-बुझे बयान इसी राजनीतिक अहंकार से उपजे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि भारत के सबसे बड़े दुश्मन राष्ट्र की वे तरफदारी करते एवं चीन के एजेंडे को बल देते नजर आते हैं। उनका यह रवैया नया नहीं, लेकिन यह देश के लिए घातक है। इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाए जाने के मोदी सरकार के फैसले की राहुल गांधी की अनावश्यक आलोचना को पाकिस्तान ने अपने पक्ष में भुनाने का काम किया था। अब भी वह सीमा विवाद पर चीन की बातों को अहमियत देते हैं और भारत सरकार की जानकारी पर यकीन नहीं करते। जनता यह गहराई से देख रही है कि राहुल किस तरह गलवान में हमारे सैनिकों की वीरता-शौर्य-बलिदान पर सवाल उठाते रहे हैं, भारत की बढ़ती साख, सुरक्षा एवं विकास की तस्वीर को बट्टा लगा रहे हैं। यह समझ आता है कि वह घरेलू मुद्दों पर सरकार को घेरें और उसकी आलोचना करें, लेकिन कम से कम ऐसी निराधार और मनगढंत बातें तो न करें, जिससे प्रधानमंत्री पद का उपहास उड़े, देश हित आहत हो।

उल्लेखनीय बात यह है कि निंदक एवं आलोचक कांग्रेस को सब कुछ गलत ही गलत दिखाई दे रहा है। मोदी एवं भाजपा में कहीं आहट भी हो जाती है तो कांग्रेस में भूकंप-सा आ जाता है। मजे की बात तो यह है कि इन कांग्रेसी नेताओं को मोदी सरकार की एक भी विशेषता दिखाई नहीं देती, कितने ही कीर्तिमान स्थापित हुए हो, कितने ही आयाम उद्घाटित हुए हो, कितना ही देश को दुश्मनों से बचाया हो, कितनी ही सीमाओं एवं भारत भूमि की रक्षा की हो, कितना ही आतंकवाद पर नियंत्रण बनाया हो, कितनी ही देश के तरक्की की नई इबारतें लिखी गई हो, समूची दुनिया भारत की प्रशंसा कर रही हो, लेकिन राहुल एवं कांग्रेस नेताओं को सब काला ही काला दिखाई दे रहा है। कमियों को देखने के लिए सहस्राक्ष बनने वाले राहुल अच्छाई को देखने के लिए एकाक्ष भी नहीं बन सके हैं।

# ट्रंप के व्यापार युद्ध का असर पूरी दुनिया पर

अनिल त्रिगुणायत

**जैसी** कि आशंका थी, दूसरी बार सत्ता में आते ही डोनाल्ड ट्रंप ने चीन, कनाडा और मेक्सिको के खिलाफ शुल्क युद्ध छेड़ दिया है। ट्रंप का कहना है कि यह कदम अवैध प्रवासन और ड्रग्स तस्करी से उपजी चिंताओं को लेकर उठाया गया है। ट्रंप ने अपने चुनाव अभियान में भी मुख्य रूप से इन दोनों मुद्दों को उठाया था। यही नहीं, चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद से ही इन वादों को पूरा करने की दिशा में कदम उठाने का संकेत ट्रंप दे रहे थे। गौरतलब है कि अपने पहले राष्ट्रपति काल में भी ट्रंप ने चीन के साथ दो साल का व्यापार युद्ध शुरू किया था। तब दोनों देशों ने एक दूसरे के अरबों डॉलरों के सामान पर शुल्क लगाए थे, जिससे वैश्विक आपूर्ति प्रभावित हुई थी और विश्व अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचा था। ट्रंप प्रशासन ने चीनी उत्पादों पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाया है। उसने मेक्सिको और कनाडा से आयातित उत्पादों पर 25 प्रतिशत व्यापार शुल्क लगाने की घोषणा की थी, हालांकि कनाडा के ऊर्जा संसाधनों पर उसने 10 प्रतिशत शुल्क लगाने का ही ऐलान किया था। मेक्सिको और कनाडा ने भी अमेरिकी व्यापार शुल्क के बदले में जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा की थी।

अमेरिका द्वारा चीनी उत्पादों पर शुल्क लगाने के जवाब में चीन ने भी कई अमेरिकी उत्पादों पर 15 फीसदी जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा की, जो 10 फरवरी से प्रभावी होगा। साथ ही, उसने अमेरिकी सर्च इंजन गूगल की जांच की भी बात कही। चीन की ओर से कहा गया है कि अमेरिका का एकतरफा शुल्क बढ़ाना विश्व व्यापार संगठन के नियमों का उल्लंघन है। उसने यह भी कहा है कि ट्रंप प्रशासन का यह कदम समस्याओं का हल करने में कोई मदद नहीं करेगा। इसके बजाए यह चीन और अमेरिका के बीच सामान्य आर्थिक और व्यापार सहयोग को नुकसान पहुंचाएगा। हालांकि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम के साथ अलग-अलग बातचीत में ट्रंप ने इन दोनों देशों पर शुल्क लगाए जाने के फैसले को लागू करने पर कम से कम एक महीने की रोक लगाने पर सहमति जताई है। जबकि चीन पर लगाया गया व्यापार शुल्क मंगलवार से लागू हो गया है। हालांकि ट्रंप ने अगले कुछ दिनों में चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग के साथ बातचीत करने की योजना बनाई है। ट्रंप की इस पहल से विश्व स्तर पर आर्थिक अस्थिरता का एक नया दौर शुरू हो गया है।

'अमेरिका प्रथम' की नीति के साथ शुरू हुआ यह युद्ध विश्व व्यापार को नया रूप देने जा रहा है और उद्योगों तथा सरकारों को अपनी व्यापार रणनीतियों के बारे में फिर से सोचने पर मजबूर कर दे रहा है। इसका परिणाम चाहे जो भी हो, लेकिन तात्कालिक तौर पर इससे आयात लागत में वृद्धि होगी, आपूर्ति श्रृंखला में रुकावट आएगी और बहुराष्ट्रीय कारोबार में अनिश्चय की स्थिति उत्पन्न होगी। वैश्विक शेयर बाजार तो ट्रंप के इस कदम से वैसे भी हिल गए हैं। मजबूत घरेलू बाजार होने के कारण अमेरिका पर भले ही इस व्यापार युद्ध का असर न पड़े, लेकिन कनाडा और मेक्सिको जैसे देशों को, जहां जीडीपी में कारोबार की हिस्सेदारी लगभग 70 प्रतिशत तक है, इससे काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है।



यही नहीं, मेक्सिको पर थोपे जाने वाले शुल्क का असर कमोबेश पूरे लैटिन अमेरिका में फैल सकता है। शुरुआती स्तर पर भले ही अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर इसका असर न पड़े, लेकिन दीर्घावधि में ट्रंप की इस आक्रामकता का असर अमेरिकी बाजारों पर निश्चित रूप से पड़ेगा और उसे नुकसान होगा।

जहां तक चीन की बात है, तो वह 120 से भी अधिक देशों के लिए प्रमुख व्यापार भागीदार है और अमेरिका उनमें से सिर्फ एक है। इसके अलावा बार-बार व्यापार युद्ध का सामना करते रहने के कारण अब चीन ने जीडीपी में आयात-निर्यात की हिस्सेदारी बहुत कम कर दी है। ढाई दशक पहले तक उसकी जीडीपी में आयात-निर्यात की हिस्सेदारी 60 प्रतिशत के आसपास थी, जो अब घट कर 37 फीसदी के आसपास रह गई है। ऐसे में, 10 प्रतिशत व्यापार शुल्क उसे चुभेगा जरूर, लेकिन वह इस झटके को बर्दाश्त करने की स्थिति में है। ट्रंप के इस फैसले की यूरोपीय संघ ने आलोचना की है।


यूरोपीय संघ के प्रवक्ता ने खुली व्यापार व्यवस्था का समर्थन करते हुए कहा कि व्यापार शुल्क लगाने से आर्थिक अस्थिरता बढ़ती है और महंगाई में वृद्धि होती है। इस पर जब ट्रंप ने यूरोपीय संघ को धमकी दी, तो यूरोपीय नेताओं ने भी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर ट्रंप ने व्यापार शुल्क का विस्तार यूरोपीय संघ तक किया, तो व्यापार युद्ध छिड़ सकता है, जो अटलांटिक के दोनों ओर के उपभोक्ताओं को नुकसान पहुंचाएगा।

यूरोपीय संघ ने भी कहा है कि अगर उसे निशाना बनाया गया, तो वह भी जवाब देगा। ट्रंप ने ब्रिक्स देशों को भी धमकी दी है कि अगर उसने डॉलर से अलग जाकर अपनी अलग मुद्रा अपनाई, तो उस पर भारी शुल्क थोपा जाएगा। यह ठीक है कि ब्रिक्स देशों की अलग मुद्रा की मुहिम में भारत नहीं है, लेकिन अमेरिका के पूर्ववर्ती बाइडेन प्रशासन ने रूस को अंतरराष्ट्रीय मौद्रिक प्रणाली से बाहर कर दिया, और अब ट्रंप अलग मुद्रा अपनाने की रूस-चीन की मुहिम पर धमकी दे रहे हैं, तो यह ठीक नहीं है। ब्रिक्स आज अगर अलग मुद्रा की बात कर रहा है, तो इसके लिए अमेरिका ही जिम्मेदार है।


हमारे यहां मीडिया में यह बताया जा रहा है कि चीन और अमेरिका द्वारा एक दूसरे पर व्यापार शुल्क थोपने का फैसला भारत के लिए अच्छा है। कहा यह जा रहा है कि इससे भारतीय निर्यात में उछाल आने वाला है, क्योंकि दोनों देशों की ओर से एक दूसरे के सामान पर शुल्क लगाने के बाद वे महंगे हो जाएंगे और ऐसे में, भारत के पास दोनों ही बाजारों में अपने सामान का निर्यात बढ़ाने का सुनहरा मौका रहेगा। लेकिन मैं ऐसा नहीं मानता। ट्रंप की नीति अमेरिका को मजबूत और महान देश बनाने की है। अपने हित में वह किसी भी देश के खिलाफ कदम उठा सकते हैं। अपने पिछले राष्ट्रपति काल में ट्रंप ने भारत के खिलाफ भी कदम उठाए थे। लिहाजा यह मानने का कोई कारण नहीं है कि ट्रंप की आक्रामकता से उत्पन्न हो रही व्यापार युद्ध की स्थिति भारत के लिए लाभदायक होगी। अच्छी बात यह है कि भारत को ट्रंप के रवैये के बारे में न सिर्फ मालूम है, बल्कि वह अमेरिका की तरफ से किसी भी असहज करने वाली स्थिति के लिए तैयार है।

## राशिफल

**आज दिनांक 7 फरवरी, 2025, शुक्रवार, विक्रम संवत् 2081, माघ माह, शुक्ल पक्ष दशमी, रोहिणी नक्षत्र, तैतिल करण, ऐंद्र योग, राहुकाल: सुबह 11:17 से 12:40 बजे तक, सूर्योदय सुबह 7:07 बजे, सूर्यास्त सायं 6:14 बजे, चंद्रोदय दोपहर 1.14 बजे, चंद्रास्त सुबह 3:33 बजे, अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:18 बजे से 1:03 बजे, ब्रह्म मुहूर्त सुबह 5:30 से 6:18 बजे तक, चंद्रमा वृषभ राशि में संचार करेगा।**





आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। परिवार वालों के साथ आप अपने मनपसंद व्यंजन का आनंद ले सकते हैं। शादीशुदा लोग अपने गृहस्थ जीवन में खुशियां ढूंढ लेंगे। युवा वर्ग अपने प्रेम संबंधों के प्रति गंभीर और ईमानदार रहें। आज आर्थिक स्तर पर संतोषजनक स्थिति में रहेंगे।




आज आपको तरक्की के कुछ नए साधन मिलेंगे। घर के सदस्यों की इच्छाओं को समझने की कोशिश में रहेंगे। आप अगले कुछ दिनों में पैसा आसानी से कमा सकते हैं इसलिए हर एक अवसर पर ध्यान देने की जरूरत है।




आज का दिन आपके लिए लाभदायक सिद्ध होगा। सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने से आपके व्यक्तित्व में और अधिक निखार आएगा, और जनसंपर्क भी मजबूत होंगे। आज धन की बचत कैसे की जाए इस पर गंभीरता से गौर करें। व्यापार के सिलसिले में अच्छे नतीजे मिलेंगे। प्रॉपर्टी से जुड़े कार्य सफलता दिला सकते हैं।





आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहेगा। कोई महंगा सामान खरीद सकते हैं। महिलाएं आज घर के कामों में बिजी रह सकती हैं। व्यापार में विस्तार की योजनाओं पर काम शुरू होगा। नौकरीपेशा लोगों को काम की अधिकता रहेगी।




आज का दिन आपके पराक्रम में वृद्धि का दिन रहेगा। घरेलू मोर्चे पर कोई अच्छी खबर आपका इंतजार कर रही है। जीवनसाथी आपकी बनाई हुई डिश की तारीफ करेंगे। आज आर्थिक गतिविधियों से संबंधित कुछ लाभकारी योजनाएं बनेंगी। सेहत के मामले में दिन आपके पक्ष में रहेगा।




आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। आज आप परिवार में शुरु होने वाले किसी रोमांचक कार्य को लेकर बेहद उत्साहित रहेंगे। आत्मविश्वास अधिक होने के बाद अधिक ऊर्जावान दृष्टिकोण के लिए तैयार है। आज आपको पारिवारिक संपर्कों से लाभ मिलेगा।





आज का दिन आपके लिए कुछ खास रहने वाला है। धन से जुड़े कार्य प्रभावित हो सकते हैं। प्रॉपर्टी के लिहाज से आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा, इंतजार करें। सट्टेबाजी का काम करने वालों को आज नुकसान होने के संकेत दिख रहे हैं।




आज दूसरों के नकारात्मक विचारों का असर अपने जीवन पर न होने दें। किसी संस्था के साथ सेवा कार्य करने से सुकून मिलेगा। यदि आप अचल संपत्ति में निवेश करने में रुचि रखते हैं, तो आज का दिन ऐसा करने के लिए एकदम सही है।




आज का दिन आपको सुख व समृद्धि देने वाला रहेगा। यदि आपको आवश्यकता पड़ती है तो अपनों से सहयोग लेने में कोई संकोच नहीं करना चाहिए। आज कुछ लोगों से आपको उम्मीद से अधिक फायदा होगा। थोड़ी मेहनत से किसी बड़े फायदे का योग बन रहा है।




आज सुबह जल्दी उठकर सूर्यदेव की प्रसन्नता के लिए उन्हें जल अर्पित करें। आपके स्वभाव में विनम्रता और विवेक जैसे गुण आपके व्यक्तित्व को और अधिक निखारेंगे। आप किसी चीज को पाने की इच्छा रखते हैं तो आज का दिन आपके लिए अच्छा है।




आज आपका मन शांत रहने वाला है। दूसरों के सम्मान के लिए प्राथमिकताओं के बारे में स्पष्ट रहें। घर में जल्दी शुभ कार्य होने की संभावना भी बन रही है। मनचाहे व्यक्ति के साथ वक्त बिताने को मिलेगा। गृहस्थियों के लिए आज का दिन सामान्य रहेगा।




आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहेगा। कामकाजी लोगों के लिए कुकिंग को हॉबी के रुप में लेना थेरेपी का काम कर सकता है । नौकरी से संबंधित नए अवसर मर्जी के अनुसार मिल सकते हैं। सकारात्मक सोच भविष्य को संवारने में मदद करेगी ऑफिस में किसी काम को लेकर आपकी तारीफ हो सकती है।

## पाप का गुरु 'लोभ'

प्रेरक प्रसंग

**एक** समय की बात है। एक पंडित जी कई वर्षों तक काशी में शास्त्रों का अध्ययन करने के बाद गांव लौटे। पूरे गांव में शोहरत हुई कि काशी से शिक्षित होकर आए हैं और धर्म से जुड़े किसी भी पहेली को सुलझा सकते हैं। शोहरत सुनकर एक किसान उनके पास आया और उसने पूछ लिया- पंडित जी आप हमें यह बताइए कि पाप का गुरु कौन है? प्रश्न सुनकर पंडित जी चकरा गए, उन्होंने धर्म व आध्यात्मिक गुरु तो सुने थे, लेकिन पाप का भी गुरु होता है, यह उनकी समझ और ज्ञान के बाहर था। पंडित जी को लगा कि उनका अध्ययन अभी अधूरा रह गया है। वह फिर काशी लौटे। अनेक गुरुओं से मिले लेकिन उन्हें किसान के सवाल का जवाब नहीं मिला। अचानक एक दिन उनकी मुलाकात एक गणिका (वेश्या) से हो गई। उसने पंडित जी से परेशानी का कारण पूछा, तो उन्होंने अपनी समस्या बता दी। गणिका बोली- पंडित जी! इसका उत्तर है तो बहुत सरल है, लेकिन उत्तर पाने के लिए आपको कुछ दिन मेरे पड़ोस में रहना होगा। पंडित जी इस ज्ञान के लिए ही तो भटक रहे थे। वह तुरंत तैयार हो गए। गणिका ने अपने पास ही उनके रहने की अलग से व्यवस्था कर दी। पंडित जी किसी के हाथ का बना खाना नहीं खाते थे। अपने नियम-आचार और धर्म परंपरा के कट्टर अनुयायी थे। गणिका के घर में रहकर अपने हाथ से खाना बनाते खाते कुछ दिन तो बड़े आराम से बीते, लेकिन सवाल का जवाब अभी नहीं मिला। वह उत्तर की प्रतीक्षा में रहे। एक दिन गणिका बोली- पंडित जी ! आपको भोजन पकाने में बड़ी तकलीफ होती है। यहां देखने वाला तो और कोई है नहीं। आप कहें तो नहा-धोकर मैं आपके लिए भोजन तैयार कर दिया कर दूं।

पंडित जी को राजी करने के लिए उसने लालच दिया- यदि आप मुझे इस सेवा का मौका दें, तो मैं दक्षिणा में पांच स्वर्ण मुद्राएं भी प्रतिदिन आपको दूंगी।

स्वर्ण मुद्रा का नाम सुनकर पंडित जी विचारने लगे। पका-पकाया भोजन और साथ में सोने के सिक्के भी ! अर्थात् दोनों हाथों में लड्डू हैं। पंडित जी अपना नियम-व्रत, आचार-विचार धर्म सब कुछ भूल गए। उन्होंने कहा- तुम्हारी जैसी इच्छा, बस विशेष ध्यान रखना कि मेरे कमरे में आते-जाते तुम्हें कोई नहीं देखे। पहले ही दिन कई प्रकार के पकवान बनाकर उसने पंडित जी के सामने परोस दिया। पर ज्यों ही पंडित जी ने खाना चाहा, उसने सामने से परोसी हुई थाली खींच ली।

इस पर पंडित जी क्रुद्ध हो गए और बोले, यह क्या मजाक है ? गणिका ने कहा, यह मजाक नहीं है पंडित जी, यह तो आपके प्रश्न का उत्तर है। यहां आने से पहले आप भोजन तो दूर, किसी के हाथ का पानी भी नहीं पीते थे, मगर स्वर्ण मुद्राओं के लोभ में आपने मेरे हाथ का बना खाना भी स्वीकार कर लिया। यह लोभ ही पाप का गुरु है।

## सुडोकु 2016

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 8 | | | 3 | | | 4 |
| 9 | 2 | | 1 | | | | 6 | |
| | | 3 | | | | | | |
| | 7 | | | | 8 | | | |
| 8 | | 9 | | | | 1 | | 6 |
| 3 | | 4 | 9 | | | | | 8 |
| 2 | | | 3 | | 7 | | | 9 |
| | | | 5 | | | | | |
| | | | | | 4 | | | 1 |

**संकेत:** आड़े, खड़े व 3 गुणा 3 के वर्ग में 1 से 9 तक के अंक इस प्रकार भरें कि किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो। उत्तर अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा।

### सुडोकु 2015 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 1 | 3 | 8 | 2 | 6 | 9 | 4 |
| 6 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 5 | 8 | 3 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 6 | 7 | 1 | 2 |
| 7 | 4 | 8 | 2 | 9 | 5 | 1 | 3 | 6 |
| 9 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 7 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 4 | 7 | 8 | 5 | 9 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 1 | 4 | 3 | 7 | 8 |
| 3 | 8 | 5 | 7 | 2 | 9 | 4 | 6 | 1 |
| 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 9 | 2 | 5 |

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube twitter



# आतंकी हाफिज के बेटे ने कश्मीर की आजादी की खाई कसम



## बोला- कश्मीर मुसलमानों का है और हम कश्मीर को छीन लेंगे

**लाहौर**

भारत के दुश्मनों में से एक आतंकी हाफिज सईद के बेटे तल्हा ने 'कश्मीर को आजाद' करने की कसम खाई है। पाकिस्तान के लाहौर में आयोजित तथाकथित 'कश्मीर एकजुटता दिवस' के अवसर पर यह बात कही। रैली के दौरान तल्हा सईद ने भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भी जिक्र किया। रिपोर्ट के अनुसार रैली में बोलते हुए उसने अपने पिता की रिहाई की मांग की है। साल 2008 मुंबई हमले का मास्टरमाइंड पाकिस्तान की जेल में बंद है। तल्हा ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चेतावनी देना चाहता हूं कि कश्मीर मुसलमानों का है और हम कश्मीर को आपसे छीन लेंगे। यह जल्द ही पाकिस्तान मुस्लिम भारत का हिस्सा बन जाएगा। तल्हा ने कहा कि लश्कर-ए-तोएबा को वैश्विक स्तर पर एक आतंकवादी संगठन के रूप में पहचाना गया है, जो गलत है। उसने कहा कि मेरे पिता को बदनाम करने में भारत का हाथ है। उसने कहा कि पाकिस्तान सरकार को अपनी नीति की समीक्षा करनी चाहिए और हाफिज सईद को जल्द जेल से रिहा करना चाहिए।

### मुंबई आतंकी हमले का मास्टरमाइंड है हाफिज सईद

लश्कर-ए-तोएबा और जमात-उद-दावा (जेयूडी) के संस्थापक हाफिज सईद को 26/11 मुंबई हमलों का मास्टरमाइंड माना जाता है। विभिन्न आतंकी वित्तपोषण मामलों में पाकिस्तान ने हाफिज सईद को 78 साल की कैद की सजा सुनाई है और 2022 में 31 साल की अतिरिक्त जेल की सजा भी सुनाई है। बता दें कि लश्कर-ए-तोएबा और जमात-उद-दावा को अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र दोनों ने आतंकवादी संगठन घोषित किया है।

# शेख हसीना के भाषण पर बांग्लादेश ने भारत के समक्ष बयान जारी कर जताया विरोध

## सूचना प्रसारण मंत्री बोले-भारत में रहकर राजनीति कर रहीं

**ढाका**



शेख हसीना के भाषण के बाद बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को भारत के समक्ष बयान जारी कर अपना विरोध दर्ज कराया है। यूनुस सरकार ने शीर्ष राजनयिक को बुलाकर कहा कि शेख हसीना भारत में रहकर झूठे और मनगढ़ंत बयान दे रही हैं। छात्र आंदोलन के चेहरे और अब सूचना प्रसारण मंत्री बन चुके नाहिद इस्लाम ने भी इस पर आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि अगर शेख हसीना वहां से राजनीति करने की कोशिश करेंगी या वहां बैठकर राजनीतिक सभाओं को संबोधित करेंगी तो इस सबकी जिम्मेदार भारत सरकार होगी।

शेख हसीना ने फेसबुक पर अपने समर्थकों को संबोधित किया था। उनके भाषण से पहले बांग्लादेश के कई शहरों में हिंसा भड़क गई थी। प्रदर्शनकारियों ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के पिता और बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर्रहमान 'बंगबंधु' के ढाका स्थित धनमंडी-32 आवास पर धावा बोला और तोड़फोड़ की। गुरुवार सुबह शेख हसीना के घर 'सुधा सदन' में भी आग लगा दी गई।

**हसीना के चाचा के घर को बुलडोजर से गिराया:** उधर, खुलना में शेख हसीना के चचेरे भाई शेख सोहेल, शेख जेवेल के घरों को दो बुलडोजरों से ध्वस्त कर दिया गया है। इस हिंसा को लेकर शेख हसीना ने कहा कि किसी ढांचे को मिटाया जा सकता है, लेकिन इतिहास को नहीं मिटाया जा सकता।

**शेख मुजीब के आवास और संग्रहालय में भी घुसे उपद्रवी:** बांग्लादेश में हाल ही में हिंसा की शुरुआत सोशल मीडिया पर 'बुलडोजर जुलूस' के ऐलान के बाद हुई। जब हमला हुआ तब वहां सुरक्षाबल भी मौजूद थे। भीड़ को वहां से जाने के लिए समझाने की कोशिश की, लेकिन कोशिशें नाकाम रहीं। कुछ उपद्रवी शेख मुजीब के आवास और संग्रहालय में भी घुस गए और तोड़फोड़ की। बताया जा रहा है कि आवास में आगजनी भी की गई है। इसके कई वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। बांग्लादेश में शेख हसीना की विरोधी पार्टी बीएनपी ने इस घटना को लोकतंत्र खत्म करने की साजिश करार दिया है।

## यूनुस सरकार की आलोचना करने वाली एक्ट्रेस गिरफ्तार



बांग्लादेश की एक्ट्रेस मेहर अफरोज शॉन को गुरुवार रात गिरफ्तार कर लिया गया। ढाका ट्रिब्यून के मुताबिक उन्हें देश के खिलाफ साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। हालांकि उनके अपराध के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी गई है। शॉन को राजधानी के धानमंडी इलाके से गिरफ्तार किया गया। उन्हें शुक्रवार को अदालत में पेश किया जा सकता है, जहां पुलिस आगे की पूछताछ के लिए रिमांड की मांग करेगी। सोशल मीडिया पर दावा किया जा रहा है कि यूनुस सरकार की आलोचना करने की वजह से उन्हें गिरफ्तार किया गया है।

## अमेरिका में राष्ट्रपति ट्रंप के फैसलों और आदेशों के खिलाफ प्रदर्शन

# एलन मस्क और प्रोजेक्ट-2025 के विरोध में लोगों ने लहराए बैनर

**दमिश्क**

अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फैसलों और कार्यकारी आदेशों का विरोध शुरू हो गया है। अमेरिकी राज्य फिलाडेल्फिया, कैलिफोर्निया, मिनेसोटा, मिशिगन, टेक्सास, विस्कॉन्सिन, इंडियाना की राजधानियों में लोग सड़क पर उतरे। लोगों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, अरबपति एलन मस्क और प्रोजेक्ट 2025 के विरोध में बैनर लहराए। लोगों ने राष्ट्रपति ट्रंप के अप्रवासियों को बाहर करने, ट्रांसजेंडरों के अधिकारों को समाप्त करने और गाजा पट्टी से फलस्तीनियों को हटाने के फैसले का विरोध किया।

ओहायो में स्टेट हाउस के बाहर विरोध प्रदर्शन में मार्गरेट विल्मेथ ने कहा कि मैं पिछले दो सप्ताह से लोकतंत्र में किए जा रहे बदलावों को देख हैरान हूं। मैं इसका विरोध कर रही हूं। मिशिगन के लांसिंग में राज्य कैपिटल के बाहर सैकड़ों लोगों ने प्रदर्शन किया। एक प्रदर्शनकारी ने कहा कि वे ट्रेजरी विभाग के डाटा तक एलन मस्क की पहुंच को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि यदि हम इसको नहीं रोकते हैं और कांग्रेस से कुछ करने को नहीं कहते हैं तो यह लोकतंत्र पर हमला होगा। प्रदर्शनकारियों ने मस्क को ट्रंप की कठपुतली की तरह दिखाते हुए पोस्टर




लहराए। कई राज्यों में एलन मस्क और सरकारी दक्षता विभाग के खिलाफ नारेबाजी की गई। मिसौरी के जेफरसन सिटी में प्रदर्शनकारियों ने स्टेट कैपिटल की सीढ़ियों पर लिखा कि डॉग वैध नहीं है। एलन के पास हमारी सामाजिक सुरक्षा जानकारी क्यों है? प्रदर्शनकारियों ने टेक्सास के ऑस्टिन शहर में मार्च निकाला। अटलांटा के सेंटेनियल ओलंपिक पार्क से जॉर्जिया के स्टेट कैपिटल तक मार्च किया गया। डेनवर में विरोध-प्रदर्शन के दौरान आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन एजेंटों ने विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों को हिरासत में लिया। फीनिक्स में प्रदर्शनकारियों ने एलन को निर्वासित करो और कोई नफरत नहीं, कोई डर नहीं, अप्रवासियों का यहां स्वागत है के नारे लगाए। मिनेसोटा के सेंट पॉल में हजारों लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। वहीं आयोवा के डेस मोइनेस स्थित कैपिटल में प्रदर्शनकारी घुस गए।

प्रदर्शनकारियों ने रोटुंडा में लगे स्पीकर पर लगभग 15 मिनट तक चिल्लाया। इसके बाद कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने उन्हें बाहर धकेल दिया। हथकड़ी में बंधे चार प्रदर्शनकारियों को हटा दिया। अलबामा में एलजीबीटीक्यू लोगों को निशाना बनाने वाली कार्रवाइयों का विरोध करने के लिए लोग स्टेटहाउस के बाहर एकत्र हुए।

## ट्रंप के फैसले से हाफिज सईद के आतंकी संगठन की टूटेगी कमर

अमेरिकी सरकार के वैधानिक निकाय यूएस एजेंसी फार इंटरनेशनल डेवलपमेंट से प्राप्त धन का उपयोग भारत विरोधी संगठन के वित्त पोषण में भी किया गया, जिसे खुद अमेरिकी सरकार ने आतंकी संगठन घोषित किया है। पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तोएबा के मुखौटा संगठन फलाह-ए-इंसानियत फाउंडेशन (एफआईएफ) को वित्त पोषण का मामला ऐसे समय सामने आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कार्यकारी आदेश के जरिए यूएस एड को बंद करना शुरू कर दिया। एफआईएफ और लश्कर मुंबई पर 26/11 के आतंकी हमले में शामिल थे, जिसमें पाकिस्तानी आतंकियों ने छह अमेरिकी नागरिकों समेत 166 लोगों की हत्या कर दी थी। आश्चर्य की बात यह है कि आतंकी संगठनों से जुड़ी इस्लामिक धर्मार्थ संस्था को वित्त पोषण की जांच के दायरे में आने के बावजूद यूएसएड ने उसे धन जारी करना जारी रखा। अब यूएसएड पर ट्रंप के कार्यकारी आदेश की तलवार लटक रही है, लेकिन इस कारण भारत में भी कई परियोजनाएं प्रभावित हो सकती हैं।

### ट्रंप की धमकी का दिखा असर

## बिना कोई शुल्क दिए पनामा नहर से गुजरेंगे अमेरिकी सरकारी जहाज

**वाशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पनामा नहर पर कब्जे की धमकी का असर नजर आने लगा है। पनामा ने पनामा नहर से गुजरने वाले अमेरिकी सरकारी जहाजों के लिए शुल्क समाप्त करने पर सहमति जताई है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो के पनामा का दौरा करने के बाद यह बयान सामने आया है। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि अब बिना किसी शुल्क के पनामा नहर से गुजर सकते हैं। इससे अमेरिकी सरकार को हर साल लाखों डॉलर की बचत होगी।

गौरतलब है कि अमेरिका के समुद्री व्यापार का बड़ा हिस्सा पनामा नहर के जरिए होता है। डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद से ही पनामा नहर पर कब्जे की बात कर रहे हैं। ट्रंप ने आरोप लगाया कि चीन, पर्दे के पीछे से पनामा नहर का संचालन कर रहा है। ट्रंप ने शपथ ग्रहण समारोह के बाद अपने संबोधन में भी ये बात दोहराई थी। उन्होंने कहा कि पनामा नहर हमने पनामा को उपहार में दी थी, लेकिन अब इसका संचालन चीन कर रहा है। हमने इसे चीन को नहीं दिया था और अब हम इसे वापस लेंगे।

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने गत दिनों पनामा का दौरा किया था। उन्होंने पनामा के राष्ट्रपति



जोस राउल मुलिनो से कहा था कि पनामा को पनामा नहर क्षेत्र पर चीन के बढ़ते प्रभाव को कम करना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो ट्रंप प्रशासन आवश्यक कदम उठाने को तैयार होगा। नहर की मौजूदा स्थिति को स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसमें तत्काल परिवर्तन नहीं किया गया तो अमेरिका को समझौते के तहत अपने अधिकारों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने होंगे।

अमेरिकी विदेश मंत्री ने प्रशासक रिकोर्टे वास्केज के साथ नहर का दौरा भी किया था। पनामा नहर वैश्विक भू-राजनीति में अहम मानी जाती है। पूरी दुनिया का छह फीसदी समुद्री व्यापार पनामा नहर से ही होता है। अमेरिका की अर्थव्यवस्था के लिए भी पनामा नहर बेहद अहम है, क्योंकि अभी न्यूयॉर्क से सैन फ्रांसिस्को जाने वाले मालवाहक जहाजों को पनामा नहर के जरिए दूरी 8370 किलोमीटर पड़ती है, लेकिन अगर पनामा नहर की बजाए पुराने मार्ग से माल भेजा जाए तो जहाजों को पूरे दक्षिण अमेरिकी देशों का चक्कर लगाने के बाद सैन फ्रांसिस्को जाना होगा और ये दूरी 22 हजार किलोमीटर से ज्यादा होगी।

## स्पोर्ट्स

# चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान नहीं जाएंगे अंपायर नितिन मेनन और जवागल श्रीनाथ





**विशेष संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नतिन मेनन का नाम आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अंपायरों की सूची में था, लेकिन आईसीसी एलीट पैनल के भारतीय अंपायर ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान जाने से इनकार कर दिया है। इस आईसीस टूर्नामेंट की मेजबानी पाकिस्तान को सौंपी गई है। हालांकि, भारतीय टीम हाइब्रिड मॉडल के तहत दुबई में अपने सारे मुकाबले खेलने वाली है।

इस बीच एक बड़ी जानकारी सामने आई कि आईसीसी एलीट पैनल के भारतीय अंपायर नितिन मेनन ने पाकिस्तान जाने से इनकार कर दिया है। नितिन मेनन का नाम आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अंपायरों की सूची में था, लेकिन इस भारतीय अंपायर ने पाकिस्तान नहीं जाने का फैसला किया है।

साथ ही मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज और आईसीसी के अनुभवी मैच रेफरी जवागल श्रीनाथ भी चैंपियंस ट्रॉफी का हिस्सा नहीं होंगे। आपको बता दें कि नितिन मेनन को 40 टेस्ट मैच, 75 वनडे और 75 टी20 मैचों में अंपायरिंग का अनुभव है। वहीं, मैच रेफरी के तौर पर जवागल श्रीनाथ का बड़ा नाम रहा है। जवागल श्रीनाथ ने 79 टेस्ट और 272 वनडे मैचों में मैच रेफरी की भूमिका निभाई है।

# सीके नायडू ट्रॉफी क्वाटर फाइनल मैच के लिए राजस्थान टीम घोषित

**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** आरसीए एडहॉक कमेटी सदस्य धर्मवीर सिंह शेखावत के अनुसार बीसीसीआई की राष्ट्रीय अंडर 23 क्रिकेट प्रतियोगिता के आगामी 10-13 फरवरी से पुणे में महाराष्ट्र टीम के विरुद्ध खेले जाने क्वाटर फाइनल मैच के लिए राजस्थान क्रिकेट संघ ने राजस्थान टीम घोषित कर दी। अंडर 23 ट्रॉफी के लिए राजस्थान क्रिकेट संघ की ओर से घोषित टीम में करण लाम्बा (कप्तान), सुमित गोदारा, सचिन यादव, सर्वज्ञ पानेरी, युवराज सिंह खींची, आयुष अमेरिया, मुकुल चौधरी, मिनाफ शेख, मनीष आचार्य, मोहित चांगरा, अशोक शर्मा, चेतन शर्मा, दीपेंदर सिंह, राहुल चौधरी व पार्थ यादव को शामिल किया गया है। मैच के लिए राजस्थान टीम 7 फरवरी को पुणे के लिए प्रस्थान करेगी।

# भारत ने तूफानी अंदाज में जीता पहला वनडे

## इंग्लैंड को बुरी तरह धोया, सीरीज में 1-0 से बनाई बढ़त

**महानगर संवाददाता**

**नागपुर।** भारत वर्सेस इंग्लैंड तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला नागपुर में खेला गया। इसे भारतीय टीम ने तूफानी अंदाज में जीता। 249 रनों के लक्ष्य को भारत ने 40 ओवर से पहले ही हासिल कर लिया। इस मैच में 4 विकेट से जीत दर्ज करके भारत ने वनडे सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। इस मुकाबले में इंग्लैंड की टीम के कप्तान जोस बटलर ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला लिया था।

हालांकि, टीम 248 रनों पर ढेर हो गई थी। इंग्लैंड की ओर से कप्तान जोस बटलर और जैकब बेथेल ने अर्धशतक जड़े, जबकि भारत के लिए 3-3 विकेट रविंद्र जडेजा और हर्षित राणा ने चटकाए। भारत के लिए शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर और अक्षर पटेल ने अर्धशतक जड़कर टीम को जीत दिलाई। 87 रन बनाने वाले गिल प्लेयर ऑफ द मैच रहे। 96 गेंदों में 14 चौकों की मदद से 87 रनों की पारी खेलने



वाले शुभमन गिल को प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला। उन्होंने इस पारी में 90.62 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। भारतीय टीम ने पहले वनडे मैच में 4 विकेट से जीत दर्ज की। भारत ने 249 रनों के लक्ष्य को 40 ओवर से पहले ही हासिल कर लिया। श्रेयस अय्यर, शुभमन गिल और अक्षर पटेल ने अर्धशतक जड़े। गेंदबाजी में रविंद्र जडेजा और हर्षित राणा का योगदान रहा।

### शुभमन गिल शतक से चूके

शुभमन गिल शतक बनाने से चूक गए। वे 96 गेंदों में 87 रन की पारी खेलकर आउट हुए। इस पारी में उन्होंने 14 चौके जड़े। साकिब महमूद ने उनको जोस बटलर के हाथों कैच आउट कराया। भारत को इस तरह छठा झटका लगा।

# कमिंस-हेजलवुड भी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर

**विशेष संवाददाता**

**एडिलेड।** ऑस्ट्रेलिया ने आधिकारिक तौर पर घोषणा की है कि कप्तान पैट कमिंस और साथी तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड आगामी चैंपियंस ट्रॉफी और श्रीलंका के खिलाफ होने वाले दो वनडे मैचों के लिए टीम से बाहर हो गए हैं। कमिंस बाएं टखने की चोट से उबर नहीं पाए हैं, जो उन्हें भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के अंत में हुई थी जहां उन्होंने ऑस्ट्रेलिया को 3-1 से जीत दिलाई थी। दूसरी ओर हेजलवुड को अपनी पिछली चोटों साइड स्ट्रेन और पिंडली की समस्या से उबरने के बाद कूल्हे की समस्या हो गई है। राष्ट्रीय चयन पैनल के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने एक बयान में कहा कि दुर्भाग्य से पैट, जोश और मिच कुछ चोटों से जूझ रहे हैं और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए समय पर नहीं आ पाए हैं। हालांकि यह निराशाजनक है, लेकिन यह अन्य खिलाड़ियों के लिए विश्व प्रतियोगिता में ऑस्ट्रेलिया के लिए प्रदर्शन करने का एक शानदार अवसर प्रस्तुत करता है। कमिंस और हेजलवुड दोनों को खेलने के लिए फिट घोषित किए जाने से पहले व्यापक पुनर्वास की आवश्यकता होगी। इस बड़े दोहरे झटके का मतलब है कि ऑस्ट्रेलिया के पास चैंपियंस ट्रॉफी टीम में भरने के लिए चार स्थान हैं, क्योंकि मिशेल मार्श पीठ की चोट के कारण बाहर हो गए हैं और मार्कस स्टोइनिस ने आश्चर्यजनक रूप से प्रारूप से संन्यास की घोषणा की है।

**मार्कस स्टोइनिस की चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले संन्यास की घोषणा:** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस ने गुरुवार को अपने कॅरियर के अगले अध्याय पर पूरी तरह ध्यान केंद्रित करने के लिए वनडे से संन्यास की घोषणा की। स्टोइनिस को ऑस्ट्रेलिया की चैंपियंस ट्रॉफी टीम में चुना गया था। अब ऐसे में टीम चयन को लेकर नई परेशानी खड़ी हो गई, जो पहले से ही प्रमुख खिलाड़ियों की चोटों से जूझ रही है।

# यूईआई ग्लोबल एजुकेशन का राष्ट्रीय खेल और सांस्कृतिक महोत्सव शुरू

## 'ले विटेसे-2025' में देशभर के 400 से ज्यादा खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा



**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** यूईआई ग्लोबल एजुकेशन के तीन दिवसीय राष्ट्रीय खेल और सांस्कृतिक महोत्सव 'ले विटेसे 2025' की शुरुआत गुरुवार को हुई। इस आयोजन में देशभर के 9 परिसरों के 400 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। दो दिन तक विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं होंगी, जबकि तीसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस प्रतियोगिता में आगरा, लखनऊ, लुधियाना, जालंधर, नई दिल्ली, चंडीगढ़, जयपुर, पुणे और त्रिवेंद्रम से छात्र पहुंचे हैं। एमडी और सीईओ मनीष खन्ना के अनुसार इस महोत्सव का उद्देश्य खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों के जरिए छात्रों को न केवल प्रतिस्पर्धा के लिए प्रेरित करना, बल्कि विविधता में एकता की भावना को भी मजबूत करना है।

**क्रिकेट से लेकर बैडमिंटन तक 8 खेल स्पर्धाएं:** खेल प्रतियोगिताओं में क्रिकेट, एथलेटिक्स, सॉकर, वॉलीबॉल, शतरंज, टेबल टेनिस, बैडमिंटन सहित इनडोर और आउटडोर खेलों का शुभारंभ हुआ। इसके अलावा आतिथ्य उद्योग से जुड़े कुछ विशेष खेल और गतिविधियों का भी आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान होटल इंडस्ट्री के चीना शर्मा, समीर कॉल, बेंट कोर, सोनल सजवान, आनंद राठौर और जनेश्वर आदि मौजूद रहे। यूईआई ग्लोबल एजुकेशन के खेल आयोजकों ने बताया कि इस महोत्सव में छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। हमारा उद्देश्य छात्रों को खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों के जरिए संपूर्ण विकास का अवसर देना है। प्रतियोगिता में अलग-अलग राज्यों से आए छात्र आपस में खेल भावना से प्रतिस्पर्धा करेंगे।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम में डांस, सिंगिंग और गाला नाइट:** महोत्सव के तीसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें समूह नृत्य प्रतियोगिता, सिंगिंग, जैम सेशन और गाला नाइट होगी। कार्यक्रम के दौरान भारत की सांस्कृतिक विविधता को एक मंच पर प्रस्तुत किया जाएगा।

**विजेताओं को मिलेगा पुरस्कार:** प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाली टीमों और खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि और पदक देकर सम्मानित किया जाएगा। एमडी और सीईओ मनीष खन्ना ने बताया कि यह प्रतियोगिता छात्रों को खेल और सांस्कृतिक क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। यूईआई ग्लोबल एजुकेशन के एमडी और सीईओ मनीष खन्ना ने बताया कि इस तरह के आयोजन छात्रों के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं।

## संक्षिप्त समाचार

# सांडों ने हमला कर मार डाला था, अब परिजनों को मिलेंगे 33 लाख

बीकानेर डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने राज्य सरकार और पंचायत समिति को माना दोषी

महानगर संवाददाता



**बीकानेर।** शहर में 2 सांडों के हमले में एक युवक की मौत के मामले में डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने राज्य सरकार और पंचायत समिति को दोषी माना है। कोर्ट ने मृतक के परिजनों को 33 लाख 22 हजार रुपए मुआवजा देने का आदेश दिया है। गौरतलब है कि 21 मई 2018 को बीकानेर के केसरदेसर जाटान गांव का रहने वाला आसाराम सुथार घर जा रहा था। इसी दौरान 2 सांडों ने बीच सड़क पर आसाराम पर हमला कर दिया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी। इस मामले पर सुनवाई हुई थी। आशाराम सुथार की 21 मई 2018 को मौत हुई थी। वह राज मिस्त्री था। साथ ही, खेती-बाड़ी भी करता था। इससे सालाना वह 2.89 लाख रुपए तक कमा लेता था। उस पर पत्नी, तीन बच्चे और माता-पिता सहित 6 लोग आश्रित थे। कोर्ट ने कहा कि आवारा पशुओं को गौशालाओं में डालकर आमजन की सुरक्षा करना जिम्मेदारों का दायित्व था, जिसमें वे विफल रहे। इसलिए राज्य सरकार और पंचायत समिति को दोषी माना गया है। कोर्ट ने दोनों जिम्मेदार राज्य सरकार और पंचायत समिति को संयुक्त या अलग-अलग मुआवजे का भुगतान करने का आदेश दिया है।

### मासिक आय के आधार पर तय हुआ मुआवजा

कोर्ट ने आशाराम सुथार की मासिक आय 24,093 रुपए मानी। इसमें से आशाराम के खर्च के रूप में 6,023 रुपए घटाकर आश्रितों के लिए 18,070 रुपए की गणना की। इसी आधार पर कुल 33.22 लाख रुपए का मुआवजा तय किया गया। सरकार की ओर से एडवोकेट कमल नारायण पुरोहित और मृतक आशाराम सुथार के परिवार की ओर से एडवोकेट बच्छराज कोठारी व रामचन्द्र मारू ने पैरवी की।

## ड्यूटी के दौरान आरएसी कांस्टेबल की हार्ट अटैक से मौत



**चूरू (मसं.)।** जिले के सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज में तैनात आरएसी कांस्टेबल राजकुमार नैण की देर रात ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक से मौत हो गई। दूधवाखारा थाना क्षेत्र के सिरसली गांव निवासी राजकुमार रात करीब तीन बजे ड्यूटी पर थे, जब उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। सदर थाने के हैड कांस्टेबल कमांडो संजय चौधरी ने बताया कि हैड कांस्टेबल अर्जुन सिंह ने राजकुमार की तबीयत बिगड़ने की सूचना तुरंत परिवार को दी। इसके बाद उन्हें डीबी अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। संजय चौधरी ने बताया कि सरदारशहर उपचुनाव की मतगणना के बाद पॉलिटेक्निक कॉलेज में रखी गई खाली ईवीएम मशीनों की सुरक्षा के लिए आरएसी जवान राजकुमार को गार्ड के रूप में तैनात किया गया था। राजकुमार साल 2003 से आरएसी की ई कंपनी में सेवारत थे। उनके परिवार में एक बेटी और एक बेटा है। बेटी वर्तमान में बीएससी नर्सिंग कर रही है, जबकि बेटा सरकारी नौकरी की तैयारी में जुटा है। परिजनों की उपस्थिति में पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# कनपटी पर पिस्टल लगाकर गहनों से भरा बैग लेकर भागे बदमाश

महानगर संवददाता



**बहरोड़।** मांढण थाना क्षेत्र के गांव महतावास में गुरुवार सुबह 10.30 बजे बाइक सवार बदमाशों ने ज्वेलर को पिस्टल दिखाकर लूट की वारदात को अंजाम दिया। बदमाश ज्वेलर से लाखों के सोने-चांदी के जेवरात से भरा बैग लेकर फरार हो गए। थानाधिकारी रामकिशोर शर्मा ने बताया कि ज्वेलर मांढण निवासी ज्वेलर अनिल सोनी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया है। जिले में नाकाबंदी करवाई गई है। हरियाणा बॉर्डर से लगते हुए थानों में भी सूचना दी गई है। ज्वेलर अनिल सोनी ने बताया कि उसकी करीब 16 साल से गांव महतावास में ज्वेलर्स की दुकान है। वह रोजाना सोने-चांदी के जेवरात लेकर आता-जाता है। गुरुवार सुबह भी बाइक से गांव महतावास अपनी दुकान पर जा रहा था। उसके पास 10 लाख रुपए के सोने-चांदी के आभूषण, दुकान की चाबी और बहीखाता रखा एक बैग था। वह महतावास गांव के पास पहुंचा तो बाइक पर दो बदमाश आए, जिनके एक के हाथ में लट्ठ था। उन्होंने उसे रोका और कनपटी पर पिस्टल लगाकर बैग छीनकर हरियाणा की तरफ भाग गए। वहीं बहरोड-कुंड सड़क मार्ग पर गांव माचल के पास लूट की सूचना के बाद नाकाबंदी के लिए जा रही पुलिस की 112 नंबर गाड़ी की एक कार से भिड़ंत हो गई, जिससे दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। हादसे के दौरान पुलिस की गाड़ी में हैड कांस्टेबल अर्जुन लाल और आरएसी के जवान बैठे हुए थे।

## बाइक डिवाइडर से टकराई, मासूम की मौत

**पाली (मसं.)।** सोजतरोड थाना इलाके में गुरुवार को एक बाइक बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा गई। बाइक पर माता-पिता के साथ 4 साल का बच्चा भी था। हादसे में बच्चे की मौत हो गई, जबकि युवक के पैर में फ्रैक्चर हो गया। वहीं महिला को हल्की चोटें आईं है। युवक को बांगड़ हॉस्पिटल ले जाया गया। पुलिस के अनुसार सोजतरोड थाना क्षेत्र के बासनी भदावता निवासी गोपालसिंह अपनी पत्नी और 4 साल के बेटे यशवर्धन के साथ स्कूटी से जा रहा था। इस दौरान जाडन के पास ओम आश्रम के सामने उनकी बाइक असंतुलित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में तीनों नीचे गिर गए। सिर में चोट लगने से 4 साल के यशवर्धन की मौत हो गई और गोपालसिंह का पैर फ्रैक्चर हो गया। हादसे में गोपालसिंह की पत्नी को भी चोट आई है। घटना की जानकारी मिलने पर उनके परिजन बांगड़ हॉस्पिटल पहुंचे और उन्हें संभाला।

# बांध में नहाते समय मोरी में फंसने से युवक की मौत

**बूंदी (मसं.)।** जिले के मेघारावत की झोपड़ियां स्थित अभयपुरा बांध में नहाते समय मोरी में फंसने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस और सिविल डिफेंस की टीम ने रेस्क्यू अभियान चलाकर मोरी में फंसे युवक के शव को बाहर निकाला। घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना अधिकारी रमेश चंद आर्य और सिविल डिफेंस की टीम मौके पर पहुंची। थाना अधिकारी ने तत्काल नहर का पानी बंद करवाया और बचाव कार्य शुरू किया। टीम ने बांध की मोरी में तलाश अभियान चलाया और युवक के शव को बाहर निकाला। जानकारी के अनुसार बिबनवा रोड निवासी नरेश भील बिबनवा रोड पर हाली का काम करता था। वह अपने दोस्त के साथ मेघाराव की झोपड़ियां गांव में पूर्णनावती कार्यक्रम में गया था। नरेश की तीन साल पहले शादी हुई थी। घटना की खबर सुनते ही मृतक की पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। शव को जिला सामान्य चिकित्सालय ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखा गया है। अगली सुबह पोस्टमॉर्टम के बाद शव को परिजनों को सौंपा जाएगा।

## ऑपरेशन साइबर शील्ड के तहत प्रदेश में पांच बड़ी कार्रवाई, टॉप फाइव में जयपुर का तीसरा व जोधपुर का पांचवां नबर

# पुलिस ने एक महीने में ठगी से बचाई आठ करोड़ से ज्यादा की रकम

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** प्रदेश में चल रहे ऑपरेशन साइबर शील्ड के तहत राजस्थान पुलिस ने एक महीने में 8 करोड़ से ज्यादा की रकम ठगी से बचाई। वहीं प्रदेश में पांच बड़ी कार्रवाई की गई, इसमें श्रीगंगानगर में 2 हजार करोड़ रुपए की ठगी करने वाली गैंग के 8 आरोपियों को पकड़ा था। इस कार्रवाई में टॉप फाइव में जयपुर का तीसरा व जोधपुर का पांचवां नबर है। इस ऑपरेशन को लेकर गुरुवार को डीजीपी यूआर साहू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की, जिसमें उन्होंने बताया कि इस ऑपरेशन के तहत प्रदेश में 171 एफआईआर दर्ज की गई, जिनमें 543 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया गया। इनमें से 319 एफआईआर पर क्राइम करने से पहले ही एक्शन ले लिया गया। राजस्थान पुलिस ने ऑपरेशन साइबर शील्ड को आने वाले दिनों में निरंतर चलाती रहेगी। उन्होंने बताया कि श्रीगंगानगर के सदर थाने में इन्वेस्टमेंट का लालच देकर 2 हजार करोड़ रुपए से अधिक साइबर फ्रॉड करने वाली गैंग के 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। इन आरोपियों से देश के अलग-अलग शहरों में 200 करोड़ की प्रॉपर्टी, 10 लाख रुपए कैश और 85 लाख की लग्जरी कार जब्त की थी। वहीं डूंगरपुर के साबला थाना की ओर से एक करोड़ की साइबर ठगी में मामले में 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इनसे 16 मोबाइल और 22 फर्जी सिम कार्ड जब्त किए थे।

### जयपुर में फर्जी कॉल सेंटर चलाने वाली गैंग पकड़ी

**जयपुर** आयुक्तालय में पुलिस ने करधनी, कालवाड़, हरमाड़ा, करणी विहार व बिंदायका थाना के साथ मिलकर फर्जी कॉल सेंटर चलाने वाली गैंग को गिरफ्तार किया था। 30 करोड़ का साइबर फ्रॉड के लेनदेन के मामले में 6 मामले दर्ज कर 30 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। बूंदी में साइबर क्राइम पुलिस थाना की ओर से इन्वेस्टमेंट का लालच देकर ठगने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया। इसके पास से 52.79 लाख रुपए जब्त किए। वहीं जोधपुर आयुक्तालय में पुलिस थाना कुड़ी भगतासनी की ओर से 7 करोड़ रुपए का साइबर फ्रॉड करने के मामले में 4 एफआईआर दर्ज कर 15 आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

### सबसे अधिक और अच्छी कार्रवाई भरतपुर रेंज में

**ऑपरेशन** साइबर शील्ड के तहत आईजी भरतपुर रेंज राहुल प्रकाश ने सबसे अधिक और अच्छी कार्रवाई की। बड़ी संख्या में साइबर ठग, बदमाश और उनके खातों को सीज किया गया। वहीं 171 आपराधिक मामले दर्ज किए गए। 543 साइबर ठगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस दौरान राजस्थान पुलिस ने 52317 सिम कार्ड और 27292 मोबाइलों को ब्लॉक किया। इस दौरान पुलिस ने चोरी गए 5201 मोबाइलों को सीज किए। साइबर क्राइम होने के बाद पुलिस के पास पहुंचे पीड़ितों की सूचना पर पुलिस ने तत्काल एक्शन लेते हुए 8 करोड़ 87 लाख 85 हजार 617 रुपए होल्ड करवाए गए।

## बिजनेस करने के लिए उधार में ली थी चांदी, आरोपी दोस्त गिरफ्तार

# 18 लाख की चांदी का पेमेंट मांगा तो दोस्त ने मौत के घाट उतारा

महानगर संवाददाता



**उदयपुर।** शहर के प्रतापनगर थाना इलाके में सिरोही के ज्वेलर की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। आरोप है कि हत्या ज्वेलर के दोस्त ने ही की है। ज्वेलर से आरोपी दोस्त ने 18 लाख रुपए की चांदी बिजनेस के लिए ली थी और उसका पेमेंट उधार था, जिसका पेमेंट ज्वेलर मांग रहा था। पुलिस ने दावा किया है कि पेमेंट देने की बजाय उसकी जान ले ली। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, उससे पूछताछ की जा रही है। प्रताप नगर के थानाधिकारी राजेन्द्र सिंह चारण ने बताया कि शहर के नाकोड़ा नगर मेघा आवास के आगे सड़क पर सिरोही निवासी हेमंत ओसवाल का शव मिला था। वर्तमान में वह कारोबार के सिलसिले में अहमदाबाद में रहता था। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले और तकनीकी मदद ली तो हेमंत का दोस्त विक्रम सोनी का नाम सामने आया। वह नाथद्वारा का रहने वाला है। हेमंत सोना-चांदी का व्यापारी है। एसएचओ ने बताया कि आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि वह 5 साल पहले हेमंत के संपर्क में आया था। उसके बाद उसने 6 बार हेमंत से चांदी खरीदी और इसका पैसा भी चुका दिया था। उसने कुछ माह पहले हेमंत से 18 लाख रुपए की चांदी खरीदी थी। वह इसके रुपए नहीं दे पाया था।

### बार-बार मांग रहा था चांदी की बकाया रकम

**पुलिस** की पूछताछ में सामने आया कि हेमंत, विक्रम से चांदी की बकाया रकम बार-बार मांगता था। वह हेमंत रिश्तेदार की शादी में उदयपुर आया हुआ था। उसने विक्रम को फोन कर पैसों का तकादा किया। इस पर आरोपी ने हेमंत को उदयपुर के आरके सर्किल पर बुलाया। यहां विक्रम ने कहा कि पैसे नहीं है, लेकिन किसी और पार्टी से चांदी के बदले चांदी दिला देगा। इसके बाद विक्रम, हेमंत को कार में इधर-उधर घुमाता रहा। इसी तरह वह हेमंत को लेकर प्रतापनगर के नाकोड़ा नगर में ले गया। वहां सुनसान जगह देखकर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हेमंत की मौत होने के बाद उसने शव को वहीं सड़क पर फेंककर फरार हो गया।

# पिकअप ने सड़क पार कर रहे दो मासूमों को कुचला, एक की मौत



महानगर संवाददाता

**अजमेर।** निकटवर्ती ग्राम अरड़का में पिकअप ने दो मासूम को टक्कर मार दी, जिससे एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गम्भीर रूप से घायल हो गया। इस हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मार्ग पर जाम लगाकर विरोध प्रकट किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने समझाइश की।

ग्रामीणों के विरोध को देखते हुए पुलिस जाब्ता भी मौके पर तैनात किया गया। जानकारी के अनुसार अरड़का निवासी 6 साल के दीपक पुत्र नन्दराम जाट व सात साल के प्रदीप पुत्र रणजीत जाट सड़क पार कर रहे थे। इस दौरान तेज गति से आ रही पिकअप ने उन्हें टक्कर मार दी। पिकअप की टक्कर से दीपक की मौके पर ही मौत हो गई और प्रदीप घायल हो गया। घटना के बाद ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई और मौका पाकर पिकअप ड्राइवर पिकअप छोड़कर भाग गया। ग्रामीणों ने घटना को लेकर रोष जताया और मार्ग जाम कर दिया। सूचना के बाद गेगल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सीओ रामचन्द्र चौधरी भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से समझाइश की। पुष्कर व अजमेर से पुलिस जाब्ता मंगवाया गया और मौके पर तैनात किया गया। सीओ ग्रामीण रामचन्द्र चौधरी ने बताया कि ग्रामीणों में खासा रोष देखते हुए पुलिस ने काफी समझाइश का प्रयास किया।

# टोल प्लाजा पर पलटा 20 टन एलपीजी गैस से भरा टैंकर



### पुलिस ने 500 मीटर का इलाका खाली कराया, रास्ता किया डायवर्ट

महानगर संवाददाता

**फलोदी।** जिले के कोलू पाबूजी टोल प्लाजा पर गुरुवार सुबह गुजरात से बीकानेर जा रहा गैस से भरा एक टैंकर पलट गया। हादसे में घायल टैंकर ड्राइवर को अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे में टोल प्लाजा के दो केबिन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। गनीमत रही कि इस दौरान कोई जनहानि नहीं हुई। सूत्रों के अनुसार टैंकर में करीब 20 टन एलपीजी गैस भरी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, देचू एसडीएम व तहसीलदार मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान सुरक्षा को देखते हुए आने जाने वाले वाहनों को पहले ही रोक दिया। फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंची। सुरक्षा की दृष्टि से रास्ते को डायवर्ट कर दिया गया है। लोहावट थाना प्रभारी अमर सिंह ने बताया कि गुरुवार सुबह 9 बजे कोलू टोल पर गैस से भरा टैंकर पलट गया था। हादसे में ड्राइवर घायल हो गया, जिसे देचू अस्पताल में भर्ती कराया गया है। संभावना है कि ड्राइवर को नींद की झपकी आने या किसी अन्य कारण से टैंकर बेकाबू हो गया, पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। रास्ते को डायवर्ट किया गया है। 500 मीटर तक के एरिया को खाली कराया गया। गनीमत है कि गैस रिसाव नहीं हुआ। इसके बाद भी गैस टैंकर के पास किसी को नहीं जाने दिया गया। गैस जांच के लिए जोधपुर व बीकानेर में टीम को सूचना दी गई। भारत गैस टैंकर गुजरात से बीकानेर जा रहा था, जिसका वजन करीब 35 टन है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार टैंकर तेज गति में था और अचानक बेकाबू होकर पलट गया। इस दौरान टोल प्लाजा के दो केबिन भी इसकी चपेट में आ गए। हालांकि, प्रशासन ने गंभीर दुर्घटना को टालने के लिए तेजी से कार्रवाई करते हुए स्थिति को नियंत्रण में लेने का प्रयास किया।

# सीवरेज निर्माण कार्य के दौरान मिट्टी में दबने से मजदूर की मौत



महानगर संवाददाता

**बारां।** शहर में गुरुवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया, जहां सीवरेज निर्माण कार्य के दौरान एक मजदूर की मौत हो गई। अंबेडकर सर्किल पर चल रहे निर्माण कार्य में नाथद्वारा निवासी रामलाल नट दोपहर के समय गहरे गड्ढे में काम कर रहा था। हादसा तब हुआ जब रामलाल करीब 10 फीट गहरे गड्ढे से बाहर निकलने की कोशिश कर रहा था। अचानक ऊपर से मिट्टी का ढेर उस पर गिर गया, जिससे वह पूरी तरह दब गया। मौके पर मौजूद अन्य मजदूरों ने तुरंत उसे बचाने का प्रयास किया और काफी मशक्कत के बाद उसे मिट्टी से बाहर निकाला। गंभीर हालत में रामलाल को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही कोतवाली थाना प्रभारी योगेश चौहान पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया और मृतक के परिजनों को सूचित किया। परिजनों के आने के बाद शव का पोस्टमॉर्टम किया गया।

## बीटेक पास युवक नौकरी नहीं लगने के कारण था परेशान

# छोटे भाई की सरकारी नौकरी लगी तो बड़े भाई ने किया सुसाइड

महानगर संवाददाता



**चूरू।** जिले के कोतवाली थाना इलाके में छोटे भाई की सरकारी नौकरी लगने से तनाव में आए बीटेक पास युवक ने सुसाइड कर लिया। युवक रात को खाना खाकर कमरे में सोया था। गुरुवार सुबह वह मां को पंखे पर फंदे से लटका मिला। युवक के छोटे भाई का हाल ही में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर के पद पर चयन हुआ था। कोतवाली थाने के एएसआई राजेश कुमार ने बताया कि वार्ड 51 निवासी राजेंद्र ने रिपोर्ट दी कि उसका बड़ा भाई नंदकिशोर पुत्र सुभाष कानखेड़िया बीटेक पास था। वह काफी समय से सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहा था। नौकरी नहीं लगने और बेरोजगारी से परेशान होकर उसने घर के कमरे में फंदा लगा लिया। एएसआई ने बताया कि नंदकिशोर रात को खाना खाकर कमरे में सोया था। सुबह उसके कमरे की लाइट जली देखकर मां कमरे की तरफ गई। कमरे का दरवाजा खोलकर देखा और चिल्लाने लगी। इस पर छोटा भाई राजेंद्र कमरे में गया तो देखा कि नंदकिशोर पंखे के हुक पर लटका हुआ था। आसपास के लोगों को सूचना मिली तो वे उनके घर इकट्ठे हो गए। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने घटना स्थल का मुआयना किया। परिजनों की सहायता से शव को नीचे उतरवाकर डीबी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। इसके बाद पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

### छोटे भाई की नौकरी लगते ही डिप्रेशन में आ गया

**अस्पताल** में परिजनों ने बताया कि नंदकिशोर ने 2018 में भीलवाड़ा से बीटेक किया था। वह काफी दिनों से सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहा था, लेकिन बेरोजगार होने के कारण परेशान था। इसी दौरान 9 जनवरी 2025 को छोटे भाई राजेंद्र का कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर के पद पर चयन हो गया। इससे नंदकिशोर तनाव में रहने लगा। पड़ोसी गौरीशंकर ने बताया कि नौकरी नहीं लगने के कारण नंदकिशोर डिप्रेशन में आ गया था। इस कारण घर से बाहर भी नहीं निकलता था। छोटे भाई की नौकरी लगने से वह ज्यादा ही तनाव में आ गया था।

# हाईवे पर डोडा-चूरा से भरा कंटेनर पकड़ा, दो गिरफ्तार

महानगर संवाददाता

**दौसा।** जिले के मानपुर थाना क्षेत्र में जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे-21 पर सीकरी मोड़ के पास एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स जयपुर की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा से भरे एक कंटेनर को जब्त किया है। फिलहाल कार्रवाई को लेकर एजीटीएफ ने कोई जानकारी नहीं दी। सूत्रों की मानें तो कंटेनर झारखंड से जयपुर की तरफ जा रहा था। इस दौरान मुखबिर की सूचना पर हाईवे पर इस कार्रवाई को अंजाम दिया। कंटेनर चालक और खलासी को हिरासत में लिया गया है। साथ ही कंटेनर को लग्जरी कार से एस्कॉर्ट कर रहे एक अन्य युवक को भी टीम ने हिरासत में लेने की जानकारी है। कार्रवाई के दौरान मानपुर पुलिस को भी मौके पर बुलाया गया। माना जा रहा है कि लाखों रुपए का अवैध मादक पदार्थ कंटेनर में झारखंड से भरकर लाया गया था। उसे अन्य जगह सप्लाई देना था। कंटेनर में कितना अवैध मादक पदार्थ भरा हुआ है, फिलहाल पुलिस इसकी जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

**कार्रवाई** | जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों ने बीच बाजार एक-दूसरे पर किया था पथराव

# थाने के सामने दिनदहाड़े फायरिंग करने वाले चार बदमाश गिरफ्तार

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** शहर के खोह नागोरियान थाना इलाके में पुलिस थाने के सामने और बीच बाजार पथराव और फायरिंग करने मामले में चार बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने फायरिंग में प्रयोग की गई एक पिस्टल को भी सीज किया है। वहीं देर रात डीसीपी ने खोह नागोरियान थाने के एसआई भवानी सिंह को थाने से हटाकर डीसीपी ईस्ट कार्यालय में लगा दिया है। डीसीपी ईस्ट तेजस्विनी गौतम ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के आमने-सामने होने पर एक-दूसरे पर पथराव किया। इसके बाद बाहर से बदमाशी करने आए दूसरे पक्ष ने पहले पक्ष पर फायरिंग की। फायरिंग के दौरान किसी को चोट नहीं आई। पुलिस ने घटना के कुछ घंटों बाद दो बदमाशों को पकड़ा, इसके बाद रात को कई जगह दबिश देकर दो अन्य बदमाशों को गिरफ्तार किया। पुलिस की टीमें अभी-भी इस वारदात में शामिल बदमाशों की तलाश कर रही है। बदमाशों को पकड़ने के लिए विशेष टीम बनाई गई है, जो बदमाशों के सम्भावित ठिकानों पर रेड कर रही है। गिरफ्तार एक बदमाश से हथियार बरामद किया गया है। वारदात में शामिल अन्य बदमाशों की तलाश की जा रही है।

### 1100 वर्ग गज जमीन को लेकर है विवाद

थानाधिकारी ओम प्रकाश मातवा ने बताया कि खो-नागोरियान के गांव में कब्जा करने आए कुछ लोगों के खिलाफ बाबू खां के भतीजे आबिद खां ने शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें बताया कि 1100 वर्ग गज जगह में उनका परिवार रहता है, जिसमें करीब 300 वर्ग गज जगह पर परिवार ने निमार्ण करा रखा है। हाल ही में जब बाबू खां ने बाकी जगह पर निर्माण करने का प्रयास किया तो मो. इलियास का बेटा मो. इदरीस उस जगह का पंचायती पट्टा अपने पिता के नाम का लेकर आया। वह कोर्ट से जमीन पर किसी प्रकार के निर्माण नहीं होने को लेकर स्टे भी लेकर आ गया। इसके बाद थाने में मामला भी दर्ज करा दिया। जब पुलिस ने स्थानीय लोगों से पूछताछ की और मामले की सत्यता का पता किया तो सामने आया कि मो. इलियास का मामले में बताई गई जमीन से कोई लेना-देना ही नहीं है।

### एसआई व जांच अधिकारी को थाने से हटाया

**वहीं** डीसीपी ने बताया कि घटना को लेकर जांच अधिकारी व एएसआई भवानी सिंह के बारे में कुछ जानकारी मिली, इसके बाद भवानी सिंह को थाने से हटा कर उन्हें डीसीपी ईस्ट कार्यालय में लगाया गया है। इस संबंध में भी सीनियर अधिकारी से मामले की जांच कराई जा रही है। खोह नागोरियान थाना इलाके में हुई फायरिंग और पथराव के वीडियो जब सोशल मीडिया पर वायरल हुए तो पुलिस मौके पर पहुंची। बदमाश पुलिस की मौजूदगी में भी पथराव कर रहे थे, जिससे जमीन पर काबिज पक्ष और अधिक भड़क गए। बदमाश बीच बाजार में पिस्टल लोड कर लगातार हवाई फायर कर रहा था।

# कैबिनेट की बैठक में लगेगी नए इनकम टैक्स बिल पर मुहर, अगले हफ्ते संसद में पेश होगा विधेयक!

महानगर संवाददाता




**नई दिल्ली।** नए इनकम टैक्स विधेयक को शुक्रवार को होने वाली कैबिनेट की बैठक में मंजूरी मिल सकती है जिसके बाद अगले हफ्ते लोकसभा में बिल को पेश किया जा सकता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक फरवरी 2025 के बजट पेश करते हुए नए इनकम टैक्स से जुड़े बिल को संसद में पेश करने का ऐलान किया था।

बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा था कि आपराधिक कानून के संबंध में, हमारी सरकार ने भारतीय दंड संहिता की जगह भारतीय न्याय संहिता की शुरुआत की थी। अब मैं इस सदन और देश को यह बताते हुए खुशी हो रही है कि नया इनकम टैक्स विधेयक न्याय की उसी भावना को आगे ले जाएगा। नया बिल टेक्स्ट के मामले में चैप्टर और शब्दों दोनों ही में वर्तमान टैक्स कानून के लगभग आधे हिस्से के साथ स्पष्ट और प्रत्यक्ष होगा। टैक्सपेयर्स के साथ टैक्स एडमिनिस्ट्रेशन के लिए इसे समझना आसान होगा, जिससे कर निश्चितता बढ़ेगी और मुकदमेबाजी में भी कमी आएगी। वित्त मंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में हमारी सरकार ने टैक्सपेयर्स की सुविधा के लिए फेसलेस एसेसमेंट, टैक्सपेयर्स चार्टर, आयकर रिटर्न में तेजी, सेल्फ एसेसमेंट के जरिए 99 फीसदी रिटर्न और विवाद से विश्वास स्कीम को लागू किया है। इसी प्रयासों को जारी रखते हुए टैक्स डिपार्टमेंट के टैक्स डिपार्टमेंट के 'पहले भरोसा करें, बाद में जांच करें' की प्रतिबद्धता को दोहराते हैं। मैं अगले हफ्ते नए इनकम-टैक्स विधेयक पेश करने का प्रस्ताव रखती हूं।

नया इनकम टैक्स बिल कैबिनेट से मंजूरी मिलने के बाद संसद में पेश किया जाएगा। ये बिल मौजूदा इनकम टैक्स कानून 1961 की जगह लेगा। नए इनकम टैक्स कानून का मकसद टैक्स प्रक्रिया को और सरल और आसान बनाना है। 1961 के बाद पहली बार इनकम टैक्स कानून बनने वाला है। नए कानून पर सीबीडीटी की कमिटी काम भी कर रही है। हालांकि पिछले छह दशकों में कई बार इनकम टैक्स समय-समय पर संशोधन किए गए हैं। टैक्सपेयर्स के जेहन में सवाल उठ रहे हैं कि कि इनकम टैक्स बिल में क्या हो सकता है?

## क्या हो सकता है नए टैक्स बिल में ?

नए इनकम टैक्स बिल को बेहद सरल और आसान बनाया जा सकता है जिसे टैक्सपेयर्स आसानी से समझ सकें। टैक्सपेयर्स के लिए आने वाले दिनों में इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करना बेहद आसान हो सकता है। केंद्र सरकार इनकम टैक्स रिटर्न फाइलिंग नियमों को बेहद आसान और सरल करने की तैयारी में है। सरकार बढ़ते टैक्स विवादों को लेकर बेहद परेशान है और करीब 120 बिलियन डॉलर के वैल्यू के बराबर टैक्स मामले विवादों के घेरे में है। नए टैक्स कानून के जरिए इसे कम करने की तैयारी है। नए इनकम टैक्स बिल में टैक्स कानूनों के तहत फाइनेंशियल ईयर और एसेसमेंट ईयर कहने की प्रैक्टिस को बदला जाएगा और केवल टैक्स ईयर के तौर पर इसे परिभाषित किया जाएगा। इसके अलावा टैक्स रिटर्न फाइल करने के लिए एडिशनल फॉर्म्स की संख्या को घटाया जाएगा। वित्त मंत्री ने टैक्सपेयर्स को विभाग की ओर से भेजे जाने वाले नोटिस की भाषा को ऐसा बनाने को कह चुकी हैं जिसे टैक्सपेयर्स आसानी से समझ सकें और टैक्स विभाग को जवाब देने के लिए उन्हें वकील हायर नहीं करना पड़े।

## ईपीआर को उद्यमिता के विस्तार के अवसर के रूप में अपनाएं : खंडेलवाल

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री और चांदनी चौक के सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने गुरुवार को कहा कि विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (ईपीआर) को सिर्फ एक बाध्यता के रूप में देखने के बजाय एक बड़े अवसर के रूप में अपनाना चाहिए। नई दिल्ली के एक होटल में इंडियन ईपीआर एलायंस की ओर से आयोजित कार्बन मार्केट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीएमएआई) को संबोधित करते हुए सांसद खंडेलवाल ने जोर दिया कि खुदरा एवं थोक विक्रेता और व्यापारी भारत की सर्कुलर अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समावेशी विकास के विजन को आगे बढ़ाने के अनुरूप है। प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत मिशन लाइफ, स्वच्छ भारत अभियान और 2070 तक नेट जीरो लक्ष्य जैसी पहलों के माध्यम से स्थिरता (सस्टेनेबिलिटी) के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अपशिष्ट (वेस्ट) प्रबंधन, संसाधन दक्षता और जवाबदेही को सुनिश्चित करने में ईपीआर की महत्वपूर्ण भूमिका को भी रेखांकित किया। भाजपा सांसद खंडेलवाल ने कहा कि अब तक अपशिष्ट प्रबंधन मुख्य रूप से अनौपचारिक कचरा बीनने वालों और छोटे रीसाइक्लर्स पर निर्भर रहा है, लेकिन ईपीआर एक संरचित ढांचा प्रदान करता है जो व्यापारियों, निर्माताओं और नीति-निर्माताओं को आपस में जोड़ता है। उन्होंने प्लास्टिक, पैकेजिंग, ई-वेस्ट और स्क्रैप क्षेत्रों में छोटे व्यापारियों को अधिकृत कलेक्शन पार्टनर बनने का आह्वान किया ताकि वे ईपीआर अनुपालन को अपनाकर अपनी आय को स्थिर कर सकें और व्यापार का विस्तार कर सकें।

## भारत-ब्रिटेन ने हरित हाइड्रोजन मानकों को आकार देने के लिए हाथ मिलाया

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने नई दिल्ली में ब्रिटिश समकक्षों के साथ दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की, जिसमें हरित हाइड्रोजन उत्पादन और विनियमन के मानकीकरण पर ध्यान केंद्रित किया गया। ग्रीन हाइड्रोजन पर कार्यशाला का उद्देश्य भारत-ब्रिटेन सहयोग को मजबूत करना है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने गुरुवार को जारी एक बयान में बताया कि ब्रिटिश मानक संस्थान और यूके के विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय के साथ साझेदारी में आयोजित यह पहल उभरती हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था के लिए अंतरराष्ट्रीय मानकों को संरेखित करने में एक महत्वपूर्ण कदम है। मंत्रालय ने कहा कि कार्यशाला के दौरान ब्रिटिश मानक संस्थान में ऊर्जा क्षेत्र प्रमुख एबे डोरियन ने कहा कि यह एक सतत हाइड्रोजन बाजार के निर्माण में ज्ञान के आदान-प्रदान, मानकीकरण और नवाचार के महत्व का प्रमाण है। उन्होंने कहा, भारत और यूनाइटेड किंगडम की ग्रीन हाइड्रोजन में अग्रणी बनने की साझा महत्वाकांक्षा है, जो नेट जीरो भविष्य के लक्ष्य को समर्थन करता है।

### बैंक ऑफ बड़ौदा की रिपोर्ट ने बताया दावे का कारण

# आरबीआई रेपो रेट में कर सकता है 25 बीपीएस की कटौती

महानगर संवाददाता




**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) 7 फरवरी को मौद्रिक नीति घोषणा के दौरान पांच साल के अंतराल के बाद पहली बार रेपो दर में 25 आधार अंकों (बीपीएस) की कटौती का ऐलान कर सकता है। बैंक ऑफ बड़ौदा की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय बैठक फिलहाल जारी है। आरबीआई के नए गवर्नर संजय मल्होत्रा शुक्रवार को पहली बार एमपीसी के फैसले का ऐलान करेंगे। रिपोर्ट के अनुसार मुद्रास्फीति, जिस पर फोकस मौद्रिक नीति के केंद्र में है, में नरमी के संकेत दिख हैं, इसलिए केंद्रीय बैंक के पास दर कटौती का मौका है।

**रेपो रेट में मई 2020 में पिछली बार हुई थी कटौती :** रिपोर्ट में कहा गया है, सभी मैक्रो और भू-राजनीतिक कारकों को देखते हुए आरबीआई की ओर से नीतिगत ब्याज दरों खासकर रेपो रेट में 25 आधार अंकों की कटौती की गुंजाइश बनी हुई है। आरबीआई ने पिछली बार कोविड के दौरान मई 2020 में नीतिगत ब्याज दरों में कटौती की थी। तब रेपो रेट को घटाकर चार प्रतिशत कर दिया गया था। इसके बाद सात बार रेटो में इजाफा किया गया, जिससे यह बढ़कर 6.5 फीसदी पर पहुंच गया। फरवरी 2023 के बाद रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

## टमाटर, प्याज और आलू जैसी जरूरी सब्जियों की कीमतों में राहत

बैंक ऑफ बड़ौदा की रिपोर्ट के अनुसार महंगाई का दबाव कम हुआ है। मुख्य रूप से टमाटर, प्याज और आलू जैसी जरूरी सब्जियों की कीमतों में गिरावट आई है। इन वस्तुओं की बेहतर आपूर्ति ने उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) में मूल्य अस्थिरता को कम करने में योगदान दिया है। यह आरबीआई को ब्याज दरों में कटौती शुरू करने के लिए कुछ लचीलापन प्रदान करता है, हालांकि यह प्रक्रिया धीरे-धीरे होने की उम्मीद है और आगे के आर्थिक आंकड़ों पर निर्भर है। पिछली मौद्रिक नीति की बैठक के बाद से, कई वैश्विक और घरेलू कारकों ने वित्तीय बाजारों को प्रभावित किया है। यह परिसंपत्ति बाजारों में अस्थिरता बढ़ा रहा है, जिसका भारतीय रुपए पर प्रभाव पड़ा है।

## घरेलू आर्थिक विकास फिलहाल असमान

बैंक ऑफ बड़ौदा की रिपोर्ट में कहा गया है कि घरेलू तरलता में कमी देखी गई है, बैंकों को धीमी जमा वृद्धि के कारण दबाव का सामना करना पड़ रहा है। जबकि ऋण वृद्धि स्थिर हो रही है। बैंकिंग क्षेत्र में तरलता की कमी स्पष्ट हो गई है। इसके अलावा, घरेलू आर्थिक विकास असमान बना हुआ है, जिसमें प्रीमियम-मूल्य वाली वस्तुएं उपभोग प्रवृत्तियों को आगे बढ़ा रही हैं। वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही में कंपनियों के वित्तीय परिणाम बिक्री में मंदी को दर्शाते हैं, जो व्यवसायों के लिए चुनौती खड़े होने के संकेत दे रहा है। यह प्रवृत्ति विनिर्माण क्षेत्र के सकल मूल्य वर्धित में भी दिखाई देने की आशंका।

## भू-राजनीतिक तनाव के कारण वैश्विक कारोबार में अस्थिरता

रिपोर्ट में वैश्विक कारोबार में अस्थिरता के लिए बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और व्यापार नीतियों से जुड़ी चिंताओं को जिम्मेदार ठहराया गया है। विशेष रूप से अमेरिका, कनाडा, मैक्सिको और चीन जैसी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं की ओर से लगाए गए टैरिफ और काउंटर-टैरिफ की आशंका से वैश्विक बाजार पर असर पड़ा है। इन तनावों के कारण डॉलर के मजबूत होने से रुपये सहित प्रमुख वैश्विक मुद्राओं पर असर पड़ा है।

## वृद्धि दर को मदद देने के लिए ब्याज दरों में कटौती का हो सकता है ऐलान

वर्तमान आर्थिक स्थितियों को देखते हुए, रिपोर्ट में कहा गया है कि आरबीआई वित्तीय स्थिरता बनाए रखते हुए और वृद्धि दर को मदद देने आवश्यकता को संतुलित करते हुए ब्याज दरों में कटौती कर सकता है। रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि भविष्य में केंद्रीय बैंक का दृष्टिकोण सतर्क और आंकड़ों पर आधारित होगा।

## दुनिया के पावरफुल देशों की लिस्ट में अमेरिका, चीन और रूस का दबदबा, 12वें नंबर पर है भारत?




महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** अमेरिका की प्रतिष्ठित बिजनेस मैगजीन फोर्ब्स ने 2025 के सबसे पावरफुल देशों की लिस्ट जारी की है। इसमें अमेरिका पहले, चीन दूसरे और रूस तीसरे स्थान पर काबिज हैं। इस रैंकिंग को तैयार करने के लिए नेतृत्व क्षमता, आर्थिक प्रभाव, राजनीतिक शक्ति, वैश्विक गठबंधन और सैन्य ताकत जैसे कारकों को ध्यान में रखा गया है। फोर्ब्स की लिस्ट में 30.34 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी और 35.5 करोड़ की आबादी वाला अमेरिका पहले नंबर पर है। वहीं, चीन दूसरे और रूस तीसरे नंबर पर है। फोर्ब्स के मुताबिक, ब्रिटेन चौथे और जर्मनी पांचवें नंबर पर है। भारत इस लिस्ट में यूएई के बाद 12वें नंबर पर है।

भारत की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसके पास दुनिया की चौथी सबसे बड़ी सेना है। यह जनसंख्या के लिहाज से अब दुनिया का सबसे बड़ा मुल्क है। हमारी जीडीपी 3.55 ट्रिलियन डॉलर की है। यही वजह है कि भारत के टॉप 10 में न होने पर सवाल उठ रहे हैं। भारत के टॉप 10 में न होने की कुछ वजहें हो सकती हैं। जैसे कि भारत की जीडीपी अभी भी जर्मनी, ब्रिटेन और जापान जैसी विकसित अर्थव्यवस्थाओं से कम है। भारत की सैन्य ताकत मजबूत जरूर है, लेकिन वैश्विक गठबंधनों में इसकी भागीदारी अमेरिका और चीन की तुलना में कम है। भारत की कूटनीति तेजी से मजबूत हो रही है, लेकिन अमेरिका, रूस और चीन जैसी महाशक्तियों के मुकाबले यह अभी भी कुछ पीछे है।

## ईपीएफओ ने 5 करोड़ से अधिक निबटाए दावे

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने पहली बार 5 करोड़ दावों के निपटान का आंकड़ा पार करके एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। ईपीएफओ ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 2,05,932.49 करोड़ रुपए की राशि के 5.08 करोड़ से यादा दावों का निपटान किया है, जो पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में निपटाए गए 1,82,838.28 करोड़ रुपए के 4.45 करोड़ दावों से अधिक है।

केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मंडाविया ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि यह उल्लेखनीय उपलब्धि ईपीएफओ के दावा निपटान प्रक्रियाओं को बढ़ाने और सदस्यों के बीच शिकायतों को कम करने के लिए शुरू किए गए परिवर्तनकारी सुधारों की श्रृंखला के कारण संभव हुई है। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में ऑटो क्लेम सेटलमेंट दोगुना होकर 1.87 करोड़ हो गया है, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 89.52 लाख ऑटो क्लेम संसाधित किए गए थे। इसी तरह सरलीकृत ट्रांसफर क्लेम आवेदन की शुरुआत के बाद से अब केवल 8 फीसदी ट्रांसफर क्लेम के लिए सदस्य और नियोक्ता सत्यापन की आवश्यकता होती है।

श्रम मंत्री ने कहा कि सरलीकृत प्रक्रिया की शुरुआत के बाद से लगभग 97.18 फीसदी प्रोफाइल में सुधार खुद सदस्यों ने किए हैं, जिससे कार्यालय हस्तक्षेप घटकर केवल 0.4 प्रतिशत रह गया है।

## 'एयू बनो चैंपियन' टूर्नामेंट में 1100 एथलीट ने लिया भाग



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक (एयू एसएफबी) ने एयू बनो चैंपियन तीसरे राज्य स्तरीय टूर्नामेंट के दूसरे चरण का उद्घाटन उमैद स्टेडियम और गौशाला स्टेडियम, जोधपुर में किया। समारोह में हिज हाइनेस गज सिंह और एफसीआई अरावली जिप्सम एंड मिनरल्स इंडिया लिमिटेड के महाप्रबंधक राजेंद्र सिंह राठौड़, मौजूद रहे। कठिन चयन प्रक्रिया की शुरुआत पांच महीने पहले गांव स्तर की प्रतियोगिताओं से हुई थी, जिसके बाद जिला स्तरीय टूर्नामेंट आयोजित किए गए। उसके बाद राज्य स्तरीय टूर्नामेंट को दो चरणों में विभाजित किया गया। झुंझुनूं (28-29 जनवरी) और जोधपुर (5-6 फरवरी)। इस अवसर पर एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के संस्थापक, प्रबंध निदेशक और सीईओ, संजय अग्रवाल ने कहा कि झुंझुनूं में पहले चरण की सफल पूर्णता के बाद गुरुवार को जोधपुर में एयू बनो चैंपियन तीसरे राज्य स्तरीय टूर्नामेंट के दूसरे चरण का आयोजन हुआ। यह पहल युवा प्रतिभाओं को निखारने, अनुशासन को बढ़ावा देने और भविष्य के चैंपियंस को आकार देने के हमारे संकल्प का प्रमाण है। 'एयू बनो चैंपियन' की शुरुआत से अब तक यह पहल 'मैदान से मंजिल तक' के सफर में एक मार्गदर्शक रही है और 55 से अधिक राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार कर चुकी है। इस मौके पर हिज हाइनेस गज सिंह ने भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि मुझे जोधपुर के बच्चों द्वारा वुशू का प्रदर्शन देखकर बेहद प्रसन्नता हुई। यह कार्यक्रम राज्य के खेल प्रेमियों को उनके जुनून को आगे बढ़ाने और उनके सपनों को पूरा करने में मदद कर रहा है। कार्यक्रम में लड़कियों की भागीदारी देखकर लगता है कि यह न केवल उनका आत्मविश्वास बढ़ा रहा है, बल्कि उन्हें उड़ने के लिए पंख भी दे रहा है।

### स्टार्ट अप से सड़क सुरक्षा : एआई करेगी खतरों से सावधान, कम होंगी दुर्घटनाएं

# प्रोफेशनल ऑटोमोटिव्स ने की नेट्राडाइन के साथ साझेदारी

महानगर संवाददाता




**जयपुर।** अब एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) अब सड़क सुरक्षा में भी सहायक बनेगी। खासकर भारी वाहनों के संचालन में इसका उपयोग होगा। दावा किया जा रहा है कि इससे दुर्घटनाएं कम होंगी, क्योंकि एआई दुर्घटना का अंदेशा भांपकर चालक को सूचित कर देगा। इसी कड़ी में वैश्विक एआई-संचालित फ्लीट और चालक सुरक्षा समाधान प्रदाता कंपनी नेट्राडाइन ने भारत के कार-परिवहन सेगमेंट की प्रमुख कंपनी प्रोफेशनल ऑटोमोटिव्स के साथ साझेदारी (एग्रीमेंट) की घोषणा की है। प्रोफेशनल ऑटोमोटिव्स के पास 900 से अधिक ट्रक है। गुरुवार को बाइस गोदाम सोडाला स्थित एक होटल में एग्रीमेंट पर साइन किए गए।

प्रोफेशनल ऑटोमोटिव्स कंपनी अब नेट्राडाइन की विजन बेस्ड चालक और फ्लीट सुरक्षा टेक्नोलॉजी ड्राइवर आई के माध्यम से माल परिवहन को और अधिक सुरक्षित बनाएगी। इस साझेदारी का मुख्य उद्देश्य प्रोफेशनल ऑटोमोटिव्स के पूरे फ्लीट में सुरक्षा मानक और परिचालन दक्षता को बेहतर बनाना है। समय पर डिलीवरी, एंड-टू-एंड परिवहन सेवाओं और चालक कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए प्रसिद्ध, प्रोफेशनल ऑटोमोटिव्स अपने संचालन को बेहतर बनाने के लिए नवीन समाधानों को अपनाने में अग्रणी है। नेट्राडाइन की तकनीक का एकीकरण कंपनी की अपने साझेदारों को गुणवत्ता और विश्वसनीयता प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, साथ ही यह सुरक्षित सड़कों और बेहतर परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करता है।

## 'सुनिश्चित होगा कुशल वाहन-परिवहन'

नेट्राडाइन के वरिष्ठ निदेशक अमित कुमार ने बताया कि ड्राइवर आई के साथ, प्रोफेशनल ऑटोमोटिव्स एक सुरक्षा-केंद्रित और अभिनव सेवा प्रदाता के रूप में अपनी प्रतिष्ठा को मजबूत करता है, जो पूरे भारत में सुरक्षित और कुशल वाहन-परिवहन सुनिश्चित करेगा। नेट्राडाइन की एआई तकनीक को एकीकृत करने का प्रोफेशनल ऑटोमोटिव्स का निर्णय, कार-परिवहन उद्योग, के लिए एक उच्च मानक स्थापित करने में हमारी अग्रणी भूमिका को दर्शाता है।

## 'समाधान तलाश रहे, ताकि सुरक्षित रहें चालक'

प्रोफेशनल ऑटोमोटिव्स के सीईओ लावण्या अग्रवाल ने बताया कि हम लगातार अपने उत्कृष्ट परिवहन व्यवस्था के समाधानों को बेहतर बनाने के तरीकों की तलाश कर रहे हैं, ताकि हमारे चालकों की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित की जा सके। भारत की प्रमुख ऑटोमोबाइल कंपनियां जैसे मारुति सुजुकी, फोर्ड, किया, होंडा और जीप के लिए कार-परिवहन सेवा प्रदाता के रूप में हमसे अपेक्षा करते है कि हम वितरण और सुरक्षा में बेहतरीन मानकों को बनाए रखें। ड्राइवर आई की उन्नत एआई क्षमता, जिसमें वास्तविक समय पर चालक के व्यवहार की निगरानी, चालक अनुशिक्षण और डेटा-संचालित अंतर्दृष्टि शामिल हैं, हमें यह विश्वास देती हैं कि हम सेवा के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करते हुए अपने फ्लीट की क्षमता का अनुकूलन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि नेट्राडाइन का ड्राइवर-आई प्लेटफॉर्म अत्याधुनिक एआई और उन्नत विश्लेषण का उपयोग करता है, जिससे चालक के व्यवहार की संपूर्ण निगरानी और उस पर कार्रवाई योग्य अंतर्दृष्टि प्रदान की जा सके। यह तकनीक 100 प्रतिशत ड्राइविंग समय का विश्लेषण करती है और गाड़ी की अधिक गति, विचलित ड्राइविंग और चालक के थकावत जैसी महत्वपूर्ण सुरक्षा समस्याएं का समाधान करती है। यह तकनीक चालकों के फ्लीट प्रबंधकों को वास्तविक समय प्रशिक्षण उपकरण और विस्तृत प्रदर्शन रिपोर्ट प्रदान करता है, जिससे जोखिम कम करने, दक्षता बढ़ाने में मदद मिलती है और ड्राइवरों को बिना किसी रुकावट के अच्छे ड्राइविंग प्रदर्शन के लिए पुरस्कार और अवसर प्राप्त होते रहते हैं।

## प्रोफेशनल ऑटोमोटिव्स के बारे में

प्रोफेशनल ऑटोमोटिव्स प्राइवेट लि. (पीएपीएल) भारत के ऑटोमोबाइल ट्रांसपोर्ट क्षेत्र में एक प्रमुख कंपनी है और यह एक स्थापित व्यापार समूह का हिस्सा है, जिसकी स्थापना ओम प्रकाश गुप्ता ने की थी। गुप्ता ने 1988 में राजस्थान के सवाई माधोपुर से ट्रांसपोर्ट के साथ अपने उद्यम की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने ऑटोमोबाइल और केमिकल ट्रांसपोर्ट और हॉस्पिटैलिटी क्षेत्रों में अपना कारोबार बढ़ाया। पीएपीएल ने सुरक्षित, कुशल और समय पर कार परिवहन के लिए नए मानक स्थापित किए हैं, जिसके लिए उसे पिछले दो दशकों में उद्योग के दिग्गजों जैसे मारुति सुजुकी, हुंडई, होंडा, टाटा, टोयोटा से प्रदर्शन और उत्कृष्टता के लिए पहचान प्राप्त की है। ऑटोमोबाइल लॉजिस्टिक्स के अलावा, ग्रुप का मोटरसाइकिल ट्रांसपोर्ट, केमिकल ट्रांसपोर्ट और हॉस्पिटैलिटी में भी मजबूत स्थान है।

## नेट्राडाइन के बारे में

नेट्राडाइन एक वैश्विक एआई-आधारित फ्लीट और चातक सुरक्षा समाधान प्रदाता है। इसके प्रमुख उत्पाद ड्राइवर आई, वास्तविक समय पर प्रतिक्रिया और अंतर्दृष्टि प्रदान करने के लिए एआई और एज कंप्यूटिंग का लाभ उठाता है जो ड्राइवर के व्यवहार और फ्लीट की सुरक्षा में सुधार करता है। आज यह उन्नत फ्लीट सुरक्षा समाधान एक उद्योग लीडर है, जिसके ग्राहक भारत, अमेरिका, कनाडा, जर्मनी, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में हैं। इसमें सॉफ्टबैंक, रिलाएंस, एम12 (माइक्रोसॉफ्ट का वेंचर आर्म), और पॉइंट 72 वेंचर्स जैसे प्रमुख निवेशक शामिल हैं। नेट्राडाइन की स्थापना दो स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के ग्रेजुएट्स और टेक्नोलॉजिस्ट्स, अवनीश अग्रवाल और डेविड जूलियन ने की थी। नेट्राडाइन वर्तमान में ड्राइवर आई, एक बेड़े सुरक्षा और कोचिंग प्लेटफार्म का विपणन करता है। प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण सीखने और एज इंजीनियरों का उपयोग किया जाता है।

facebook YouTube twitter
देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।



# करीना-प्रियंका से लेकर पत्रलेखा तक, प्रोड्यूसर की कुर्सी पर भी है अदाकाराओं का कब्जा



**हाल** ही में नेटफ्लिक्स ने अपने इस साल के प्रोजेक्ट्स का ऐलान किया। इनमें राजकुमार राव और सान्या मल्होत्रा अभिनीत फिल्म 'टोस्टर' भी शामिल है। इस फिल्म को राजकुमार राव की पत्नी पत्रलेखा प्रोड्यूस कर रही हैं। सिनेमा की दुनिया में फिल्म निर्माण की कमान अब महिलाएं भी अपने हाथों में लेने लगी हैं। कई चर्चित अभिनेत्रियां भी बतौर निर्माता कुर्सी संभाल चुकी हैं और संभाल रही हैं।







## अनुष्का शर्मा

बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का शर्मा एक बेहतरीन एक्ट्रेस हैं और क्रिकेटर विराट कोहली की पत्नी है। उन्होंने बॉलीवुड में कई बेहतरीन और हिट फिल्में की हैं। वहीं अनुष्का शर्मा ने भी अपने भाई कर्णेश शर्मा के साथ मिलकर क्लीन स्लेट फिल्म्स प्रोडक्शन हाउस की शुरुआत की थी। इस प्रोडक्शन हाउस के अंडर कई फिल्में तैयार की जा चुकी हैं, जिसमें से ज्यादातर फिल्मों में अनुष्का ने अभिनय किया है। इन फिल्मों में 'एन एच-10', 'परी', 'फिल्लौरी', जैसी फिल्में शामिल हैं। अनुष्का के प्रोडक्शन हाउस में कई वेब सीरीज भी बनी हैं।

## करीना कपूर



कपूर खानदान की लाड़ली करीना कपूर ने फिल्म रिफ्यूजी से अभिनय की दुनिया में दस्तक दी। इसके बाद कई फिल्मों में उन्होंने अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीता है। अब वे बतौर निर्माता भी डेब्यू कर चुकी हैं। करीना कपूर खान ने फिल्म 'द बकिंघम मर्डर्स' से बतौर प्रोड्यूसर डेब्यू किया। यह फिल्म 13 सितंबर 2024 को रिलीज हुई थी। इस फिल्म को करीना कपूर खान और एकता कपूर ने मिलकर प्रोड्यूस किया था। हंसल मेहता ने इसका निर्देशन किया था।

## प्रियंका चोपड़ा



प्रियंका चोपड़ा बॉलीवुड की जानी मानी एक्ट्रेस हैं। वह बॉलीवुड के साथ-साथ हॉलीवुड फिल्मों में भी नजर आती हैं। एक्ट्रेस फिल्मों में काम करने के साथ एक प्रोडक्शन हाउस भी चलाती हैं। वह पर्पल पेबल पिक्चर्स प्रोडक्शन हाउस की मालकिन हैं। उन्होंने इसकी शुरुआत साल 2015 में की थी। अभी तक इस प्रोडक्शन हाउस के अंडर तमाम फिल्में तैयार की जा चुकी हैं। इस लिस्ट में मराठी, बंगाली, पंजाबी और भोजपुरी भाषा की फिल्में भी शामिल हैं।

## आलिया, तापसी और कृति




आलिया भट्ट ने भी साल 2021 में एटरनल सनशाइन प्रोडक्शन हाउस की शुरुआत की थी, जिसकी शुरुआत पर एक्ट्रेस काफी खुश हैं। तापसी पन्नू भी इस लिस्ट में शामिल हैं। उन्होंने भी आउटसाइडर्स फिल्म्स नामक प्रोडक्शन हाउस की शुरुआत की थी। एक्ट्रेस ने भी इस प्रोडक्शन हाउस की शुरुआत नए कलाकारों को मौका देने के लिए की थी, जिन लोगों का इंडस्ट्री में कोई भी गॉडफादर नहीं है और लंबे वक्त से स्ट्रगल कर रहे हैं। इसके अलावा कृति सेनन भी लिस्ट में हैं।

## दीपिका पादुकोण



दीपिका पादुकोण ने साल 2018 में केए एंटरटेनमेंट नाम प्रोडक्शन हाउस की शुरुआत की थी, जिसमें उन्होंने एसिड अटैक के ऊपर फिल्म छपाक तैयार की थी। इस फिल्म में दीपिका ने मुख्य किरदार अदा किया था। हालांकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर पूरी तरह से फ्लॉप रही थी।

## कंगना रणौत



बॉलीबुड अभिनेत्री कंगना रणौत बॉलीवुड की बेहतरीन एक्ट्रेस में से एक हैं। वह किसी भी पहचान की मोहताज नहीं है। एक्ट्रेस ने साल 2021 में मणिकर्णिका फिल्म्स प्रोडक्शन हाउस की शुरुआत की थी। उन्होंने इस प्रोडक्शन हाउस की शुरुआत नए कलाकारों को मौका देने के लिए की थी।



## बताया आगे का क्या है प्लान

# फिल्मों के बाद अब वेब सीरीज करेंगी जेनेलिया

**वर्ल्ड** पिकलबॉल लीग में अभिनेत्री जेनेलिया देशमुख की टीम पुणे यूनाइटेड ने हाल ही में जीत दर्ज की है। इस बारे में अभिनेत्री ने मीडिया से बात की। अभिनेत्री ने फिल्मों में अपने सफर और भारत में खेलों के प्रति बढ़ते प्यार के साथ ही वेब सीरीज में काम को लेकर अपनी योजना शेयर की। अभिनेत्री दक्षिण भारतीय फिल्मों के साथ ही हिंदी, मराठी समेत कई भाषाओं में फिल्में कर चुकी हैं। जब अभिनेत्री से पूछा गया कि क्या दर्शक उन्हें जल्द ही किसी ओटीटी सीरीज में देख पाएंगे तो उन्होंने कहा कि मुझे ओटीटी में काम करना पसंद आएगा। शॉर्ट-फॉर्मेट हो या लॉन्ग-फॉर्मेट, मेरे लिए जो मायने रखता है, वह यह है कि मैं अपने दर्शकों तक कैसे कंटेंट पहुंचा पाती हूं। मेरा व्यक्तित्व ऐसा है कि मैं किसी भी तरह का काम करने के लिए तैयार रहती हूं। काम तो काम है। मैंने साउथ की फिल्में काफी पहले शुरू कर दी थीं। मुझे साउथ की फिल्में करने पर बहुत गर्व है। उन्होंने आगे कहा कि मैंने बॉलीवुड और साउथ की फिल्में की हैं। मैं फिल्मों को एक माध्यम के रूप में पसंद करती हूं, फिर वह लॉन्ग में हो या शॉर्ट फॉर्मेट में, लेकिन मैं इसे लेकर उत्साहित हूं और लंबे समय से इंतजार कर रही हूं। भारत वैश्विक स्तर पर खेल को लेकर अपनी पहचान बना रहा है। गुकेश डोमराजू शतरंज में विश्व चैंपियन बने, भारत ने पेरिस ओलंपिक और पैरालिंपिक दोनों में अच्छा प्रदर्शन किया। अभिनेत्री से पूछा गया कि क्या वह भारत में स्पोर्ट्स इकोसिस्टम के लिए बदलाव देखती हैं? अभिनेत्री ने कहा कि मुझे खेल पसंद है और हमेशा उम्मीद और प्रार्थना करती रही हूं कि हमारे पास बेहतर खेल सुविधाएं, बुनियादी ढांचा और इसे देखने वाले अधिक लोग हों। यह एक या दो खेल तक ही सीमित था, मुझे लगता है कि आज लोग हर खेल और हर उस व्यक्ति को खुले तौर पर अपना रहे हैं, जो किसी न किसी चीज में अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। मुझे लगता है कि यह मेरे जैसे दर्शक और मेरे बच्चों के लिए बहुत अच्छा है, जो खेल में रुचि रखते हैं। जेनेलिया ने कहा कि मुझे लगता है कि आपके पास सपने देखने और कड़ी मेहनत करने का अवसर है। सपने देखना इसका एक हिस्सा है, लेकिन वहां जाकर विश्व स्तर पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जगह बनाना कुछ ऐसा है, जो भारत पिछले कई सालों से बहुत सही तरीके से कर रहा है।

# जख्मों से घायल और खून से लथपथ दिखे विक्की कौशल

## 'छावा' का दिल दहला देने वाला नया पोस्टर जारी




**विक्की** कौशल इन दिनों 'छावा' फिल्म को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म के जरिए वे रश्मिका मंदाना के साथ पहली बार साथ काम करते नजर आएंगे। फिल्म में विक्की छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका निभाएंगे, जबकि रश्मिका मंदाना येसूबाई भोसले की भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। वहीं अब विक्की कौशल ने अपना नया लुक जारी किया है, जिसे देख फैंस भी हैरान रह गए।

**नए पोस्टर ने प्रशंसकों की उत्सुकता बढ़ाई :** सिनेमाघरों में फिल्म की रिलीज से पहले अभिनेता ने फिल्म से अपना एक नया इंटेंस पोस्टर शेयर किया है। 'छावा' ने विक्की और रश्मिका के प्रशंसकों के बीच काफी चर्चा बटोरी है और इस नए पोस्टर ने उनकी उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। नए पोस्टर में विक्की का दिल दहला देने वाला लुक देखने को मिला, जिसमें अभिनेता पूरी तरह से खून से लथपथ हैं और उनकी शरीर पर अनगिनत चोटों के निशान भी हैं। वहीं, पोस्टर में विक्की को रस्सी से बांधे हुए सैकड़ों सैनिक पीछे की ओर घसीटते नजर आ रहे हैं।

**14 फरवरी को 'छावा दिवस' करार दिया:** विक्की ने पोस्टर को कैप्शन के साथ साझा किया। उन्होंने लिखा कि मिलते हैं 'छावा' दिवस पर। विक्की कौशल ने 14 फरवरी को 'छावा दिवस' करार दिया है। फिल्म का ट्रेलर पहले ही रिलीज हो चुका है, जिसने फैंस के बीच फिल्म की रिलीज को लेकर उत्सुकता को बढ़ा दिया। ट्रेलर में मराठों और मुगलों के बीच युद्ध के दृश्य दिखाए गए। वहीं, इससे पहले फिल्म का पहला गाना 'जाने तू' रिलीज हुआ।

**फिल्म के दृश्य पर विवाद:** इससे पहले फिल्म के गाने के दृश्य को लेकर ही विवाद शुरू हुआ। दरअसल, हाल ही में फिल्म एक ऐसे दृश्य के कारण विवादों में घिर गई थी, जिसमें मराठा सम्राट छत्रपति संभाजी महाराज को नाचते हुए दिखाया गया था। इस आपत्तिजनक दृश्य के कारण इतिहासकारों और विभिन्न संगठनों ने आपत्ति जताई। कई लोगों ने तो इस ऐतिहासिक ड्रामा पर प्रतिबंध लगाने की भी मांग की। हालांकि निर्माताओं ने उस दृश्य को हटाने का फैसला किया।

**फिल्म के कलाकार:** मैडॉक फिल्म्स द्वारा निर्मित फिल्म 'छावा' में अभिनेत्री रश्मिका मंदाना, अक्षय खन्ना, आशुतोष राणा, दिव्या दत्ता और नील भूपालम भी हैं। फिल्म में आशुतोष राणा सरसेनापती हंबीरराव मोहिते की भूमिका में नजर आएंगे। अक्षय खन्ना औरंगजेब का किरदार निभाएंगे, जबकि दिव्या सोयराबाई की भूमिका में नजर आएंगी। यह फिल्म 14 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# आलिया-कैटरीना, श्रद्धा और यामी के साथ नॉमिनेट होना सपना सच होने जैसा : नितांशी गोयल

**किरण** राव की फिल्म 'लापता लेडीज' में अपने किरदार 'फूल' से लोगों का दिल जीतने वाली अभिनेत्री नितांशी गोयल को आईफा में सर्वश्रेष्ठ मुख्य भूमिका (महिला) पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किया गया है। अभिनेत्री का मानना है कि आलिया भट्ट, कैटरीना कैफ, यामी गौतम और श्रद्धा कपूर जैसे नामों के साथ नॉमिनेट होना सपना सच होने जैसा है। नितांशी ने कहा कि यह नॉमिनेशन मेरी कल्पना से परे है। मैं इस सम्मान के लिए जूरी की वास्तव में आभारी हूं और ऐसे अविश्वसनीय रूप से प्रतिभाशाली अभिनेताओं के साथ लिस्ट में शामिल किए जाने पर सम्मानित महसूस कर रही हूं, जिन्हें मैं वर्षों से देखती आई हूं। अभिनेत्री ने कहा कि किसी भी चीज से ज्यादा मैं दर्शकों से मिले प्यार और प्रोत्साहन के लिए बहुत आभारी हूं। हर संदेश और हर बार जब कोई मुझे पहचानता है, यह सब मेरे लिए बहुत मायने रखता है। उन्होंने कहा कि आलिया भट्ट, कैटरीना कैफ, श्रद्धा कपूर और यामी गौतम के साथ नॉमिनेट होना पहले से ही एक सपना सच होने जैसा है और मैं इस पल के लिए यूनिवर्स के प्रति अपना आभार व्यक्त कर सकती हूं। किरण राव के निर्देशन में बनी 'लापता लेडीज' को पिछले साल ऑस्कर 2025 के लिए सर्वश्रेष्ठ विदेशी फिल्म श्रेणी में भारत की आधिकारिक प्रविष्टि के रूप में चुना गया और प्रस्तुत किया गया था। 'लापता लेडीज' दो दुल्हनों की ताकत की कहानी को बखूबी पर्दे पर उतारती है। दोनों ट्रेन में अपने परिवार से अलग हो जाती हैं, दोनों के दूल्हे अलग-अलग होते हैं। गलतफहमी और खास मैसेज के साथ फिल्म की कहानी को पर्दे पर बखूबी उतारा गया है। 'लापता लेडीज' आमिर खान प्रोडक्शंस और किंडलिंग प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी है, जिसकी पटकथा बिप्लब गोस्वामी की एक पुरस्कार विजेता कहानी पर आधारित है। पटकथा और संवाद स्नेहा देसाई ने लिखा, जबकि अतिरिक्त संवाद दिव्यनिधि शर्मा ने तैयार किया है।



# फिल्म 'मिसेज' के इवेंट पर साथ दिखे शिल्पा व राज, नेपो हसबैंड वाली टी-शर्ट ने खींचा ध्यान



**शिल्पा** शेट्टी और राज कुंद्रा को कई मौकों पर साथ देखा जाता है। बॉलीवुड में राज कुंद्रा की पहचान भी शिल्पा शेट्टी से ही जुड़ी हुई है। वह शिल्पा के पति के तौर ही पहचाने जाते हैं, जबकि वह खुद भी एक बिजनेसमैन है। हाल ही में फिल्म 'मिसेज' से जुड़े इवेंट में वे एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी के साथ पहुंचे। इस मौके पर उनकी नेपो हसबैंड वाली टी-शर्ट ने सबका ध्यान अपनी तरफ खींच लिया।

**ट्रोल्स को दिया जवाब:** राज कुंद्रा ने नेपो हसबैंड की टी-शर्ट पहनकर सोशल मीडिया ट्रोल्स को जवाब दिया। दरअसल, अक्सर सोशल मीडिया पर कहा जाता है कि राज, शिल्पा की पॉपुलैरिटी का फायदा उठाते हैं। जब राज ने नेपो हसबैंड की टी-शर्ट पहनी, तब भी सोशल मीडिया पर उन्हें कुछ यूजर्स ने ट्रोल्स किया। कुछ यूजर्स का कहना था कि ये आदमी खुद की ही बेइज्जती क्यों कर रहा है? ऐसे ही कई और कमेंट्स भी राज कुंद्रा के लिए किए गए।

**शादी को हो गए 15 साल :** राज कुंद्रा और शिल्पा शेट्टी की मैरीड लाइफ की बात की जाए तो इनकी शादी को 15 साल हो गए। 22 नवंबर 2009 को शिल्पा और राज दोनों शादी के बंधन में बंधे थे। शिल्पा से राज की दूसरी शादी है। इनके दो बच्चे हैं, एक बेटा और एक बेटी।

**एक्टिंग में किस्मत आजमा रहे हैं:** शिल्पा शेट्टी तो एक्टिंग की फिल्ड में एक्टिव हैं, अब उनके पति राज भी एक्टिंग की दुनिया में कदम रख चुके हैं। कुछ समय पहले राज ने बताया था कि वह तीन पंजाबी फिल्में कर रहे हैं, जिसमें उनके लीड रोल होंगे।

**विवादों में बने रहते हैं राज कुंद्रा:** एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा अक्सर विवादों में भी घिरे रहते हैं। साल 2024 के आखिर में उनके घर और ऑफिस पर ईडी की रेड पड़ी थी। एक मोबाइल एप्लिकेशन के जरिए पोर्नोग्राफी के सर्कुलेशन मामले में ईडी द्वारा उन पर यह रेड डाली गई थी। साल 2021 में भी उनके खिलाफ इसी मामले में केस हुआ था।



### जयपुर कलेक्टर ने अधिकारियों एवं पेट्रोलियम कंपनी के प्रतिनिधियों को दिए सतर्कता बरतने के निर्देश

# 'ज्वलनशील पदार्थों के परिवहन एवं भंडारण के निर्धारित मानदंडों की हो पालना'

**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** जयपुर कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ने जिले में ज्वलनशील पदार्थों, रसायन और गैस के परिवहन एवं भंडारण के लिए निर्धारित मानदंडों की पालना हर हाल में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्ट्रेट में गुरुवार को इस संबंध में आयोजित बैठक में गैसीय एवं रसायन परिवहन संबंधी वाहन एवं वाहन चालकों के लिए सुरक्षात्मक उपायों के संबंध में चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर सोनी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं पेट्रोलियम कंपनियों के प्रतिनिधियों को आमजन की सुरक्षा के लिए अत्यधिक सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। बैठक में भांकरोटा हादसे की पुनरावृत्ति रोकने के लिए विषय विशेषज्ञों, पेट्रोलियम कंपनियों के प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से प्राप्त सुझावों पर चर्चा की गई। इस दौरान कलेक्टर ने गैसीय एवं रसायन परिवहन संबंधी वाहन चालकों को प्रशिक्षण के लिए एक सामूहिक कार्यक्रम आयोजित करने, जयपुर स्थित सभी पेट्रोलियम एवं गैस पाइपलाइन संबंधित प्लान जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने 50 नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों को भी गैसीय एवं रसायन संबंधी आपदाओं से निपटने के लिए राष्ट्रीय एवं राज्यस्तर पर प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने, आपदा प्रबंधन के तहत समय-समय पर गैसीय एवं रसायन संबंधी आपदाओं से निपटने के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने और संबंधित विभागों को समय-समय पर मॉक ड्रिल कर तैयारी परखने के भी निर्देश दिए।

- आमजन की सुरक्षा में लापरवाही पर दी कार्रवाई की चेतावनी
- गैस, रसायन के परिवहन वाहन एवं वाहन चालकों के सुरक्षा उपायों पर हुई चर्चा



### अपडेट रखें वाहनों के समस्त दस्तावेज

**बैठक** में सभी वाहनों के पंजीयन प्रमाण पत्र, फिटनेस प्रमाण पत्र, बीमा प्रमाण पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज नियमित रूप से अपडेट रखने की व्यवस्था सुनिश्चित करने, वाहनों में अनिवार्य रूप से जीपीएस सिस्टम का उपयोग करने, वाहन चालकों से यातायात नियमों की अवहेलना ना करने संबंधित शपथ-पत्र लेकर पाबंद करवाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं पेट्रोलियम कंपनियों के प्रतिनिधियों को आपसी सहयोग एवं समन्वय स्थापित कर आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ नियमित बैठक कर निर्धारित मानदंडों की पालना कराने को कहा।

### 'मादक पदार्थ का सेवन करने वालों को नहीं ले सेवा में'

**बैठक** में जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि उपयोग में आने वाले वाहनों का रिकार्ड आवश्यक रूप से संधारण करने की व्यवस्था की जाए। वहीं वाहन चालकों का ट्रैक रिकार्ड उत्तम हो यानी धूम्रपान, मादक पदार्थ का सेवन नहीं करने वाला होना चाहिए। कलेक्टर ने एक्सीडेंटल ट्रैक रिकार्ड वाले चालकों को सेवा में पुनः नियोजित नहीं करने के साथ-साथ सभी प्रकार के सुरक्षात्मक उपायों एवं निर्धारित मानदंडों की शब्दशः पालना करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में अतिरिक्त कलेक्टर मुकेश कुमार मूंड, उपनियंत्रक नागरिक सुरक्षा अमित शर्मा सहित पेट्रोलियम कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल रहे।

### राजस्थान पुलिस ने प्रदेश में चलाया मादक पदार्थों के विरुद्ध एक माह का विशेष अभियान

# 122 इनामी सहित 1393 तस्कर गिरफ्तार, साढ़े 16 हजार किलो मादक पदार्थ जब्त

## जब्त मादक पदार्थ एवं मेडिकेटेड ड्रग की 54.64 करोड़ रुपए है कीमत

**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर प्रदेश में 3 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक विशेष अभियान चलाकर मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की गई।

महानिदेशक पुलिस राजस्थान (डीजीपी) उत्कल रंजन साहू ने बताया कि इस विशेष अभियान में पुलिस ने मादक पदार्थों के अवैध परिवहन, भंडारण, विक्रय और आपूर्ति में संलिप्त अपराधियों पर लगाम कसते हुए 1210 प्रकरण दर्ज कर 122 इनामी सहित 1393 तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनसे 54.64 करोड़ रुपए कीमत के मादक पदार्थ एवं मेडिकेटेड ड्रग जब्त की है। इस दौरान पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी से अर्जित अवैध संपत्ति की जब्ती के लिए 23 तस्करों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 68 एफ के तहत कार्रवाई की। वहीं तस्करों की निरुद्धगी के लिए एनएसए, पिट एनडीपीएस एवं राजभाषा के अंतर्गत 56 इस्तगासे दायर किए।



**यह हुई जब्ती**

डीजीपी साहू ने बताया कि अभियान में 40.42 किग्रा अफीम, 12.91 किग्रा अफीम का दूध, 2.405 किग्रा एमडी ड्रग, 3262.417 किग्रा गांजा व 180.68 किग्रा गांजे के पौधे, 2.32 किग्रा चरस, 12378.69 किग्रा डोडापोस्त व 547.401 किग्रा डोडापोस्त/अफीम के पौधे, 2.111 किग्रा ब्राउन शुगर, 4.63 किग्रा स्मैक, 73.613 किग्रा अन्य साइकोट्राफिक पदार्थ एवं 694 ग्राम हेरोइन सहित कुल 16489.52 किग्रा मादक पदार्थ तथा 4 लाख 16 हजार 279 प्रतिबंधित औषधि टैबलेट, कैप्सूल और सिरप जब्त की गईं। जब्त मादक पदार्थ एवं मेडिकेटेड ड्रग की अनुमानित कीमत करीब 54 करोड़ 64 लाख रुपए है।

साहू ने बताया कि मादक पदार्थों से संबंधित प्रकरणों में वांछित 122 इनामी अपराधियों सहित एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज प्रकरणों में धारा 173 (8) सीआरपीसी व 193 (9) बीएनएसएस में वांछित 563 अपराधियों एवं मादक पदार्थों से संबंधित प्रकरणों में स्थाई वारंटी, भगोड़े अपराधी, उद्घोषित अपराधी व गिरफ्तारी वारंट में वांछित 225 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि मादक पदार्थ के परिवहन, वितरण एवं भंडारण से जुड़े अपराधियों को शरण देने एवं फाइनेंस करने वाले 6 अपराधियों को एनडीपीएस एक्ट की धारा 27ए में गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही मादक पदार्थों की तस्करी की तैयारी करने वाले 12 अपराधियों को धारा 30 एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार किया गया। डीजीपी ने बताया कि पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी से अर्जित अवैध संपति की जब्ती के लिए एनडीपीएस एक्ट की धारा 68एफ के तहत 23 अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई की है। मादक पदार्थों में लिप्त अपराधियों को निरुद्ध करने के लिए एनएसए के अंतर्गत 1, पीट एनडीपीएस एक्ट के तहत 51 एवं राजपासा के अंतर्गत 5 इस्तगासे भी पेश किए है। इस दौरान अतिरिक्त महानिदेशक, पुलिस सीआईडी सीबी दिनेश एमएन, महानिरीक्षण पुलिस क्राइम ब्रांच प्रफुल्ल कुमार एवं पुलिस अधीक्षक एससीआरबी एवं साइबर अपराध शांतनु कुमार उपस्थित रहे।

### चमक रही हैं बूंदें मोती सी प्यारी, प्रकृति की यह चादर कितनी है प्यारी...



**जयपुर।** बदलते मौसम के साथ प्रकृति की तस्वीर बदलने लगी है। सुबह-शाम सर्दी और दिन में तेज धूप खिलने लगी है। वहीं राजस्थान यूनिवर्सिटी के स्पोर्ट्स ग्राउंड में सुबह के समय घास पर जम रहीं ओस की बूंदें मोती की तरह अपनी आभा बिखेर रही हैं। **फोटो : राजेश कुमार शर्मा**

# श्री शिवरात्रि पशु मेला 12 से

**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 12 से 20 फरवरी तक करौली जिले में श्री शिवरात्रि पशु मेला आयोजित किया जाएगा। उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार पशु मेले में पशु खरीदने के लिए आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना जरूरी है। इनमें जमाबंदी की नकल, पहचान पत्र की प्रति, क्रय किए गए पशु को कृषि कार्य अथवा दुग्ध उत्पादन में उपयोग लेने का शपथ पत्र आदि दस्तावेज हैं। इस दौरान क्रेता को क्रय किए गए पशु को एयरटेक लगवाना एवं पशु स्वास्थ्य प्रमाण पत्र भी जारी करवाना आवश्यक है। साथ ही पशु के परिवहन के लिए बड़े ट्रक (142 इंच व्हील बेस) में 6 बड़े पशुओं से अधिक नहीं होने चाहिए तथा वाहन में इन मवेशियों के पैरों के नीचे कुशन एवं साइड में बोरी अथवा टाट लटकाने होंगे, ताकि उनकी खाल नहीं छिले। पशु परिवहन के समय वाहन के साथ मवेशियों की देखभाल एवं चारा-पानी के लिए श्रमिक सहायक भी होना जरूरी है। पशुओं का लदान एवं उतार-चढ़ाव ढलान वाले रैंप पर करना होगा। 3 वर्ष से कम आयु के गौवंश को राज्य से बाहर ले जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# हीटवेव, भूकंप और चक्रवात जैसी आपदाओं से पहले अलर्ट देगा एप

**जयपुर (मसं.)।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने कॉमन अलर्टिंग प्रोटोकॉल आधारित एकीकृत अलर्ट सिस्टम शुरू किया है। यह 3ए के सिद्धांतों 'अलर्ट, अवेयरनेस, एक्शन' पर आधारित एक जीआईएस आधारित पोर्टल है। आपातकालीन अलर्ट की सूचनाएं सचेत मोबाइल एप और पोर्टल (sachet.ndma.gov.in) के जरिए प्राप्त की जा सकती हैं। हीटवेव, भूकंप और चक्रवात जैसी आपदाओं से बचने के लिए यह एप एसएमएस के जरिए समय पर चेतावनी भेजता है। समय पर अलर्ट और जानकारी मिलने पर जानमाल की हानि को रोकने में यह एप कारगर साबित होगा। यह एप एंड्राइड और आईओएस दोनों प्लेटफार्म पर मुफ्त उपलब्ध है और इसे संबंधित एप स्टोर से आसानी से डाउनलोड किया जा सकता है।

### दिल्ली में आयोजित विश्व पुस्तक मेले में पहुंचे राज्यपाल

# राष्ट्रीय पुस्तक न्यास की पुस्तकों में पाठक सरोकारों से जुड़ी गतिविधियां सराहनीय : हरिभाऊ बागडे

**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे गुरुवार को नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित विश्व पुस्तक मेले में शामिल हुए। उन्होंने वहां देशभर के प्रकाशकों की प्रदर्शित पुस्तकों के स्टॉलों का अवलोकन किया और अपनी पसंद की पुस्तकें भी खरीदीं। उन्होंने राष्ट्रीय पुस्तक न्यास द्वारा मेले में आयोजित विभिन्न गतिविधियों को देखकर सराहना की।

उन्होंने कहा कि पुस्तक पाठक सरोकारों की दृष्टि से विश्व पुस्तक मेले का आयोजन महती पहल है। मेले में पहुंचने पर राज्यपाल बागडे का राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के अध्यक्ष प्रो. मिलिंद सुधाकर मराठे और निदेशक कर्नल युवराज मलिक ने अभिनंदन किया। राज्यपाल को एनबीटी की ओर से भारतीय संविधान की मूल प्रति पर उकेरे चित्रों और उनके वर्णन संबंधित स्मृति चिह्न भी प्रदान किया गया। राज्यपाल ने पुस्तक मेले में 'भारत : गणतंत्र @75' की थीम पर आधारित मंडप, भारतीय ज्ञान परंपरा और नई शिक्षा नीति, अंतरराष्ट्रीय मंडप में फोकस देश 'रूसी संघ' के मंडप 'रूस से आई पुस्तकें' भी देखीं और भारतीय ज्ञान के आलोक में पुस्तक मेले के विस्तार के लिए एनबीटी के प्रयासों की सराहना की।

राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के निदेशक युवराज मलिक ने राज्यपाल को मेले में लेखकों से संवाद और बच्चों को पुस्तकों से जोड़ने के प्रयासों के साथ पुस्तक संस्कृति के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों और न्यास द्वारा प्रकाशित सद्य पुस्तकों के बारे में जानकारी दी। निदेशक मलिक ने राज्यपाल को राष्ट्रीय पुस्तक न्यास की पुस्तकों का सेट भी भेंट किया।




### आइफा अवॉर्ड के संबंध में पर्यटन सचिव की अध्यक्षता में तैयारी बैठक आज

**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** जयपुर एक्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर सीतापुरा में 7 से 9 मार्च तक होने वाले आइफा फेस्टिवल व अवॉर्ड समारोह का आयोजन होगा। इसमें राजस्थान पर्यटन विभाग की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा इस मंच के माध्यम से राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों की वैश्विक ब्रांडिंग के लिए पर्यटन सचिव रवि जैन पर्यटन भवन में 7 फरवरी को शाम 4 बजे संबंधित विभागों व एजेंसियों के अधिकारियों की बैठक लेंगे।

# वित्तीय वर्ष 2025-26 में सेवानिवृत्त राज्य कर्मचारियों की राज्य बीमा पॉलिसी का भुगतान अप्रेल में

**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में सेवानिवृत्त होने जा रहे राज्य कर्मचारियों की राज्य बीमा पॉलिसी 1 अप्रेल को भुगतान के लिए परिपक्व हो रही है। राज्य बीमा एवं प्रावधायी विधि विभाग द्वारा इन सभी परिपक्व पॉलिसियों का भुगतान अप्रेल, 2025 के प्रथम सप्ताह में कार्मिक के बैंक खाते में ऑनलाइन जमा होगा।

राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग के निदेशक धनलाल शेरावत ने बताया कि विभाग द्वारा संबंधित सभी बीमादारों के दावों का समय पर भुगतान करने के उद्देश्य से सेवानिवृत कार्मिकों को राज्य बीमा विभाग के जिला कार्यालयों को ऑनलाइन एसआईपीएफ पोर्टल 3.0 पर दावा पपत्र सबमिट करने के लिए निवेदन किया जा रहा है। दावा पपत्रों को भरने के लिए बीमादारों को मोबाइल पर एसएमएस भी किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 में सेवानिवृत्त होने वाले राज्य कार्मिकों से अपेक्षा है कि राज्य बीमा का भुगतान प्राप्त करने के लिए वे परिपक्वता दावा, बीमा रिकॉर्ड बुक, मूल निवास पॉलिसी बॉण्ड, पदस्थापन विवरण आदि ऑनलाइन आधारित ओटीपी के माध्यम से सबमिट करना होगा।

उल्लेखनीय है कि राजस्थान सरकार कर्मचारी बीमा नियम, 1998 के नियम 39(2) (1) में प्रावधानुसार है कि 'बीमाकृत व्यक्ति को उसकी सेवानिवृत्ति के ठीक बाद आने वाले 31 मार्च तक बीमा को जारी रखने की इच्छा व्यक्त करने का विकल्प' एसआईपीएफ पोर्टल 3.0 पर विद्यमान है।

'ऐसी स्थिति में बीमाकृत राशि विस्तारित अवधि के बोनस सहित, उसकी सेवानिवृत्ति के ठीक बाद आने वाले प्रथम अप्रेल को संदेय होगी।' कोई बीमेदार इस विकल्प को लेना चाहता है तो वह अपने संबंधित जिले के राज्य बीमा विभाग में संपर्क कर सकता है। यह विकल्प परिपक्वता की मूल तारीख के 15 दिवस पूर्व भेजा जाना अतिआवश्यक है, क्योंकि इसके बाद यह सुविधा बंद कर दी जाएगी।

**सरकारी खुशियां** | **बाबूलाल सैनी की पहचान हुई दुरुस्त, नाम परिवर्तन से कृतज्ञ हुआ जगदीश सैनी, राजू सपेरा को मिली अपार खुशी, जताया राज्य सरकार का आभार**

# राहत का दूसरा नाम... किसान रजिस्ट्री शिविर

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा अनुरूप किसान रजिस्ट्री शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जयपुर कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशानुसार उपखंड अधिकारी के नेतृत्व में गुरुवार को सांगानेर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत गोनेर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में इसी कड़ी में किसान रजिस्ट्री शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में जगदीश सैनी ने उपखंड अधिकारी को बताया कि उसकी कृषि भूमि की जमाबंदी में गत 50 सालों से नाम बाबूलाल सैनी दर्ज होने के कारण केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही किसान हितैषी योजनाओं से वंचित हूं। इस पर उपखंड अधिकारी हिम्मतसिंह ने तत्काल जगदीश सैनी का नाम शुद्धिकरण का फॉर्म भरवाकर उसके सभी महत्वपूर्ण दस्तावेजों के अनुसार उसका नाम राजस्व रिकार्ड में बाबूलाल सैनी से जगदीश सैनी दर्ज किया तो उसकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। इस व्यवस्था के तहत जगदीश सैनी को 11 अंकों की आधार से जुड़ी फार्मर आईडी भी मिल गई। उसके भू-अभिलेख में स्वतः अपडेशन होने से अब उसे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, आपदा प्रबंधन के तहत सहायता, कृषि ऋण, फसल बीमा, फसल सर्वे, स्वामित्व हस्तातंरण, किसान क्रेडिट कार्ड, न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपज की खरीद व अन्य प्रकार के ऋणों का लाभ मिल सकेगा, जिससे वह 50 वर्षों से वंचित था। उसने इस प्रकार के किसान हितैषी शिविर आयोजित करने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया।



# राजू सपेरा को अब मिलेगा सभी योजनाओं का लाभ

**राजू** सपेरा के घूमंतू जाति का होने के कारण उसके परिवार के सदस्यों का ना तो मूल निवास प्रमाण पत्र बना था, ना ही जाति प्रमाण पत्र। इस कारण उसका परिवार केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित था, परंतु इस शिविर में उसने उपखंड अधिकारी सांगानेर हिम्मत सिंह के समक्ष अपनी पीड़ा जताई की तो तत्काल उपखंड अधिकारी ने उसका आवेदन भरवाकर उसके व उसके परिजनों के मूल निवास व जाति प्रमाण पत्र बनवाए। उसे जब इन 2 महत्वपूर्ण प्रमाण पत्रों के लाभों के बारे में बताया गया तो उसकी आंखों में खुशी के आंसू छलक आए। अब उसे राज्य सरकार की मंशानुसार आवासीय भू-खंड का पट्टा मिल सकेगा, साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान बनाने के लिए अनुदान राशि सहित उसके बच्चे को छात्रवृत्ति व सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सकेगा।



स्वत्वाधिकारी महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गोपाल शर्मा द्वारा 2, सहकार मार्ग, ज्योतिनगर, लालकोठी, जयपुर-15 से प्रकाशित एवं महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, जी-848, फेज-3, रीको सीतापुरा, जयपुर से मुद्रित। संपादक: गोपाल शर्मा, संपादकीय प्रभारी: जिज्ञासु शर्मा*। फोन: 0141-2741076, 2741077 * पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार। e-mail : mahanagarmarketing@gmail.com * आर.एन.आई. 67873/97/ पोस्टल रजिस्ट्रेशन नम्बर-JaipurCity/008/2023-25